पटना, शुक्रवार
3 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

सात साल इंतजार के बाद अब बना राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड 17
अमेरिका से एफटीए पर वार्ता अंतिम चरण में 15





# आधुनिक व सुरक्षित परिवहन व्यवस्था विकसित करना प्राथमिकता : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो के मलाही पकड़ी तक मेट्रो सेवा विस्तार का किया शुभारंभ

- मलाही पकडी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया सफर
- यात्रियों के लिए पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड सेवा की शुरुआत की
- 5 स्टेशनों के बीच छह किलोमीटर में अब होगा मेट्रो का परिचालन

**जागरण संवाददाता, पटना :** राजधानी पटना में मेट्रो सेवा का विस्तार गुरुवार को एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के प्रायोरिटी कारिडोर के तहत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन कर भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक मेट्रो सेवा के विस्तार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए पटना मेट्रो प्री-पेड स्मार्ट कार्ड सेवा की भी शुरुआत की। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने प्री-पेड स्मार्ट कार्ड के माध्यम से मलाही पकड़ी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बिहार के शहरी परिवहन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है और आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि मलाही पकड़ी स्टेशन शुरू होने से पूर्वी पटना के लाखों लोगों को तेज, सुगम और सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। मेट्रो सेवा के विस्तार से सड़क यातायात का दबाव कम होगा, यात्रा का समय घटेगा तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पटना मेट्रो परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तेजी से पूरा किया जाए, ताकि राजधानी में विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसी परिवहन व्यवस्था विकसित करना है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को सुरक्षित, तेज और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिल सके।


पटना स्थित मलाही पकडी मेट्रो स्टेशन से सफर करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र यादव, नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा, विधायक संजय गुप्ता व अन्य। • सौ : पटना मेट्रो

## सरकारी अस्पतालों में 846 फार्मासिस्ट किए गए पदस्थापित

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** राज्य के सरकारी अस्पतालों में 846 फार्मासिस्ट की पदस्थापना कर दी गई है। चयन के बाद बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की थी। अब नियुक्ति हो जाने से जिला अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), रेफरल अस्पतालों तथा अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में फार्मासिस्टों की कमी दूर होगी। इससे दवा वितरण व्यवस्था, औषधि प्रबंधन तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार की अपेक्षा है। स्वास्थ्य विभाग ने पूरी पदस्थापना प्रक्रिया को पारदर्शी, मेरिट आधारित एवं संवेदनशील बनाया है।

# आंतरिक-सीमा सुरक्षा होगी मजबूत हर छोटी सूचना पर पुलिस की नजर

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** राज्य से लगने वाली भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ आंतरिक सुरक्षा को लेकर सतर्कता और निगरानी बढ़ाई जाएगी। सीमावर्ती इलाकों के साथ राज्य के सभी जिलों में हर छोटी-बड़ी सूचना और घटनाओं पर पुलिस की नजर रहेगी। इसके लिए आसूचना तंत्र (इंटेलिजेंस) और मजबूत किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से इसकी शुरुआत कर दी गई है। इसके लिए बिहार पुलिस के 1300 से अधिक पदाधिकारियों के बीच से 138 काबिल दारोगा की पदस्थापना विशेष शाखा में की गई है।

दरअसल, राज्य में करीब 729 किलोमीटर लंबी नेपाल सीमा है, जो पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत सात जिलों से होकर गुजरती है। यह खुली सीमा है, जिससे घुसपैठ के साथ अवैध व्यापार, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों, नकली मुद्रा, विदेशी सामानों की तस्करी आदि की शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं। इसके अलावा बंगाल, झारखंड एवं उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा क्षेत्र भी संवेदनशील हैं, जहां सतर्कता जरूरी है। इन सभी चुनौतियों को देखते हुए विशेष शाखा को मजबूत करने का काम चल रहा है। हाल ही में राज्य सरकार ने विशेष रूप से अइजी बार्डर के पद का भी सृजन किया है।

### प्रत्येक जिले में आइबी की टीम होगी तैनाती

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आसूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए हर जिले में आइबी के पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। आइबी की टीम स्थानीय पुलिस टीम से समन्वय कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगी। इसके साथ ही नियमित रूप से मुख्यालय को भी इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी। विशेष शाखा के स्तर से मुख्य रूप से आसूचना संकलन तंत्र को मजबूत करने, संवेदनशील सूचनाओं की रियल टाइम मानीटरिंग एवं विश्लेषण करने और सीमा प्रबंधन आदि पर फोकस करने का निर्देश दिया गया है।

## राजस्व संग्रहण व बकाया वसूली की नियमित समीक्षा

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीएमडी अजय यादव ने गुरुवार को साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के राजस्व की समीक्षा की। बैठक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। ऊर्जा सचिव ने राजस्व संग्रह में और सुधार लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व संग्रहण, बिलिंग, बकाया वसूली, स्मार्ट प्रीपेड मीटर, लंबित नए विद्युत कनेक्शन तथा उपभोक्ता सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल ने राजस्व कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक नियमित रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया।

## खुलेंगे पांच नए केंद्रीय विद्यालय सरकार जमीन उपलब्ध कराएगी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** बिहार के छात्रों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने पांच नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का फैसला किया है। इन विद्यालयों की स्थापना के लिए प्रत्येक को राज्य सरकार पांच-पांच एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध कराएगी। सरकार के इस निर्णय से राज्य के हजारों विद्यार्थियों को अपने जिले के करीब ही केंद्रीय विद्यालय में पढ़ाई का अवसर मिलेगा। नए केंद्रीय विद्यालय पूर्णिया, राजगीर (नालंदा), शेखपुरा, मधेपुरा और मधुबनी में स्थापित किए जाएंगे। भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण और अन्य औपचारिकताएं शुरू की जाएंगी। सरकार का दावा है कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम हो रहा है। यह फैसला राज्य में शिक्षा के विस्तार और बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एक नजर

#### नीतीश ने मेदांता पहुंच मंत्री रामकृपाल का हालचाल जाना

**पटना :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजधानी स्थित मेदांता अस्पताल जाकर सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे रामकृपाल यादव का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल पहुंचने पर नीतीश कुमार ने उपस्थित चिकित्सकों से भी चर्चा कर रामकृपाल के उपचार एवं स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मंत्री डा. अशोक चौधरी एवं बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ भी उपस्थित थे। (राब्यू)

#### संगठन सृजन अभियान पर कांग्रेस में उठने लगी आवाज

**पटना :** प्रदेश कांग्रेस के अभियान संगठन सृजन को लेकर पार्टी के अंदर आवाजें उठनी शुरू हो गई है। एक ओर प्रदेश नेतृत्व गुट के नेता दबी जुबान में इस अभियान को लेकर अभियान का विरोध कर रहे हैं तो दूसरी ओर पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट कई नेता आरोप लगा रहे कि अभियान की आड़ में पदों का सौदा किया जा रहा है। (राब्यू)

#### 70 डीएसपी को मिली प्रोन्नति, 14 बने एएसपी

**पटना :** बिहार पुलिस सेवा के 70 डीएसपी को कार्यकारी व्यवस्था के तहत प्रोन्नति दी गई है। इनमें आठ अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को स्टाफ आफिसर, 14 वरीय डीएसपी को एएसपी और 48 डीएसपी को वरीय डीएसपी में प्रोन्नति दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, मो. शिबली नेमानी, राजकिशोर सिंह, मुकुल कुमार रंजन, आशीष आनंद, नुरूल हक, आलोक रंजन, सोनू कुमार राय और उपेंद्र कुमार यादव को स्टाफ आफिसर में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया गया है। वहीं सुरभ सुमन रश्मि, निशीत प्रिया, संजीव कुमार, कुमार वीर धीरेन्द्र, रमेश कुमार, अजय प्रसाद, पेलस्त कुमार, भास्कर रंजन, पंकज कुमार और सुनील कुमार को एएसपी में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया गया है। (राब्यू)

# भाजपा के मजबूत गढ़ में सेंधमारी की विपक्षी चाल लड़खड़ाई हुई

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** बांकीपुर की गिनती बिहार में भाजपा के सर्वाधिक मजबूत क्षेत्रों में होती है। अब तक के चुनाव में उसे हर बार भारी मतों के अंतर से जीत मिलती रही है। जीत के साथ मतों के अंतर को बरकरार रखने के लिए भाजपा अंदरखाने तैयारी के साथ वैसे दमदार अभ्यर्थी का आकलन कर रही, जो शत प्रतिशत शहरी मतदाताओं वाली इस सीट के सामाजिक समीकरण को साधने के साथ जन-अपेक्षाओं पर भी खरा उतर सके। बेरोजगारी-महंगाई आदि के हवाले से विपक्षी खेमा भी भाजपा के इस मजबूत गढ़ में इस बार सेंध लगाने की जुगत में है, लेकिन विपक्ष की प्रारंभिक तैयारी बिखरी हुई प्रतीत हो रही। लगातार दो चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस ने यह सीट 2025 में राजद को सौंप दी थी। ये दोनों महागठबंधन के सबसे बड़े घटक हैं, लेकिन अंदरूनी खटपट के साथ। इस बीच सबसे पहले तेजप्रताप यादव ने अपने जनशक्ति जनता दल से वीणा मानवी को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। विधानसभा चुनाव की तरह इसे भी तेजप्रताप का राजनीतिक पैंतरा ही माना जा रहा है। बहरहाल इस सीट के लिए सबसे अधिक खम जन सुराज पार्टी ठोक रही है, जो पिछली बार यहां जमानत गंवा चुकी है।

**2025 का परिणाम :** भाजपा के नितिन जितने मतों के अंतर (51936) से जीते थे, मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहीं राजद की रेखा कुमारी को उससे कम ही मत मिले थे। नितिन को 98299 मत मिले थे, जबकि रेखा को 46363 मत। तीसरे स्थान पर रही जन सुराज पार्टी की वंदना कुमारी को 7717 वोट मिले थे। इनके अतिरिक्त शेष सात प्रत्याशी एक प्रतिशत वोट भी नहीं जुटा पाए थे। जन सुराज सहित उन सभी की जमानत जब्त हो गई थी।

**कम मतदान का रिकार्ड :** बांकीपुर बिहार के उन विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां मतदान अपेक्षा से काफी कम होता है। निर्वाचन आयोग के अथक प्रयास के बावजूद 2025 में यहां मात्र 41.1 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। कुल 378268 निर्वाचकों में से मात्र 155421 ने ही मतदान किया था। 1464 वोट नोटा को गए थे।

2005 तक यह सीट पटना (पश्चिमी) के नाम से जानी जाती थी। नितिन से पहले यह सीट उनके पिता नवीन किशोर के पास हुआ करती थी। 1995 से 2005 तक वे निर्बाध विजयी रहे।

**बांकीपुर उपचुनाव**

**उप-चुनाव का शेड्यूल**

- अधिसूचना की तिथि : 06 जुलाई (सोमवार)
- नामांकन की अंतिम तिथि : 13 जुलाई (सोमवार)
- नामांकन-पत्रों की जांच : 14 जुलाई (मंगलवार)
- नाम वापसी की अंतिम तिथि : 16 जुलाई (गुरुवार)
- मतदान : 30 जुलाई (गुरुवार)
- मतगणना : 3 अगस्त (सोमवार)

## निगरानी प्रणाली से पाई गई छेड़छाड़ तो रुकेगा चालान

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए सरकार निगरानी व्यवस्था को और सख्त बनाने की तैयारी में है। अब यदि अवैध खनन या परिवहन के दौरान जब्त किसी वाहन में लगे जीपीएस में छेड़छाड़ की पुष्टि होती है, तो उस वाहन का चालान अगले आदेश तक जारी नहीं किया जाएगा। इस व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने के लिए विभाग मानक कार्यप्रणाली बनाने में जुट गया है। खान एवं भू-तत्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एसओपी में प्रविधान किए जा रहे हैं कि यदि वाहन में लगे जीपीएस में छेड़छाड़ होगी तो चालान रोकने के साथ ही संबंधित वाहन मालिक पर आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। यह व्यवस्था भी की जा रही है कि यदि वाहन मालिक निगरानी प्रणाली में आई गड़बड़ी का कोई उचित कारण प्रस्तुत करता है, तो उसकी निष्पक्ष जांच भी होगी।


केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर राजगीर में दो युवकों की हत्या तथा भरत तिवारी की हत्या के संबंध में जानकारी दी। • सौ : स्वयं।

## भरत तिवारी व राजगीर हत्याकांड को लेकर चिराग ने की शाह से भेंट

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बिहार के दो चर्चित मामलों को उठाया। उन्होंने राजगीर में पासवान समाज के दो युवकों की हत्या और आरा में पुलिस कार्रवाई के दौरान भरत तिवारी की मौत के मामले की विस्तृत जानकारी दी। चिराग पासवान ने दोनों घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को जल्द न्याय मिलना चाहिए, ताकि लोगों का कानून और न्याय व्यवस्था पर भरोसा बना रहे।

# बिहार पर बढ़ा 45 सौ करोड़ का बोझ : श्रवण

**वीबी-जीरामजी योजना**

- नई योजना के क्रियान्वयन पर 40 प्रतिशत राशि अब राज्य सरकार करेगी वहन
- ग्राम पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य कराने को लेकर तीन श्रेणियों में बंटवारा

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (वीबी-जीरामजी) की ग्रामीण योजना भव्य शुभारंभ के साथ विधिवत लागू हो गई। कार्यक्रम को संबोधित करते ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अब इस योजना में श्रमिकों की मजदूरी मद में लगभग 45 सौ करोड़ रुपये बिहार को देना होगा। वहीं, केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के शेष नौ महीने के लिए 6 हजार 715 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। बकौल श्रवण कुमार, पहले रोजगार की मांग के आधार पर आवंटन मिलता था। लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने योजना की अन्य विसंगतियों एवं कमियों को लेकर भी चिंता जताई।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रथम 30 दिनों के लिए बेरोजगारी भत्ते की दर एक चौथाई और शेष वित्तीय वर्ष के लिए 0.05 प्रतिशत निर्धारित है। अकुशल कामगारों को भुगतान की गई बेरोजगारी भत्ता राशि का वहन राज्य सरकार करेगी और इसकी वसूली उत्तरदायी पदाधिकारी, अभिकरणों से 30 दिन के भीतर की जाएगी। अकुशल मजदूरों का मस्टर रोल बंद होने पर मजदूरी का भुगतान 15 दिन में नहीं होने पर बकाया राशि का 0.05 प्रतिशत प्रतिदिन के हिसाब से स्वतः क्षतिपूर्ति देय होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में केंद्र सरकार मांग आधारित फंडिंग करती थी, जबकि वीबी-जीरामजी में राज्यों की जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय और पिछड़ापन के आधार पर वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही प्रत्येक राज्य के लिए एक निश्चित बजट बनाने का प्रविधान है। अहम यह है कि वीबी-जीरामजी योजना में ग्राम पंचायतों को उनकी स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास इंडेक्स, संसाधनों के आधार पर ए, बी, सी यानी तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विकेंद्रित और स्थानीय योजनाओं को बेहतर बनाने के साथ विकसित भारत 2047 के अनुरूप काम करना है।

प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कहा कि मनरेगा की 20 वर्षों की यात्रा का पराभव हुआ। वहीं, नई योजना के शुभारंभ एवं लागू करने के दस्तावेज हस्ताक्षर करने का मुझे मौका मिला। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विभाग के मंत्री श्रवण कुमार का आभारी हूं। अब वीबी-जीरामजी के रूप में नई यात्रा की शुरुआत हुई है। आभार वीबी-जीरामजी योजना की आयुक्त अनन्या सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जल जीवन हरियाली के मिशन निदेशक सुमित कुमार, बीआरडीएस के मुख्य कार्यपालन पदाधिकारी संजय कुमार समेत दूसरे पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


अधिवेशन भवन में वीबी जीरामजी योजना का शुभारंभ करते ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार। साथ हैं विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, जीविका के सीईओ हिमांशु शर्मा एवं बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी की सीईओ अनन्या सिंह। सौ : आइपीआरडी।

## लोकसेवक अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा बनाए रखे : दीपक आनंद

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने गुरुवार को बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के सचिव दीपक आनंद ने की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लोकसेवक का यह दायित्व है कि वह अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा बनाए रखे। विभाग के सभाकक्ष में सतर्कता शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लोकसेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करने की शपथ ली। सभी ने संबंधित कानूनों, नियमों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए, जनहित को सर्वोपरि रखने तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का संकल्प लिया।

# श्रमिकों को नए सिरे से वीबी-जीरामजी में रोजगार के लिए कराना होगा निबंधन

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी- जीरामजी) योजना में रोजगार के लिए श्रमिकों को नए सिरे से निबंधन कराना होगा। बगैर निबंधन श्रमिकों को रोजगार नहीं मिलेगा। वर्तमान में निबंधित श्रमिकों की संख्या 2.57 करोड़ है। लेकिन, इसमें आधार सीडिंग 1.15 करोड़ श्रमिकों का ही है। ऐसे में 1.42 करोड़ श्रमिकों के रोजगार से वंचित होने की आशंका है। सरकार ने योजना में निबंधन अनिवार्य कर दिया है। अब मनरेगा के निबंधन से काम नहीं चलेगा। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला अकुशल व्यक्ति वीबी- जीरामजी में रोजगार के लिए पंचायत में आवेदन कर सकता है।

पंचायत से निबंधन के उपरांत ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी किया जाएगा।

**तीन वर्ष चलेगा रोजगार गारंटी कार्ड :** ग्राम पंचायतों को मजदूरी आवेदन के 15 दिनों के अंदर रोजगार गारंटी कार्ड देना होगा। कार्ड तीन वर्ष के लिए मान्य होगा। उसके उपरांत उचित सत्यापन के बाद ही नवीनीकृत किया जाएगा। कार्ड रद करने में भी मनमानी नहीं चलेगी। इसके लिए विस्तृत प्रविधान किया गया है। निबंधन के उपरांत संबंधित श्रमिक को वित्तीय वर्ष में योजना के तहत 125 दिन गारंटीकृत रोजगार सरकार प्रदान करेगी। दैनिक मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर या किसी भी परिस्थिति में कार्य किए जाने की तिथि से पक्ष के भीतर किया जाएगा। रोजगार के लिए आवेदन मौखिक या लिखित रूप से वार्ड सदस्य, ग्राम पंचायत कार्यक्रम पदाधिकारी या सरकार द्वारा प्राधिकृत डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से कर सकते हैं। साथ कार्य के लिए आवेदन व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से दाखिल किए जा सकेंगे।

**2.57** करोड़ निबंधित श्रमिकों में 1.15 करोड़ की ही आधार सीडिंग

**1.42** करोड़ श्रमिक रोजगार से हो सकते हैं वंचित

### पांच किमी के अंदर मिलेगा रोजगार

योजना में यथासंभव श्रमिक को रोजगार पांच किलो मीटर के परिधि के भीतर प्रदान किया जाएगा। यदि पांच किमी से दूर दिया जाता है तो उसके लिए अतिरिक्त परिवहन तथा आवास संबंधित व्यय की पूर्ति मजदूरी दर की दस प्रतिशत अतिरिक्त मजदूरी देकर की जाएगी।



पटना, शुक्रवार
3 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित





आइटी में खरीदारी से शेयर बाजार बढ़े 15
फिलहाल सस्ते नहीं होंगे पेट्रोल और डीजल 15


### आयातित तेल पर निर्भरता घटी

**नई दिल्ली :** एसबीआइ की एक रिपोर्ट के मुताबिक आयातित तेल पर देश की निर्भरता पिछले एक दशक में काफी कम हुई है। ● पेज 15

# गड़बड़ी करने वाले मंत्री–विधायक या अधिकारी कोई भी हों, होगी कार्रवाई

## बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस व सप्ताह के उद्घाटन समारोह में की घोषणा

**सीएम का स्पष्ट रुख**

- मुख्यमंत्री ने कहा, प्रमंडल में निगरानी कोर्ट, जिलों में थाना और अनुमंडल में होगा ओपी
- शार्टकट से अमीर बनने वालों का जेल जाना सुनिश्चित, सरकारी गवाहों को मिलेगा परिवहन भत्ता



ज्ञान भवन में समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी। ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि न्याय के साथ विकास तभी संभव है, जब योजनाओं का लाभ बिना किसी गड़बड़ी के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बिहार के लोगों का न्याय के साथ विकास व प्रदेश की समृद्धि के द्वार खोलने के लिए भ्रष्टाचार को न्यूनतम करना जरूरी है। इसके लिए अधिकारियों का हमेशा सतर्क रहना और आमजन का जागरूक होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग शार्टकट से अमीर बनने का प्रयास करेंगे, उनके लिए जेल में जगह सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री-विधायक, वरिष्ठ अधिकारी कोई भी हो जो गड़बड़ी करेगा, उस पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो सीधे कार्रवाई करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध व आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में गवाही देने के लिए आने वाले सरकारी गवाहों को परिवहन भत्ता देने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ये बातें गुरुवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर के ज्ञान भवन में बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस एवं बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर त्वरित व सीधी कार्रवाई के लिए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का बड़ा तंत्र विकसित किया जा रहा है। उन्होंने सभी नौ प्रमंडलों में विशेष निगरानी न्यायालय, हर जिले में निगरानी थाना व सभी अनुमंडलों में निगरानी ओपी यानी आउटपोस्ट स्थापित करने की घोषणा की। प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए, उन्होंने ट्रिपल टी यानी ट्रांसपेरेंसी, टेक्नोलाजी व ट्रस्ट फार्मूला पर कार्य करने का आदेश दिया। अभी तक सिर्फ पटना में एक स्पेशल निगरानी कोर्ट और थाना है।

उन्होंने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के नवीन लोगो का अनावरण किया और निगरानी ब्यूरो ने अपने कार्यों व उपलब्धियों पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की। मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री शीला कुमारी, मंत्री मो. जमा खान, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं, वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, डीएम, एसपी आदि जुड़े थे।

## एआइ से लिखे गए फर्जी फैसले जहरीली गैस जैसे : सुप्रीम कोर्ट

**सुनवाई**

माला दीक्षित ● जागरण

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एआइ से बने फर्जी फैसलों की कानूनी मिसालें देने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा है कि एआइ से बने फर्जी फैसलों को कानूनी मिसालों के तौर पर इस्तेमाल करना कानून और न्याय के क्षेत्र में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस (जहरीली गैस) के रिसाव जैसा है। यह अदृश्य व खतरनाक होता है और जब तक किसी को इसका पता चलता है, तब तक भारी तबाही मचा चुका होता है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले में अदालतों को शून्य सहिष्णुता (जीरो टालरेंस) अपनानी चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने गुरुवार को कहा कि यह न सिर्फ न्यायिक फैसले की प्रक्रिया को दूषित करता है, बल्कि असल जान (बुनियादी आधार) को भी खत्म कर देता है।

## नितिन नवीन के त्यागपत्र से रिक्त बांकीपुर सीट पर 30 को मतदान

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना :** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के त्यागपत्र से रिक्त हुई बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को मतदान होगा। चुनाव परिणाम की घोषणा तीन अगस्त को होगी। बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग ने देश में तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए उप चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। उनमें एक बांकीपुर भी है। नितिन यहां से लगातार पांच बार विधायक रहे हैं। भाजपा की कमान संभालने के बाद वे राज्यसभा चले गए हैं। उप चुनाव के लिए छह जुलाई (सोमवार) को अधिसूचना जारी होगी। उसी के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। 13 जुलाई नामांकन की अंतिम तिथि है और 16 जुलाई नाम वापसी की। अब तक एकमात्र जनशक्ति जनता दल ने प्रत्याशी की घोषणा की है।

**चुनाव का कार्यक्रम घोषित, छह जुलाई को अधिसूचना, 13 जुलाई को नामांकन और तीन अगस्त को मतगणना**














# युवाओं को रोजगार, विकास की रफ्तार



उत्तर प्रदेश
रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में देश के एक अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। योगी सरकार के निरंतर प्रयासों ने प्रदेश के युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके हुनर को सही दिशा और नए अवसर भी दिए हैं।राज्य में सरकारी नौकरियों, स्वरोजगार और उद्यमशीलता (स्टार्टअप) को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार किया गया है। 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना', 'पीएम मुद्रा योजना', 'स्किल इंडिया', 'पीएम स्वनिधि', 'स्टार्टअप इंडिया', 'ओडीओपी (ODOP) योजना' और 'सीएम फेलोशिप' जैसी दूरदर्शी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में जहां लाखों युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां मिली हैं, वहीं निजी क्षेत्र और एमएसएमई (MSME) सेक्टर में भी करोड़ों रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और आधुनिक स्किल ट्रेनिंग के चलते अब यूपी के युवाओं का पलायन रुका है और वे अपने ही राज्य में एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश के 9 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी प्रदान की गई है

योग्यता और मेरिट आधारित चयन व्यवस्था को अपनाकर लाखों युवाओं को सरकारी सेवा का अवसर मिला, जिससे रोजगार के नए आयाम स्थापित हुए

एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का निरंतर विस्तार हुआ है

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप अब तक 3.11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा चुके है

रोजगार सृजन, निवेश प्रोत्साहन एवं कौशल विकास की प्रभावी नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर वर्ष 2016-17 के 18 प्रतिशत से घटकर योगी सरकार के कार्यकाल में मात्र 2.21 प्रतिशत रह गई है



### ओडीओपी वित्त पोषण योजना
अब तक 1.5 लाख से अधिक स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों को अत्याधुनिक टूल किट्स दिए गए

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना
38 हजार से ज्यादा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ₹940.86 करोड़ से अधिक की मार्जिन मनी वितरित की जा चुकी है

### PMEGP योजना का बड़ा असर
32,936 लाभार्थियों को मिली ₹1,105.49 लाख की मार्जिन मनी, 2.63 लाख से अधिक को मिला रोजगार

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की बड़ी कामयाबी
प्रदेश के 4.20 लाख से अधिक स्थानीय कारीगर और श्रमिक हुए लाभान्वित

### यूपी के युवाओं को डिजिटल उड़ान
करीब 60 लाख से अधिक टैबलेट और स्मार्टफोन बांटे गए, 2 करोड़ युवाओं को जोड़ने का है लक्ष्य

### यूपी में पढ़ाई के साथ कमाई का बड़ा मंच
मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 1 लाख से अधिक युवा उद्योगों से जुड़े

### कौशल विकास से बदला यूपी का परिदृश्य
25.80 लाख से अधिक युवा हुए प्रशिक्षित, 10.20 लाख को मिला सीधा रोजगार

### ऋणप्रवाह अभियान की बड़ी कामयाबी
ऋणप्रवाह अभियान के तहत ₹37 हजार करोड़ से अधिक का लोन वितरित

### इंडस्ट्री 4.0 के लिए तैयार हो रहा यूपी
एआई और रोबोटिक्स जैसे भविष्य के क्षेत्रों में छात्रों को मिल रहा है विश्वस्तरीय प्रशिक्षण

### महा-निवेश का प्रस्ताव
1.10 करोड़ से अधिक युवाओं को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव में रोजगार और सेवायोजन के अवसर

### धरातल पर उतरा महा-निवेश
यूपी में ₹15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुए हकीकत, 60 लाख से अधिक युवाओं को मिला रोजगार

### मिशन रोजगार से शिक्षा जगत को मजबूती
9,191 नवनियुक्त शिक्षकों को मिली तैनाती, अशासकीय विद्यालयों में 34,074 शिक्षकों का चयन

### युवाओं को मिला सेवा का अवसर
यूपी के विभिन्न विभागों में 3.75 लाख से अधिक पदों पर संविदा भर्तियां

### शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में बड़ा सुधार
उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन और संचालन शुरू

### कर्मचारियों के हितों की रक्षा
नवीन आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत 'आउटसोर्सिंग सेवा निगम' का गठन, भर्ती में रहेगी पूरी पारदर्शिता

पटना, शुक्रवार
3 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



स्वैच्छिक होगा पीएफ में 1,800 रुपये से ज्यादा का योगदान 15
पनामा नहर पर चीन की नजर, कभी कब्जा नहीं होने देंगे: ट्रंप 18

## संपादकीय

**पाकिस्तान से शांति की निराधार आस:** पाकिस्तान के साथ वार्ता के भारतीय पैरोकारों का रवैया अपराधी और पीड़ित को एक पलड़े में रखने जैसा है। **विवेक काटजू** का आकलन।



**इतिहास के सच्चे नायकों की सुध:** कोलकाता में सुहरावर्दी एवेन्यू रोड को 'गोपाल मुखर्जी रोड' का नाम देना नायकों के सम्मान का सार्थक कदम है। **प्रणय कुमार** का दृष्टिकोण।

• पेज 10

## जागरण विशेष

अब गांवों में भी नहीं पूछना पड़ेगा किसी से रास्ता



• पेज 17

## दैनिक जागरण सप्तरंग

मनोरंजन की दुनिया का



कैसी धाकड़ है तो ले जाऊंगी कोर्ट: दीया मिर्जा

• पेज 14




आज के अंक में सुपर 15, ड्रा 6 का कूपन-प्रपत्र प्रकाशित किया गया है।

# सड़कों की चौड़ाई के अनुसार लगेगा टोल टैक्स, अब तक 50 सड़कें चिह्नित

## शहर के भीतर और 5.5 मीटर से कम चौड़ी सड़क पर नहीं लगेगा टोल टैक्स

**कवायद**

- पथ निर्माण विभाग का सड़कों के सर्वे का काम जारी
- अगर सड़क छह लेन की है तो टोल टैक्स सबसे अधिक लगेगा
- इससे कम लेन की सड़क है तो टोल की राशि होगी कम



**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना:** राज्य कैबिनेट की बैठक में बुधवार को पथ निर्माण विभाग के अधीन राज्य उच्च पथ व पुलों पर टोल टैक्स लगाने का निर्णय लिया गया था। इस सिलसिले में अब तक 50 सड़कें चिह्नित की गई हैं। सड़कों के सर्वे का काम अब भी चल रहा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सड़कों की चौड़ाई के हिसाब से टोल टैक्स तय होंगे। अगर कोई सड़क 5.5 मीटर से कम चौड़ी है तो उसपर किसी तरह का टोल टैक्स नहीं लगेगा।

**शहर के भीतर वाली सड़क पर नहीं लगेगा कोई टोल टैक्स:** पथ निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगर राज्य उच्च पथ किसी शहर के भीतर स्थित है तो उसपर किसी तरह का टोल टैक्स नहीं लगेगा। पटना को इसका फायदा यह है कि शहर के भीतर स्थित जो सड़क है वह मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड श्रेणी की है। मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड को टोल टैक्स की परिधि से अलग रखा गया है।

**सड़कों की चौड़ाई के हिसाब से लगेगा टोल:** राज्य उच्च पथ श्रेणी की सड़कों पर प्रति किमी के हिसाब से अलग-अलग वाहनों के लिए कितनी राशि टोल टैक्स में ली जाएगी यह तय है, पर यह महत्वपूर्ण है कि सड़क की चौड़ाई कितनी है। अगर सड़क छह लेन की है तो उसपर टोल टैक्स सबसे अधिक लगेगा। इससे कम लेन की सड़क है तो टोल की राशि बहुत मामलों में 60 प्रतिशत तक कम हो जाएगी।

**खनन क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों को रियायत नहीं:** अगर कोई राज्य उच्च पथ खनन वाले क्षेत्र में है तो वहां से गुजरने वाले वाहनों पर सड़क की चौड़ाई का फार्मूला टोल टैक्स को लेकर लागू नहीं होगा। उन्हें किसी तरह की रियायत नहीं होगी और उनका टोल टैक्स प्रति किमी के हिसाब से तय होगा।

### गंगा पथ और कच्ची दरगाह- विदुपुर पुल पर लगेगा टोल

पटना और आसपास के क्षेत्रों में किन-किन सड़कों और पुलों पर टोल टैक्स लगेगा, इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अब तक जेपी गंगा पथ और कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल को टोल टैक्स लिए जाने वाली सड़क और पुल की श्रेणी में शामिल किया गया है। इसकी वजह यह है कि गंगा पथ और कच्ची दरगाह बिदुपुर पुल की चौड़ाई अधिक है। पाटलि पथ और अटल पथ को टोल टैक्स से मुक्त रखा गया है। पटना से बख्तियारपुर के बीच पुराने एनएच-30 को भी टोल टैक्स की परिधि में लाने की योजना है।

# 10 साल पुराने उपभोक्ता मामले में बीज विक्रेता गिरफ्तार, भुगतान के बाद ही मिलेगी राहत

**सिवान में आयोग के आदेश की अनदेखी पर जारी हुआ था गिरफ्तारी वारंट, न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है आरोपित**

**जासं, सिवान:** जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश की अवहेलना करना पचरुखी थाना क्षेत्र के किसान बीज भंडार के संचालक श्याम सुंदर सिंह को महंगा पड़ गया। आयोग के आदेश का समय पर पालन नहीं करने पर जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर पुलिस ने उन्हें 28 जून को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को आयोग में पेशी के दौरान आरोपित के अधिवक्ता ने ब्याज सहित पूरी देय राशि का भुगतान करने का लिखित आश्वासन देते हुए उनकी रिहाई की मांग की। इस पर आयोग ने स्पष्ट किया कि जब तक पूरी राशि ब्याज सहित जमा नहीं कर दी जाती और आदेश का पूर्ण अनुपालन नहीं हो जाता, तब तक रिहाई पर विचार नहीं किया जाएगा। फिलहाल आरोपित जेल में बंद है।

आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सियाड़ी मठिया निवासी हरी पर्वत ने करीब 10 वर्ष पूर्व पचरुखी स्थित किसान बीज भंडार से 760 रुपये में हाइब्रिड धान का बीज खरीदा था। खेत की पूरी तैयारी और बुआई के बावजूद बीज का अंकुरण नहीं हुआ। पीड़ित ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य मनमोहन कुमार ने बीज भंडार को सेवा में त्रुटि का दोषी ठहराते हुए वादी को 15 हजार रुपये क्षतिपूर्ति, जुर्माना एवं मानसिक-शारीरिक कष्ट के मद में तथा दो हजार रुपये वाद व्यय के रूप में भुगतान करने का आदेश दिया था।

# प्रदेश में छाए रहेंगे बादल, छिटपुट वर्षा संग उमस का प्रभाव

**जागरण संवाददाता, पटना :** प्रदेश में जून के बाद अब जुलाई में भी दक्षिण पश्चिम मानसून का विशेष प्रभाव देखने को नहीं मिलेगा। राज्य के अधिकतर भागों में वर्षा की स्थिति सामान्य से कम रहने के साथ तापमान अधिक होने से उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। खेती-किसानी के साथ आम जन जीवन पर मौसम की दोहरी मार पड़ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, पांच से सात जुलाई के बीच मौसम में बदलाव के आसार हैं।

SHARDA UNIVERSITY
Beyond Boundaries



Excelled in CUET?
Upto 100% Scholarship & Direct Admission For
CUET RANK HOLDERS
CUET Counselling at Sharda Counselling Centre, Patna
Office No 302, 3rd Floor, Grand Plaza Fraser Road, P.S-Kotwali, Patna-800001
3rd - 10th July 2026
9205883453, 8448198394

COMPUTING SCIENCE & ENGG.
B.Tech. Computer Science & Engineering
• CSE - AI & Machine Learning
• CSE - AI & Data Science

BIO-SCIENCE & TECHNOLOGY
B.Tech. Biotechnology
B.Tech. Food Technology
• Food Safety & Quality Assurance
B.Sc./B.Sc. (Hons./Research)
• Zoology • Biotechnology • Microbiology
• Food Science & Technology
M.Tech. / M.Sc. in various Specializations

ENGINEERING & SCIENCE
B.Tech.
Electrical and Electronics Engineering (EEE)
Electronics & Communication Engineering
Electronics & Computer Engineering
• Electronics & Computer Engineering - AI & ML
Mechanical Engineering (ME)
Civil Engineering
B.Sc./B.Sc. (Hons./Research)
• Physics • Environmental Science • Biochemistry
• Chemistry • Mathematics • Electronic Science
M.Tech. / M.Sc. in various Specializations
MS - Quantum Computing

PHARMACY
B.Pharma | D.Pharma | Pharm D
M.Pharm (Pharmaceutics)

HUMANITIES
B.A. | B.A. (Hons./Research)
• English • Economics • Sociology
• Political Science • Psychology
• Geography • Jain Studies • History
M.A. in Various Specializations

BUSINESS STUDIES
B.Com. | B.Com. (Hons./Research)
B.Com. - International Acct. & Finance (with ACCA, UK)
BBA | BBA (Hons./ Research)
BBA - Finance & Accounting (with ACCA, UK)
MBA in Various Specializations

MEDIA & FILM
B.A. | B.A. (Hons./Research)
• Film Television & OTT Production
• Journalism & Mass Comm.
B.Sc. | B.Sc. (Hons./Research)
• Animation, VFX and Gaming Design
MJMC in Various Specializations

DESIGN
B.Design - Interior Design - Fashion Design
• Communication Design
M. Design in Various Specializations

LAW
B.B.A. LL.B. (Hons.) Integrated
B.A. LL.B. (Hons.) Integrated
LLM in Various Specializations

Campus: Plot No. 32, 34, Knowledge Park-III, Greater Noida (Delhi-NCR) | 0120-4570000 | www.sharda.ac.in




स्टोर्स बोरिंग रोड क्रॉसिंग • कंकड़बाग, पटना में | स्टोर काशीनाथ मोरे के पास, स्वराज पुरी रोड, इनायत कॉलोनी, गया जी में
आगरा • अहमदाबाद • अजमेर • बालासोर • बरेली • बेंगलुरु • भागलपुर • भुवनेश्वर • ब्रह्मपुर • चंडीगढ़ • छ. संभाजीनगर • कटक • दरभंगा • देहरादून • दिल्ली एनसीआर
गया जी • गुंटूर • ग्वालियर • हल्द्वानी • हिसार • हुबली • हैदराबाद • इंदौर • जयपुर • जलंधर • जम्मू • जोधपुर • कानपुर • कोल्हापुर • कोलकाता • लखनऊ • लुधियाना
मंगलुरु • मुंबई • नागपुर • नासिक • पटना • प्रयागराज • पुणे • राजमंद्री • रांची • सिलीगुड़ी • सूरत • उदयपुर • विजयवाड़ा • विशाखापट्टनम

# गया कालेज में महिला प्रोफेसर से दुर्व्यवहार पर जमकर बवाल

## दोनों पक्षों की शिकायत पर रामपुर थाने में केस, पुलिस ने शुरू की जांच

**मामले में कार्रवाई**

जागरण संवाददाता, गयाजी: गया कालेज में महिला प्रोफेसर के साथ दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मगध विश्वविद्यालय के अंगीभूत गया कालेज की संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. संगीता आर्या ने बुधवार को रामपुर थाना में विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. शिवजी पांडेय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत की गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने कालेज और विश्वविद्यालय में हलचल मचा दी है, और उच्चस्तरीय जांच समिति मामले की पड़ताल कर रही है।

डा. संगीता आर्या ने कुलसचिव को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि डा. शिवजी पांडेय लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक जुलाई को सुबह करीब साढ़े 11 बजे उपस्थिति दर्ज कराने के दौरान उनके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया, साथ ही हाथापाई का प्रयास भी किया गया। अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित शिक्षक और कालेज प्रशासन की होगी। उन्होंने सुरक्षित कार्य वातावरण की मांग की और दोषी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की भी मांग की है। उन्होंने घटना का वीडियो साक्ष्य होने का दावा किया है।

**दोनों पक्षों के आवेदन पर दर्ज हुई प्राथमिकी**: रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि महिला प्राध्यापक की शिकायत के साथ-साथ दूसरे पक्ष से भी आवेदन मिला है। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। जांच अधिकारी ने कालेज पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है और संबंधित लोगों के बयान लिए जा रहे हैं। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अभाविप ने उठाए सुरक्षा पर सवाल** इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी सक्रिय हो गई है। परिषद की प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा कि यदि महाविद्यालय परिसर में महिला शिक्षिकाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो छात्राओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। परिषद ने निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच, दोषी पर कानूनी और विभागीय कार्रवाई तथा शिकायतों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

गया कालेज के प्राचार्य प्रो. (डा.) सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि महिला प्राध्यापक के साथ हुई घटना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। कालेज प्रशासन ने अपने स्तर से जांच पूरी कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेज दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी।

### विश्वविद्यालय भी हरकत में, उच्चस्तरीय जांच शुरू

कालेज प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। प्राचार्य प्रो. (डा.) सतीश सिंह चंद्र ने बताया कि दोनों शिक्षकों के बीच पहले से विवाद की स्थिति थी। महिला प्राध्यापक की शिकायत पर कालेज स्तर पर पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी, जिसमें महिला सदस्य भी शामिल थीं। समिति ने अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेज दी है। कालेज के अनुरोध पर मगध विश्वविद्यालय ने भी उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की है। समिति ने बुधवार को कालेज पहुंचकर प्रारंभिक जांच की और गुरुवार को दोनों पक्षों से जानकारी लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की, जिसे विश्वविद्यालय के माध्यम से आगे भेजा जा रहा है।

# अब महीने में दो बार होगी शिक्षा समिति की बैठक

जागरण संवाददाता, गयाजी: जिले के प्रारंभिक विद्यालयों के बेहतर संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालयों की विधि-व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी रखने के उद्देश्य से गठित विद्यालय शिक्षा समिति की बैठकों को अब और नियमित बनाया जाएगा। शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि अब प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक महीने में दो बार अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। अब तक विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह एक बार आयोजित की जाती थी, जिसमें विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होती थी। लेकिन नई व्यवस्था के तहत यह बैठक प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार और तृतीय बुधवार को आयोजित की जाएगी। विभाग का मानना है कि बैठकों की संख्या बढ़ने से विद्यालयों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा और शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित समीक्षा भी बेहतर ढंग से हो पाएगी।

जानकारी के अनुसार विद्यालय शिक्षा समिति में 17 सदस्य होते हैं, जिनमें पदेन सदस्य, अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य सदस्य शामिल रहते हैं। समिति की जिम्मेदारी विद्यालय में नामांकन, बच्चों की नियमित उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा शिक्षण कार्य की निगरानी करना है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि समिति की बैठकों में विद्यालय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की जाए। ड्रापआउट बच्चों की पहचान, शौचालय, पेयजल, बिजली जैसी सुविधाओं की स्थिति, बच्चों की सीखने की प्रगति तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।




**समाचार सार**

### ज्ञान भारती रेसिडेंशियल में जागरूकता कार्यक्रम



ज्ञान भारती के मंच पर उपस्थित चिकित्सक व अन्य •फोटो सौ. संस्थान

जासं, गयाजी: ज्ञान भारती रेसिडेंशियल काम्प्लेक्स, बोधगया में डाक्टर्स डे के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित जीवनशैली एवं रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में डा. प्रियंका कुमारी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, मगध मेडिकल कालेज) और डा. अभिषेक कुमार (जनरल फिजिशियन, बोधगया) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने स्वागत भाषण से किया, जिसमें उन्होंने चिकित्सकों के समाज के प्रति योगदान की सराहना की। तत्पश्चात, प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्या ज्योति सिंह ने चिकित्सकों को स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डा. प्रियंका कुमारी ने किशोरावस्था में शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, और व्यक्तिगत स्वच्छता पर जानकारी दी।

### ज्ञान भारती में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



विद्यालय के मंच पर उपस्थित अतिथि और छात्र-छात्राएं • सौजन्य संस्थान

जासं, गयाजी: ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाध्यापिका मधु प्रिया एवं जीडी पब्लिक के प्रधानाध्यापक धर्मशाही के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में गया के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. मृत्युंजय कुमार सिंह और डा. नीरज कुमार ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय की बीमारियों, उनके कारण, बचाव के उपाय, संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वस्थ दिनचर्या और मोबाइल फोन के सीमित उपयोग के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रधानाध्यापिका मधु प्रिया ने कहा कि विद्यार्थियों का उत्तम स्वास्थ्य उनकी सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम और मोबाइल फोन के सीमित उपयोग का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वस्थ, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

### नीमा वुमेंस फोरम ने प्रसिद्ध सर्जन का किया सम्मान




नीमा वुमेंस फोरम की ओर से डा. जगदेव को सम्मानित करते चिकित्सक •सौ. संस्थान

जासं, गयाजी: शहर के जाने-माने सर्जन डा. जगदेव को नीमा वुमेंस फोरम की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें बुके, शाल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके चिकित्सा क्षेत्र में योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डा. जगदेव ने अपने लंबे चिकित्सा अनुभव और सेवा भावना से न केवल हजारों मरीजों का सफल इलाज किया है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, समर्पण और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता उन्हें अन्य चिकित्सकों से अलग पहचान दिलाती है।

# करियर गाइडेंस से छात्रों को मिली नई दिशा, हुए सम्मानित



कार्यक्रम मे उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राएं और शिक्षक •जागरण

संवाद सूत्र, जागरण• रोहतास: प्लस टू उच्च विद्यालय, रोहतास में गुरुवार को बिहार शिक्षा परियोजना एवं समग्र शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 10वीं व 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि एवं करियर परामर्शदाता रवि कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करें। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन के अभाव में कई छात्र करियर चयन में भ्रमित हो जाते हैं, ऐसे कार्यक्रम उन्हें सही दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की रुचि को समझकर सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2026 की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, डायरी, पुस्तक और कलम देकर सम्मानित किया गया।

## तबीयत अचानक बिगड़ने पर शिक्षिका की हुई मौत विद्यालय में शोकसभा

संवाद सूत्र, जागरण• मोहनपुर (गया): मोहनपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नूतनबिगहा में कार्यरत शिक्षिका एकता कुमारी के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि एक जुलाई को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया।

एकता कुमारी ने 28 फरवरी 2007 को विद्यालय में योगदान दिया था। विद्यालय में उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सहायक शिक्षक रंजय कांत ने बताया कि वह अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गई हैं।

# एसएसबी की अंतरवाहिनी आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाद सूत्र,जागरण• बोधगया: बोधगया स्थित 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), गया परिसर में गुरुवार को अंतरवाहिनी आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एसएसबी, गया के अधीन 16वीं, 26वीं, 29वीं, 32वीं एवं 35वीं वाहिनी के कुल 30 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी ताकत और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय देते हुए रोमांचक मुकाबले खेले। फाइनल मुकाबलों में 60 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में 35वीं वाहिनी, चतरा (झारखंड) के आरक्षी (सामान्य) आर्यन सिंह, 70 से 80 किलोग्राम भार वर्ग में 26वीं वाहिनी, रांची (झारखंड) के आरक्षी (सामान्य) अक्षय, जबकि 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में 29वीं वाहिनी, गया के आरक्षी (सामान्य) विवेक विशाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग का विजेता बनने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह में 29वीं वाहिनी के उप कमांडेंट रवि भूषण ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खेल भावना के लिए पदक देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उप कमांडेंट (चिकित्सा) डा कन्नन हरिदास सहित 29वीं वाहिनी के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बलकर्मी उपस्थित रहे। एसएसबी के अधिकारियों ने कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिताएं जवानों में शारीरिक दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना, टीम भावना और मनोबल को मजबूत करने में भूमिका निभाती हैं।



अंतर्वाहिनी आर्म्स-रेसलिंग आयोजन में शामिल एसएसबी गया की टीम व अन्य •सौ. एसएसबी

**गांठ / गिल्टी**

ब्रेस्ट (स्तन), गला, सहित सभी अंगों के गांठ, सिस्ट, फायोब्राइडस, एवं नाक, मुंह, मल-मूत्र से खून आना, मासिक में खून/पानी अधिक आना, माइग्रेन, खुजली सहित सभी दर्द केवल होमियोपैथिक दवाओं से कम समय में ठीक करायें।

ब्रेस्ट एवं गर्दन के गांठ शीघ्र ठीक हो जाते हैं।

मिलें : डॉ. बी.बी. सिंह

(लक्ष्मी इन के पीछे) पूर्वी बोरिंग कैनाल रोड, पटना

9334368772, 8271802278




### चैंपियनों को प्रशिक्षण

संसू,जागरण, मोहनपुर: प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा मोहनपुर प्रखंड में 50 गांवों के यूथ चैंपियनों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य गांव स्तर पर क्रिएटिविटी क्लब का गठन कर 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को गतिविधि-आधारित शिक्षण से जोड़ना है।

# गुरु दक्षता कार्यक्रम में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर

संवाद सहयोगी, जागरण• टिकारी: सीयूएसबी के यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित 24 दिवसीय आवासीय गुरु दक्षता कार्यक्रम (फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम) के तहत गुरुवार को उच्च शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा और समावेशी शिक्षण पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने उच्च शिक्षा एवं उसका पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि नैतिक, उत्तरदायी और सामाजिक रूप से संवेदनशील नागरिक तैयार करना है। उन्होंने शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार को उच्च शिक्षा के तीन प्रमुख स्तंभ बताते हुए नव-नियुक्त शिक्षकों से शैक्षणिक सत्यनिष्ठा और व्यावसायिक नैतिकता अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रो. राजशरण शाही ने कथ्य से तथ्य की ओर विषय पर इतिहास अध्ययन में प्रमाण, प्राथमिक स्रोतों और शोधपरक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रजनी रंजन सिंह ने भारतीय संस्कृति के संदर्भ में समावेशी एवं शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति की आवश्यकता पर बल दिया।



सीयूएसबी मे गुरु दक्षता प्रशिक्षण मे शामिल प्रतिभागी •सौजन्य सीयूएसबी

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

(भारत सरकार का उपक्रम)

एआरएमबी पटना, दूसरा तल्ला, चाणक्या टावर आर ब्लॉक, पटना-800001, ई-मेल: cs8297@pnb.bank.in

**अचल सम्पत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रावर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक है, जिसका संरचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा पंजाब नैशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे उल्लेखित उधारकर्ता(ओं) एवं जमानतदार(ों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नलिखित सम्पत्तियों को "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है" एवं "वहाँ जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित तालिका में दिये तिथि एवं समय पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य एवं अग्रधन राशि भी नीचे तालिका में सम्पत्ति के सामने वर्णित है।

**सुरक्षित परिसम्पत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | क) शाखा का नाम ख) खाता का नाम ग) खाता नं. घ) ऋणी/जमानतदार खाता का नाम एवं पता | बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (सम्पत्तियों के बंधककर्ता) | क) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि ख) 13 (2) नोटिस की तिथि तक बकाया राशि ग) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13 (4) के तहत कब्जा सूचना की तिथि घ) कब्जा स्वरूप सांकेतिक/भौतिक/संरचनात्मक | क) आरक्षित मूल्य (रू० लाख में) ख) ईएमडी (केवाईसी एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तारीख/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क) शाखा: गाँधी नगर, पटना (सोल आईडी 386900), को०- पटना ख) मेसर्स आरएनएस इन्टरप्राईजेज प्रा० लि० ग) खाता सं. 0334008700013885 घ) मेसर्स आरएनएस इन्टरप्राईजेज प्रा० लि० एवं श्रीमती गायत्री देवी | 1) भूमि एवं उस पर निर्मित भवन का साम्यिक बंधक जिसका मौजा- खिलवत, थाना- बिदुपुर, सब-रजिस्ट्री और उप जिला-हाजीपुर, जिला-वैशाली, थाना सं.-358, खाता सं.-398, खेसरा सं.-235, सेल डीड सं.-438, दिनांक 22.01.2015, जो मेसर्स आरएनएस इन्टरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है, रकबा-22.80 डिसमिल, चौहद्दी: उत्तर- विश्वनाथ सिंह वगैरह, दक्षिण- दिनेश सिंह वगैरह, पूर्व-दिलीप सिंह, पश्चिम- ग्रामीण सड़क। | क) 19.02.2026 ख) Rs. 1,82,59,401.37/- + उस पर ब्याज एवं शुल्क ग) 04.06.2026 घ) सांकेतिक | क) Rs. 51,16,000/- ख) Rs. 5,11,600/- (03.08.2026) सायं 5:00 बजे तक ग) Rs. 0.50 लाख | 04.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | |
| | | 2) भूमि एवं उस पर निर्मित भवन का साम्यिक बंधक जिसका मौजा-खिलवत, थाना-बिदुपुर, सदर रजिस्ट्री एवं जिला-वैशाली (हाजीपुर), थाना सं.-358, खाता सं.-787, खेसरा सं.-1187, सेल डीड सं.-2880 दिनांक 07.06.1996, जो गायत्री देवी के नाम पर है, रकबा-5.50 डिसमिल, चौहद्दी: उत्तर-सड़क, दक्षिण-रास्ता, पूरब-गैना सिंह वगैरह, पश्चिम-विद्या सागर सिंह या नम्बर छाप्पा | | क) Rs. 21,15,000/- ख) Rs. 2,11,500/- (03.08.2026) सायं 5:00 बजे तक ग) Rs. 0.50 लाख | | |

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें:

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों तथा निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी।

1. संपत्तियों को "जो है जहाँ है एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है।
2. इस अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत कथन या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाईट https://baanknet.com पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से बोलीदाता द्वारा ऊपर दिये गए तिथि एवं समय पर की जाएगी।
4. बिक्री के नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया अग्रलिखित वेबसाइट का अनुसरण करें https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांक : 01.07.2026
स्थान : पटना

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

(प्राधिकृत अधिकारी) पंजाब नैशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखा कार्यालय: सीओ सैम सर्किल ऑफिस, गया (आर जे पैलेस, राय काशी नाथ मोड़, गया) ईमेल: cogayasamd@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के आलोक में पठित

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणी (यों) और गारंटीकर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा पीएनबी द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी /सिक्योर्ड क्रेडिटर को अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को "जहाँ है जैसा है, जैसा है जो है और जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार के बकाए। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में संबंधित संपत्तियों के अनुसार होगी।

**सुरक्षित संपत्ति की अनुसूची**

| लॉट नम्बर | क. शाखा का नाम ख. खाते का नाम ग. उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों (भूमि और भवन) का विवरण, बंधककर्ता/संपत्ति के मालिक के नाम सहित | क. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत दिनांक नोटिस की तारीख ख. बकाया राशि ग. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा-13 (4) के तहत कब्जे की तारीख घ. कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक | 1. आरक्षित मूल्य (लाख में) 2. ईएमडी 3. बोली वृद्धि राशि | ई नीलामी का दिनांक/ समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क.शाखा:राय काशी नाथ मोड़, गया ख. श्री राजेश मिस्त्री प्रजापत पिता श्री ओम प्रकाश प्रजापत ग. श्री राजेश मिस्त्री प्रजापत पिता श्री ओम प्रकाश प्रजापत,पता:गौरखिहनी, मानपुर, जिला-गया-823003 एवं पता:-कुम्हार टोली,पोस्ट-बुनियादगंज, मानपुर, जिला-गया-823003. जमानतदार:-श्रीमति सरस्वती देवी पति श्री ओम प्रकाश प्रजापत,पता:-शिव चरण पटवा लेन, थाना:-बुनियादगंज, मानपुर, जिला-गया-823003 एवं पता-गौरखिहनी, मानपुर, जिला-गया-823003 | भूमि एवं भवन के अंतर्गत खाता संख्या-109(पुराना), प्लॉट संख्या-500(पुराना),1096 (नया), क्षेत्रफल-920 वर्ग फिट,मोहल्ला-शिव चरण पटवा लेन,थाना-बुनियादगंज, मानपुर, जिला-गया, वार्ड संख्या- 10/31, थाना संख्या-251 जिसका विक्रय विलेख संख्या-20162, दिनांक-15/12/2000 है श्रीमती सरस्वती देवी पति श्री ओम प्रकाश प्रजापत के नाम स्थित है। चौहद्दी- खानदा/सड़क, दक्षिण- निज मिलेवा,पूरब-हिस्सा सुरेश प्रजापत एवं राजेंद्र प्रजापत,पश्चिम-हिस्सा परमेश्वर प्रजापत | क. 04.01.2025 ख.बकाया राशि: 19,91,587.88 (रुपये उन्नीस लाख इक्यानवे हजार पांच सौ सत्तासी एवं अट्ठासी पैसे मात्र) दिनांक 29.12.2024 तक साथ ही दिनांक 30.12.2024 से अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य खर्च पूर्ण भुगतान होने तक। ग.11.04.2025 घ. प्रतीकात्मक कब्जा | 1.रू.25,30,000/- 2.रू.2,53,000/- 3.रू.10,000/- | दिनांक 04.08.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक | शून्य |

नियम एवं शर्तें:

बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में वर्णित नियमों एवं निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है।
2. ऊपर दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 04.08.2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी।

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

दिनांक- 03.07.2026
स्थान- गया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

श्री विद्यानन्द मिश्रा
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता
मो.– 9661448855

## आज का मौसम

राजधानी सहित प्रदेश के सभी भागों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ कई स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा के साथ उमस भरी गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। हवा की गति 30-40 किमी प्रतिघंटा रहने के आसार हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| गयाजी | | |
| 03 जुलाई | 36 | 27 |
| 04 जुलाई | 35 | 26 |
| जहानाबाद | | |
| 03 जुलाई | 34 | 29 |
| 04 जुलाई | 33 | 28 |
| पटना | | |
| 03 जुलाई | 35 | 29 |
| 04 जुलाई | 34 | 28 |

डिग्री सेल्सियस में

# महाबोधि मंदिर के दान पात्रों से निकले लगभग दो करोड़ रुपये

**विदेशी मुद्रा भी शामिल**

**संवाद सूत्र, जागरण● बोधगया:** विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था एक बार फिर दान के रूप में देखने को मिली। मंदिर के दान पात्रों में प्राप्त राशि की छह दिनों तक चली गिनती गुरुवार को पूरी हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस बार मंदिर को करीब दो करोड़ रुपये का दान प्राप्त हुआ है, जिसमें लगभग 1.50 करोड़ रुपये भारतीय मुद्रा और करीब 50 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा शामिल है।



महाबोधि मंदिर- ● फाइल फोटो

दान राशि की गणना पारदर्शिता के साथ नजारथ उप समाहर्ता, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) के सचिव, समिति के सदस्यों और मंदिर के पुजारियों की मौजूदगी में की गई। दान की गिनती का कार्य लगातार छह दिनों तक चला। इसके बाद पूरी राशि को भारतीय स्टेट बैंक, बोधगया शाखा में बीटीएमसी के अधिकृत खाते में जमा करा दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष भी बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालुओं ने उदारतापूर्वक दान दिया। विशेष रूप से म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम सहित कई बौद्ध देशों के श्रद्धालुओं की ओर से विदेशी मुद्रा में उल्लेखनीय योगदान प्राप्त हुआ। मंदिर को कई अन्य देशों की मुद्राएं भी दान स्वरूप मिली हैं, जिन्हें नियमानुसार बैंकिंग प्रक्रिया के तहत जमा कराया जाएगा।

बीटीएमसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दान में प्राप्त राशि का उपयोग महाबोधि मंदिर परिसर के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत, पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा अन्य दैनिक प्रशासनिक एवं विकास कार्यों पर किया जाएगा। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था निरंतर बढ़ रही है। बीटीएमसी की सचिव डा महाश्वेता महारथी से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## कार्यकाल समाप्ति से पहले बीटीएमसी की बैठक आज

**संवाद सूत्र, जागरण● बोधगया :** विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर के प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए बोधगया मंदिर प्रबंधकारिणी समिति (बीटीएमसी) की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को आयोजित होगी। मौजूदा समिति का कार्यकाल समाप्ति की ओर होने के कारण इसे अंतिम बैठक माना जा रहा है। इस बैठक पर मंदिर प्रशासन, बौद्ध जगत और स्थानीय लोगों की विशेष नजर है। बैठक की अध्यक्षता बीटीएमसी के अध्यक्ष सह जिलाधिकारी शशांक शुभंकर करेंगे, जिसमें सचिव डा महाश्वेता महारथी, समिति के सदस्य और मंदिर के पुजारी भाग लेंगे। वर्तमान बीटीएमसी समिति का कार्यकाल 16 जुलाई को समाप्त हो रहा है, जिसके बाद नई प्रबंधकारिणी समिति का गठन किया जाएगा। यह बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों की समीक्षा के लिए भी अहम मानी जा रही है।




## ॥ प्रणाम ॥

शुक्रवार, आषाढ़ कृष्ण तृतीया, वि.स. 2083

- महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति की त्रैमासिक बैठक स्थान : बीटीएमसी कार्यालय, बोधगया समय : 11 बजे
- स्वच्छता की समीक्षा बैठक स्थान : प्रखंड मुख्यालय, फतेहपुर समय : 11 बजे
- यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान स्थान : गया जंक्शन परिसर समय : 12 बजे
- गया कालेज प्रकरण को लेकर अभाविप का बैठक स्थान : गया कालेज समय : 12 बजे

# मेडिकल कालेज के निलंबित दोनों छात्रों के टैब से खुलेंगे कई राज

## तय समय बीत जाने के बाद भी छात्रों ने नहीं दिया जवाब

**नीट यूजी पुनर्परीक्षा**

जासं, गयाजी : नीट यूजी पुनर्परीक्षा में फर्जीवाड़ा और कथित साल्वर गैंग के नेटवर्क को लेकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज के दो छात्रों को कालेज प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही, कालेज परिसर और छात्रावास में उनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। कालेज की प्राचार्य डा. लता शुक्ला द्विवेदी ने बताया कि कालेज के छात्र अर्पित सिंह और विवेक कुमार को पुलिस ने 21 जून को लखीसराय में गिरफ्तार किया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों छात्र आयोजित नीट यूजी पुनर्परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षा देने और दूसरे को सहयोग करने में संलिप्त थे। मामला कथित साल्वर गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

दोनों छात्रों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया गिरफ्तारी के तुरंत बाद शुरू कर दी गई थी। 22 जून को कालेज प्रशासन द्वारा दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद किसी भी छात्र की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। दोनों मेडिकल छात्र न्यायिक हिरासत में हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर कालेज प्रशासन ने निलंबन का अंतिम निर्णय लिया। बताया गया कि दोनों छात्रों का निलंबन न्यायालय के अंतिम निर्णय तक प्रभावी रहेगा।

**सहपाठी भी रहे अनजान, पुलिस ने की लंबी पूछताछ :** मामले का एक चौंकाने वाला पहलू यह है कि निलंबित छात्रों की गतिविधियों की भनक उनके आसपास रहने वाले लोगों तक को नहीं लगी। इनमें से एक छात्र कालेज छात्रावास में रह रहा था। उसके साथ रहने वाले सहपाठी को पुलिस ने हिरासत में लेकर घंटों पूछताछ की। पूछताछ में सहपाठी ने साफ कहा कि उसे आरोपी छात्र की गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। वहीं दूसरा छात्र कालेज परिसर के बाहर किराये के मकान में रह रहा था। उसके संपर्क और गतिविधियों के बारे में भी फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

### दस दिन पूर्व छात्रावास में हुई थी छापेमारी

21 जून को पुलिस और जांच एजेंसियों ने मेडिकल कालेज छात्रावास में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपित छात्र के कमरे की बारीकी से जांच की गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक टैब बरामद किया, जिसे जांच का अहम सुराग माना जा रहा है। जांच अधिकारियों का मानना है कि इस टैब में ऐसे डिजिटल रिकार्ड, संपर्क सूत्र, चैट हिस्ट्री, परीक्षा से जुड़े दस्तावेज या लेन-देन की जानकारी हो सकती है, जिससे पूरे साल्वर गैंग के नेटवर्क का पर्दाफाश संभव है। यदि टैब का डेटा सफलतापूर्वक रिकवर कर लिया गया, तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। गया पुलिस, आइबी, सीआइडी ने 10 दिन पूर्व छात्रावास में छापामारी की थी और दस्तावेज व टैब बरामद किए थे। 10 दिन बीत जाने के बाद भी टैब के राज के बारे में पुलिस ने कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।

## एक नजर में

### डोभी में विराट ब्राह्मण महासम्मेलन 19 को

**डोभी :** गुरुवार को डोभी के एक निजी विद्यालय में ब्राह्मण सेना की बैठक प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बिहार के सामाजिक कार्यकर्ता भरत भूषण तिवारी के फर्जी इनकाउंटर में हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सभी सदस्यों ने प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का निर्णय लिया, जो 19 जुलाई को डोभी टाकुरबाड़ी में आयोजित होगा।

### गया जंक्शन पर एक मोबाइल चोर गिरफ्तार

**गयाजी :** आरपीएफ ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत गया जंक्शन पर एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी मो. अकबर (28), निवासी मेदिनीनगर (झारखंड) के पास से करीब 17 हजार रुपए मूल्य का चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने गया जंक्शन से मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की।

### 44 वर्षों की सेवा के बाद कांग्रेस नेता ने दिया इस्तीफा

**गयाजी :** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को पत्र भेजकर पार्टी के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा लंबे समय से समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और स्वार्थपूर्ण रवैये से वे आहत हैं। इसी कारण उन्होंने पार्टी से अलग होने का निर्णय लिया।

### बीयर और अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**फतेहपुर :** को हरमा रेलवे स्टेशन परिसर में संयुक्त अभियान चलाकर आरपीएफ पोस्ट एवं अपराध आसूचना शाखा धनबाद की टीम ने शराब और बीयर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उनके पास से 38 केन किंगफिशर बीयर तथा विभिन्न ब्रांड की 13 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपितों की पहचान पुरा थाना क्षेत्र के भोरी के रोहित कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाराडीह के भूपेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

## विद्युत सुरक्षा को लेकर कार्यशाला में कर्मियों को दिए गए जरूरी निर्देश

**जागरण संवाददाता, गयाजी :** विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता के साथ-साथ कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को विद्युत कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी तकनीकी कर्मियों एवं अधिकारियों को विद्युत सुरक्षा मानकों के पालन और कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखना जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण कर्मियों की सुरक्षा है। कार्यशाला में फील्ड में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षित शटडाउन लेने, अर्थिंग की जांच करने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे इंसुलेटेड ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा में सुरक्षा के साथ कार्य करने की तकनीकों की जानकारी दी गई। ताकि फ्यूज एवं अन्य उत्पन्न समस्याओं के समाधान में न्यूनतम विद्युत अवरोध उत्पन्न हो। सुरक्षा संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से दुर्घटना मुक्त क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

# बोधगया में आज से हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का सम्मेलन

**जागरण संवाददाता, गयाजी :** मोक्ष और ज्ञान की भूमि बोधगया 4 और 5 जुलाई को देश की न्यायपालिका के महत्वपूर्ण सम्मेलन की मेजबानी करेगी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीश, बिहार के सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायविद तथा राज्य के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी शामिल होंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सम्मेलन में कुल 406 प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी।

शुक्रवार शाम से न्यायाधीशों के बोधगया पहुंचने का सिलसिला शुरू होगा, जो शनिवार तक जारी रहेगा। अधिकांश अतिथि हवाई एवं सड़क मार्ग से गया पहुंचेंगे। गया हवाई अड्डे पर उनके स्वागत की विशेष व्यवस्था की गई है। परिवार के साथ आने वाले न्यायाधीशों के ठहरने की व्यवस्था बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में की गई है, जबकि सम्मेलन का आयोजन बोधगया स्थित आईटीसी वेलकम होटल में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन 4 जुलाई को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। उद्घाटन सत्र में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की उपस्थिति भी संभावित है। सम्मेलन में न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और न्यायिक प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण एक जुलाई 2024 से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के दो वर्ष पूरे होने के बाद उनके क्रियान्वयन और प्रभाव की समीक्षा रहेगी। इसके अलावा न्यायिक सुधार, कानून व्यवस्था तथा न्यायपालिका और पुलिस के बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर भी चर्चा होने की संभावना है।



आइटीसी का वेलकम होटल ● जागरण

सम्मेलन को लेकर जिला प्रशासन और राज्य सरकार के विभिन्न विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. सफीना एएन, डीएम शशांक शुभंकर, एसएसपी सुशील कुमार समेत एयरपोर्ट, बिजली और अन्य विभागों के अधिकारी लगातार बैठकें कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने समस्या समाधान का भरोसा दिया

**संवाद सूत्र, जागरण ● डोभी :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी का डोभी आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष अभ्यास चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र एवं फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पिछड़े एवं अतिपिछड़े वर्गों को सम्मान और अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के सहयोग से जिम्मेदारी का निर्वहन करने और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं उठाईं। प्रदेश अध्यक्ष ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार ने जन शिकायतों के समाधान के लिए एक सहयोग पोर्टल शुरू किया है, जहां शिकायत दर्ज कराने के 30 दिनों के भीतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार विकास और जनहित के मुद्दों पर लगातार काम कर रही है और सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर रणधीर कुमार शास्त्री, अनिल कुमार, पारसनाथ केसरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डेढ़ माह में महिला थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिस पदाधिकारी निलंबित

जासं, गयाजी: मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने गया जिले में डेढ़ माह में महिला थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी समेत पांच पुलिस पदाधिकारी को कर्तव्य में लापरवाही बरतने और प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार करने के साथ जीरो टालरेंज का अनुपालन नहीं पर निलंबित किया किए हैं। आईजी ने गया के महिला थानाध्यक्ष के खिलाफ जनसुनवाई में एक महिला ने आवेदन दी थी कि पिछले कई माह से आवेदन देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, आवेदिका को जमशेदपुर जाकर प्राथमिकी दर्ज कराने की बात थानाध्यक्ष द्वारा कहा गया। इस मामले की जांच और निर्देशित किया गया था कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरु करें। लेकिन अनुपालन थानाध्यक्ष द्वारा नहीं किया गया। इस कारण से आइजी ने निलंबित कर दिया है।

### इन पर भी पहले हुई है कार्रवाई

- **01 जुलाई:** गया के महिला थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी निलंबित
- **15 जून :** अनुसंधान में अनियमितता, रिश्वत मांगने के मामले में चंदौती के पुलिस अवर निरीक्षक ललन प्रसाद साह निलंबित।
- **10 जून :** विधि संगत कार्रवाई नहीं करने, अवैध रूप से वाहन को थाना में रखने, विपक्षी पार्टी का पैसा दिलाने के लिए दवाब बनाने को लेकर बांकेबाजार थानाध्यक्ष मंटू कुमार को निलंबित किया गया।
- **22 मईः** कोंच थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार को निलंबित और थानाध्यक्ष को चेतावनी दी गई।

## मरीज की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

**जागरण संवाददाता, गयाजी :** शहर के एपी कालोनी स्थित शुभकामना हार्ट हास्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में गुरुवार को एक महिला मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। सूचना मिलते ही रामपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित कराया। मृतका की पहचान नवादा जिले की रहने वाली मीना देवी के रूप में हुई है। अस्पताल के चिकित्सक डा. अमन कुमार ने बताया कि मरीज का उपचार पहले अस्पताल में चल रहा था और तीन दिन पूर्व उसे छुट्टी दे दी गई थी। गुरुवार को परिजन उसे उपचार संबंधी पर्ची के साथ लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर होने के कारण आईसीयू में भर्ती रखने की सलाह दी गई थी। घटना के बाद कुछ देर तक अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया। रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि अब तक किसी ने आवेदन नहीं दिया गया है।

# आइएमए ने वरिष्ठ चिकित्सकों का किया सम्मान

**जासं, गयाजी:** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर भारतीय चिकित्सा संघ (आइएमए), गया शाखा की ओर से आईएमए भवन में चिकित्सकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए गया के अध्यक्ष डा. विश्व विजय सिंह ने की। उन्होंने डा. विधान चंद्र राय के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए चिकित्सकों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डा. डीके सहाय ने कहा कि चिकित्सकों को मरीजों की सेवा के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य और जीवनशैली पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

वरिष्ठ चिकित्सक डा. एएन राय ने कहा कि चिकित्सक दूसरों का उपचार करते हैं, इसलिए उन्हें अपने स्वास्थ्य की भी नियमित देखभाल करनी चाहिए। समारोह में पहली बार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ चिकित्सकों डा. उमा नाथ भदानी, डा. एएन राय, डा. एसकेपी सिंह, डा. श्यामा रानी प्रसाद एवं डा. यूएस मिश्रा को आजीवन सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।




# पटना के फुलवारी थाने में यौन शोषण के आरोपित ने किया सरेंडर

**गया पुलिस को सौंपा**

- बांकेबाजार में अश्लील वीडियो प्रसारित मामले में कार्रवाई के लिए दुकानदारों ने बंद रखीं दुकानें
- पुलिस ने इंटरनेट मीडिया से आरोपित के साथ नाबालिगों का 10 अश्लील वीडियो किया था जब्त

**जागरण संवाददाता, गयाजी :** गया जिले के बांकेबाजार थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों के साथ अश्लील वीडियो बनाने और उसे इंटरनेट मीडिया पर अपलोड करने के मुख्य आरोपित रेहान ने पुलिस के दबाव के चलते पटना के फुलवारी थाना में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण के बाद गया जिले की पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद रेहान को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपित से पूछताछ जारी है, लेकिन पुलिस को उसका मोबाइल नहीं मिला है, जिसकी तलाश की जा रही है। आत्मसमर्पण के समय आरोपित की भाभी उसके साथ थी। पुलिस के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, बांकेबाजार थानाध्यक्ष ने हाल ही में दिल्ली के इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर में छिपे होने की सूचना पर छापेमारी की।



बांके बाजार में विरोध में किया गया दुकान बंद ● जागरण

सूचना मिलते ही रेहान अपनी भाभी के साथ दिल्ली से पटना पहुंचा। इस बीच, पुलिस ने रेहान के भाई को दिल्ली में गिरफ्तार किया और उसे गया लेकर आ रही है। भाई के माध्यम से रेहान पर दबाव बनाया गया, जिसके बाद उसने फुलवारी थाने में आत्मसमर्पण किया। मगध रेंज के आइजी विकास वैभव ने रेहान की गिरफ्तारी की पुष्टि की है और बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है।

इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर व्यवसायियों ने गुरुवार को बांकेबाजार प्रखंड के मुख्य बाजार में सभी दुकानें बंद कर विरोध दर्ज किया। व्यवसायियों का कहना है कि रेहान ने दर्जनों युवतियों को फंसा कर शारीरिक संबंध बनाए और वीडियो वायरल किया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे और आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की है।

# मनोहरचक गांव में दो सालों से ठप है जलापूर्ति व्यवस्था, परेशान

## गांव के लोगों को 200 मीटर दूर से ढोना पड़ रहा पानी

जागरण पड़ताल

नल जल पड़ताल

संवाद सूत्र, जागरण● मानपुर : सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण पेयजल योजना उसरी पंचायत के मनोहरचक गांव के वार्ड संख्या 10 में दम तोड़ती नजर आ रही है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी और जलापूर्ति व्यवस्था पिछले करीब दो वर्षों से बंद पड़ी है। हालात यह है कि गांव में खड़ा नल-जल का टावर अब केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गया है।

ग्रामीणों को पीने, खाना बनाने और दैनिक उपयोग के लिए पानी दूर-दराज से लाना पड़ रहा है। गुरुवार को योजना की पड़ताल के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माध्यम से नल-जल योजना का निर्माण कराया गया था। शुरुआती कुछ महीने तक घरों तक पानी की आपूर्ति हुई। उसके बाद मोटर और स्विच बोर्ड खराब हो जाने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। कई बार शिकायत की गई बावजूद अब तक मरम्मत नहीं हुई है।



मानपुर उसरी मनोहरचक गांव मे नल-जल का टावर बना शोभा की वस्तु● जागरण



योजना शुरू होने के बाद महज कुछ महीने तक पानी आया। इसके बाद पानी मिलना बंद हो गया। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है। खाना बनाने से लेकर अन्य घरेलु कामों के लिए प्रतिदिन कई बार पानी लाना पड़ता है। पानी के लिए लगभग 200 मीटर दूर जाना पड़ता है।

**मुन्ना मांझी**



पीने के पानी से लेकर घरेलु कार्यों तक के लिए 100 से 200 मीटर दूर स्थित दूसरे गांव और चापाकलों का सहारा लेना पड़ता है। गर्मी के दिनों मे यह समस्या और गंभीर हो जाती है। वार्ड में नल-जल योजना पूरी तरह फेल है। कई बार संबंधित विभग और अधिकारियों से शिकायत की गई।

**वाल्मीकि मांझी**



मनोहरचक गांव के कई वार्डों में जलापूर्ति व्यवस्था बंद पड़ी है। किसी वार्ड में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। मोटर खराब है। कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। मरम्मत के अभाव में जलमीनार और पानी की टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है।

**कारू मांझी**

## नवजात को बेचने की भनक से मचा हड़कंप मगध मेडिकल में अलर्ट

जागरण संवाददाता, गयाजी : अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति विभाग में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नवजात शिशु बेचने की चर्चा अस्पताल परिसर में फैली। सूचना पर अस्पताल प्रशासन सतर्क हो गया। तत्काल सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। 112 पुलिस सहायता सेवा को सूचना दी गई। फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों को अस्पताल में सुरक्षित है। जानकारी हो कि डुमरिया थाना क्षेत्र के महुलांव गांव निवासी 21 वर्षीय फुल कुमारी को 23 जून को स्त्री एवं प्रसूति विभाग में भर्ती कराया गया था, जहां उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के समय से उसकी बहन मौजूद थी। इसी बीच अस्पताल परिसर में चर्चा शुरू हो गई कि नवजात को बेचने की कोशिश की जा रही है। बात वार्ड से होते हुए अस्पताल प्रशासन तक पहुंची। अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट कर दिया गया। स्त्री एवं प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डा. रीना सिंह ने बताया कि नवजात को बेचने की भनक मिलते ही विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुल कुमारी के माता-पिता की मृत्यु काफी पहले हो चुकी है।

# मानपुर में कार की चपेट में आने से महिला की मौत



अधेड़ महिला की मौत के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ ●जागरण

संवाद सूत्र, जागरण● मानपुर: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौरंगा मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। फोरलेन मुख्य मार्ग पर एक अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतका की पहचान नौरंगा गांव निवासी देववंती देवी (पति रामदेव साहू) के रूप में हुई है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, वह प्रतिदिन की तरह गुरुवार सुबह भी मार्निंग वाक के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।



मृतका देववंती देवी का फाइल फोटो

टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को जब्त कर लिया है तथा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल सह अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी देवराज इंद्र ने बताया कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

पंचायत कोना

## स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कम, रजिस्टर अधिक



बरवाडीह विद्यालय● (सौजन्य : पं सूत्र)

पंचायत सूत्र जागरण● जयगीर, (बाराचट्टी): जयगीर पंचायत के बरवाडीह स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में छात्र उपस्थिति को लेकर गंभीर अनियमितता सामने आई है। बुधवार को विद्यालय सचिव माया देवी के औचक निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई, जबकि रजिस्टर में अधिक छात्रों की हाजिरी दर्ज की गई। विद्यालय में कक्षा आठ तक कुल 403 छात्रों का नामांकन है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने छात्र उपस्थिति रजिस्टर की मांग की, लेकिन प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रजापति ने इसे दिखाने से इंकार कर दिया। सचिव का आरोप है कि पूछताछ में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने स्वीकार किया कि रजिस्टर में दर्ज उपस्थिति वास्तविक संख्या से अधिक है। प्रजापति ने कहा कि कई छात्र निजी कोचिंग संस्थानों में चले जाते हैं और कुछ को विद्यालय खुलने की जानकारी नहीं मिल सकी।

## पंचायत कृषि कार्यालय बंद, भटक रहे किसान



बेलघोपर गांव मे पंचायत कृषि कार्यालय के बाहर खड़े वृद्ध ●(सौजन्य : पं सूत्र)

पंचायत सूत्र जागरण● बिंदा (गया) : बिंदा पंचायत के बेलघोपर गांव स्थित पंचायत कृषि कार्यालय किसानों के लिए कागजी व्यवस्था बनकर रह गया है। निजी भवन में संचालित इस कार्यालय में कृषि समन्वयक और किसान सलाहकार की अनुपस्थिति से ग्रामीण परेशान हैं। वृद्ध किसान चन्द्र दास और कालावती देवी ने बताया कि केवाईसी कराने के लिए उन्हें कई बार बुलाया गया, लेकिन संबंधित कर्मी नहीं मिले। इससे बुजुर्ग किसानों को बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कृषि विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि पंचायत कृषि कार्यालय में कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, किसानों के लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन किया जाए।

## गोबरिया में यादव महासभा का सम्मेलन 12 को



सम्मेलन के लिए पहुंचे महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ●(सौजन्य : पं सूत्र)

पंचायत सूत्र जागरण● जयगीर (बाराचट्टी): जयगीर पंचायत के टेड़पाड़ा गांव में अखिल भारतीय यादव महासभा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कोर कमेटी अध्यक्ष इंद्रदेव यादव ने की। बैठक में आगामी पंचायत स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सम्मेलन 12 जुलाई को जयगीर पंचायत के गोबरिया गांव में दुखनी देवी के मकान परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संदीप यादव, सचिव होरिल यादव, कोषाध्यक्ष छट्ठु यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रतिनिधि दुखनी देवी सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## बेदौली का सार्वजनिक शौचालय बदहाल



जर्जर सामूहिक शौचालय● सौ पंचायत सूत्र

पंचायत सूत्र, जागरण● नदरपुर (डोभी): सरकार की स्वच्छता अभियान योजना प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का शिकार होती नजर आ रही है। डोभी प्रखंड के नदरपुर पंचायत में बेदौली महादलित बस्ती में लाखों रुपये की लागत से बने सार्वजनिक शौचालय का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। यह शौचालय चालू होने से पहले ही जर्जर हो चुका है। स्थनीय ग्रामीणों के अनुसार, महादलित बस्ती के लोगों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए, यह सामुदायिक शौचालय बनाया गया था, लेकिन अब यह खंडहर में तब्दील हो रहा है। शौचालय परिसर में गंदगी और झाड़ियों का अंबार लगा है। देखरेख के अभाव में शौचालय की खिड़कियां, दरवाजे और नल टूटने लगे हैं, जबकि पानी की आपूर्ति और शीट की स्थिति भी अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

## मोहाने नदी पर पुल निर्माण से मिलेगी राहत



गुलसकरी नदी पर पुल निर्माण का कार्य आरंभ ●(सौजन्य : पं सूत्र)

पंचायत सूत्र जागरण● (बाराचट्टी) : बेलहरिया गांव के समीप गुलसकरी नदी पर बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। निर्माण एजेंसी ने पुल के पाया निर्माण के लिए गड्ढों की खुदाई आरंभ कर दी है। वर्षों से बरसात के मौसम में उफनती नदी के कारण आवागमन बाधित होने से जूझ रहे ग्रामीणों को अब जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। बिंदा गांव के सोना पाठक ने कहा कि पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि बरसात में नदी पार करना जोखिम भरा हो जाता था। रविन्द्र महतो ने सुझाव दिया कि यदि बिंदा गांव के निकट मोहाने नदी पर भी पुल का निर्माण हो जाए, तो बोधगया और सुलेबटा के बीच संपर्क बेहतर होगा, जिससे यात्रा का समय घटेगा।

# वार्ड चार में टूटे नालों के कारण हो रहीं दुर्घटनाएं



टूटा हुआ नाला का ढक्कन● सौ जागरण

संवाद सूत्र,जागरण● डोभी: नगर पंचायत डोभी के वार्ड संख्या-4 में नाला का टूटा ढक्कन स्थानीय लोगों के लिए परेशानी और हादसों का कारण बन गया है। डोभी-चतरा सड़क मार्ग से विकास लाल की गली और मध्य विद्यालय डोभी जाने वाले रास्ते के बीच स्थित नाला कई दिनों से क्षतिग्रस्त है। इसके कारण राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह रास्ता मध्य विद्यालय जाने का प्रमुख मार्ग है। ढक्कन टूट जाने से कई बार बच्चे साइकिल सहित नाले में गिर चुके हैं, वहीं अन्य नगरवासी भी चोटिल हो चुके हैं। बावजूद इसके नगर पंचायत की ओर से अब तक मरम्मत या नया ढक्कन लगाने की कोई पहल नहीं की गई है। नगरवासी रोहित ने बताया कि नगर पंचायत नियमित रूप से टैक्स की वसूली तो कर रही है, लेकिन नागरिक सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।

## छकरबंधा गांव में करंट से एक व्यक्ति की मौत

संवाद जागरण जागरण● डुमरिया गया।: छकरबंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत छकरबंधा गांव गुरुवार की शाम बिजली करंट से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान संतोष पासवान (38 वर्ष), पिता जगदीश पासवान, निवासी छकरबंधा गांव के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में बिजली का तार पोल से टूटकर नीचे गिर गया था। गिरे हुए तार से किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान न पहुंचे, इसी उद्देश्य से संतोष पासवान उसे हटाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान तार में अचानक विद्युत प्रवाहित हो गई और वह करंट की चपेट में आ गए। तेज करंट लगने से वह मौके पर ही गिर पड़े। आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# जगजीवन कालेज के प्रभारी प्राचार्य बने मो. अयूब

स्वागत समारोह



जगजीवन कालेज के नए प्रभारी प्राचार्य बनने पर डा. मोहम्मद अयूब को बुके देकर और माला पहनकर स्वागत करते शिक्षक शिक्षिकाएं। ●फोटो सौजन्य -कॉलेज प्रशासन

जागरण संवाददाता,गयाजी : जगजीवन कालेज में उर्दू विभागाध्यक्ष डा. मोहम्मद अयूब ने प्रभारी प्रधानाचार्य (प्रोफेसर-इन-चार्ज) के रूप में पदभार ग्रहण किया। प्रशासनिक भवन में आयोजित समारोह में निवर्तमान प्रधानाचार्य डा. सत्येंद्र प्रजापति ने विधिवत प्रक्रिया पूरी कर उन्हें कार्यभार सौंपा और निष्ठा व समर्पण के साथ दायित्व निभाने की शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद डा. अयूब ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, आधारभूत संरचना के विकास और परिसर में जलजमाव की समस्या के समाधान को प्रमुख लक्ष्य बताया। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कालेज के विकास में सहयोग का आह्वान किया।

इस अवसर पर कालेज के विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और माला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। समारोह में डा. प्रदीप कुमार, डा. अनु रानी, डा. मनीष कुमार सिंह, डा. पूनम कुमारी, डा. पंकज कुमार, डा. सत्येंद्र सिंह चंद्र, डा. मो. एजाज उपस्थित रहे।

Jagran

कूपन-प्रपत्र ड्रा-6
20 जून से 4 जुलाई 2026 तक

दैनिक जागरण

SUPER-15

TRIPLE धमाका ऑफर

सुपर 15 योजना-ड्रा 6 में प्रकाशित 15 कूपनों में से 10 कूपन काटकर इस प्रपत्र पर चिपकाए और पाए लकी ड्रा में लाखों के उपहार जीतने का मौका.

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं |
| कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं |
| कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं | कूपन यहां चिपकाएं |

नाम ______ उम्र ______
पता ______
जिला ______ मोबाइल ______

सहमति (Consent) : मैं ट्रिपल धमाका ऑफर में भाग लेने के लिए अपना नाम / पता / फोन नंबर स्वेच्छा से दे रहा / रही हूं। इस जानकारी का उपयोग केवल इस योजना से संबंधित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

कूरियर / स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा अपना कूपन प्रपत्र इस पते पर भेजें-
जागरण प्रकाशन लिमिटेड कार्यालय, सी-5, 6 एवं 15, पाटलिपुत्र, इंडस्ट्रियल एरिया, पटना. पिन-800013, फोन-88953 27928, 62993 63624 (सुबह 11 से सायं 4 बजे)

पढ़ते रहिए
दैनिक जागरण

सुपर 15 के ड्रा-6 (20 जून से 4 जुलाई 2026) के कूपन-प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख 8 जुलाई 2026 तक है.

## प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में रामलीला का आयोजन



परिक्रमा करते श्रद्धालु● सौ पंचायत सूत्र

पंचायत सूत्र, जागरण● बजौरा (डोभी) : मणिपर गांव में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान रामलीला का मंचन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतिदिन शाम को शुरू होने वाली रामलीला देखने के लिए मणिपर और आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रामलीला में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया जा रहा है, जिसे दर्शक श्रद्धा और उत्साह से देख रहे हैं। धार्मिक वातावरण और भक्ति रस से भरी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है। महायज्ञ समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं।

## नल-जल योजना ठप, पेयजल संकट गहरा



पेयजल संकट गहराया● सौ पंचायत सूत्र

धरहरा (मोहनपुर): धरहरा पंचायत में सरकार की हर घर नल-जल योजना विफल होती नजर आ रही है। पंचायत के 12 वार्डों में से वार्ड संख्या 6, 7, 8, 9, 10 और 11 में यह योजना लंबे समय से बंद है, जिससे सैकड़ों परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नल-जल योजना के ठप होने से उन्हें चापाकलों और अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्वच्छ पेयजल की कमी से समस्याएं बढ़ गई हैं। स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं।

## चलती ट्रेन में चढ़ रहे बुजुर्ग व्यक्ति फिसले आरपीएफ ने बचाई जान

जागरण संवाददाता, गयाजी : गया जंक्शन पर गुरुवार की सुबह 8:46 बजे प्लेटफार्म संख्या 3 पर आनंद विहार-सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12330) में चढ़ने के दौरान 72 वर्षीय यात्री राम लखन राम फिसलकर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिर गए। मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) निवासी राम लखन राम, जो कोच एस-1 में यात्रा कर रहे थे, खाने-पीने का सामान लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतरे थे। इसी ट्रेन खुल गई और वे उसपर चढ़ने के प्रयास में फिसल गये और गिर गए। हादसे में उनके सिर और दाहिने पैर में चोट आई। यात्रियों की मदद से उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया और निजी वाहन से रेलवे अस्पताल, गया भेजा गया। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज रेफर करदिया।

# अभावों में जूझ रहा पाली गांव का बीज प्रक्षेत्र, बोआई पर संकट, किसान परेशान

संकट में कृषि फार्म



बेलागंज के पाली बीज गुणन प्रक्षेत्र कार्यालय- ●जागरण

संवाद सूत्र, जागरण● बेलागंज : पाली गांव स्थित राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र उच्च स्तरीय बीज उत्पादन का दावा कर रहा है, लेकिन वास्तविकता इससे भिन्न है। लगभग दस हेक्टेयर में फैले इस कृषि फार्म में आधे हिस्से में धान और शेष में रबी फसलों की खेती की जाती है। यहां उत्पादित बीजों का वितरण किसानों के बीच किया जाता है। हालांकि, आवश्यक संसाधनों की भारी कमी उत्पादन कार्य को प्रभावित कर रही है। फार्म में बुनियादी कृषि उपकरणों का अभाव है। न तो पर्याप्त फावड़ा है और न ही कुदाल जैसी जरूरी सामग्री, जिससे खेती में कठिनाई हो रही है।

पिछले पंद्रह दिनों से बिचड़ा बोआई के लिए खेत तैयार हैं, लेकिन बीज की अनुपलब्धता के कारण बोआई शुरू नहीं हो पाई है। धान बिचड़ा बोआई का समय समाप्ति की ओर है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। फार्म के प्रभारी नेहाल पासा ने बताया कि सिंचाई के लिए तीन समरसेबल पंप की व्यवस्था की गई है, लेकिन इनमें से केवल एक ही चालू है। शेष दो पंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हैं, जिससे सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि पाली बीज गुणन प्रक्षेत्र में उत्पादित फसल की पैकेजिंग कर शेरघाटी स्थित बीआरसी में जमा कराया जाता है, जहां बीजों का उपचार कर किसानों के बीच वितरण किया जाता है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि समय पर बीज और संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए, तो इसका सीधा असर उत्पादन और किसानों की आय पर पड़ेगा। विभागीय उदासीनता पर सवाल उठने लगे हैं।

# अनुमंडल कार्यालय मोड़ तक सर्विस लेन का फुटपाथ बना वाहनों का अवैध पड़ाव

## राहगीरों के लिए नगर में सड़क के किनारे बने फुटपाथ नहीं हैं सुरक्षित

फुटपाथ हमारा है


फुटपाथ पर खड़े वाहन

**संवाद सहयोगी, जागरण● मोहनियां:** शहर के व्यस्ततम जीटी रोड के दक्षिणी सर्विस लेन के फुटपाथ की बदहाली से यात्रियों को परेशानी होती है। फुटपाथ को चालकों ने अवैध पड़ाव बना दिया है। मुंडेश्वरी द्वार से पश्चिम अनुमंडल कार्यालय मोड़ तक फुटपाथ अतिक्रमण का शिकार है। इसी पथ में फुटपाथ पर मांस की दुकानें लगती हैं। कई ठेला वाले फुटपाथ पर कब्जा जमाकर दुकान चलाते हैं। राहगीरों के लिए नगर में सड़क के किनारे का फुटपाथ भी सुरक्षित नहीं है। जिस पर न तो नगर पंचायत का ध्यान है न ही प्रशासन का। मोहनियां के सभी फुटपाथ के समीप नो पार्किंग जोन का बोर्ड लगा है। इसके बाद भी इसपर प्रतिदिन दर्जनों गाड़ियां खड़ी रहती हैं। पहले मालवाहक छोटे वाहन पीडब्लूडी कार्यालय की चहारदीवारी के समीप खड़े होते थे। जब से सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सर्विस लेन से दक्षिण तरफ नाला बनाया है तब से सड़क पर अवैध पार्किंग की समस्या गंभीर हो गई है। नाला की ऊंचाई सर्विस रोड से अधिक है। इसके कारण मालवाहक छोटे वाहन सर्विस लेन के फुटपाथ पर खड़े होते हैं। यहां वाहनों के खड़े होने से जीटी रोड का सर्विस लेन बनवे हो जाता है। जिसके कारण बड़े वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। पैदल यात्रियों का बगल से गुजरना मुश्किल होता है।

बराबर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दक्षिणी सर्विस लेन के बगल में दो दो बैंक, निजी अस्पताल व कई कोचिंग संस्थान हैं। यही पथ अनुमंडल कार्यालय की सड़क के साथ वार्ड 13, 14 व 15 को जोड़ता है। सर्विस लेन में वाहनों के खड़े होने से सड़क की चौड़ाई काफी कम हो जाती है। इससे बड़े वाहन के गुजरते समय इतनी जगह नहीं बचती की बगल से बाइक भी निकल जाए। फुटपाथ पर ही मांस की दुकानें लगती हैं। इसी पर अन्य ठेला वालों का कब्जा है। नगर पंचायत द्वारा सड़कों पर जगह जगह नो पार्किंग जोन का बोर्ड लगाया गया है। लेकिन इसका अनुपालन नहीं होता। बोर्ड के समीप ही सर्विस लेन में दर्जनों वाहन जहां खड़े रहते हैं। ज्ञात हो कि जीटी रोड का सर्विस लेन काफी व्यस्त रहता है। मुंडेश्वरी द्वार से स्टेशन रोड मोड़ तक दक्षिणी सर्विस लेन का यही हाल है। चालक जहां-तहां वाहन खड़ा कर चले जाते हैं। ऐसे वाहन सड़क पर घंटों लावारिस हालत में पड़े रहते हैं। नगर पंचायत सिर्फ सड़क पर खड़ा होने वाले वाहनों से टैक्स वसूली कर अपनी जिम्मेदारी की खानापूर्ति कर लेता है। सड़क पर जहां तहां वाहनों के खड़े होने के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को होने वाली परेशानी के तरफ उनका ध्यान नहीं जाता। सर्विस लेन में वाहनों के खड़े होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। 24 घंटे नगर की सड़कों पर भारी वाहन दौड़ते रहते हैं। नगर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे है।

**बदहाल व्यवस्था**

“ नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा नहीं करना है। नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। फुटपाथ पर अवैध कब्जा जमाने वालो पर कार्रवाई की जा रही है। सभी फुटपाथों को खाली कराया जाएगा।

**सुधांशु कुमार**, ईओ

# संगठन को तकनीकी रूप से समृद्ध बनाने की अपील

**संवाद सहयोगी जागरण● शेरघाटी :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को तकनीकी रूप से सशक्त एवं वैचारिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाअभियान शेरघाटी विधानसभा में उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुरुवार को शेरघाटी के गोपालपुर एवं अग्रवाल धर्मशाला भवन में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर संगठन की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन, पार्टी की कार्यपद्धति, संगठनात्मक संरचना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा इंटरनेट मीडिया के प्रभावी उपयोग की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि इस डिजिटल महाअभियान का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए संगठन की रीति-नीति एवं जनसेवा के प्रति अधिक दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ता समाज में सरकार की उपलब्धियों एवं संगठन की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्षम होंगे।


स्वागत करते कार्यकर्ता ●जागरण

उन्होंने सभी मंडल मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटल प्रशिक्षण पूर्ण कर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़कर इसे सफल बनाएं। यह अभियान संगठन को और अधिक सशक्त, अनुशासित तथा तकनीक सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद परमानंद मनी ने की, संचालन भाजपा के नगर अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ने की। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा गया जी पश्चिम के जिला अध्यक्ष अनंत दांगी, महामंत्री पंकज कुमार गुप्ता, पुष्पा चौरसिया, हेमंती कुमारी, अरुण चंद्रवंशी, अशोक कुमार सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इमामगंज पहुंचे मगध रेंज के आइजी : सभाजपा पार्टी के प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा के बड़े भाई चंद्र भूषण सिंह के निधन पर गुरुवार को पैतृक आवास कोचया गांव में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें मंत्री संतोष कुमार सुमन, आइजी विकास वैभव, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक अनिल कुमार सिंह सहित कई लोग शामिल हुए।


N-S-D-C

**नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन इंटरनेशनल लिमिटेड**

कौशल भवन, 5वीं मंजिल, न्यू मोती बाग, नई दिल्ली – 110024

**बिजनेस CEO – NSDC इंटरनेशनल हेतु भर्ती**

NSDC इंटरनेशनल, बिजनेस CEO के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। यह रणनीतिक नेतृत्वकारी भूमिका दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट व्यावसायिक समझ तथा बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय पहलों एवं साझेदारियों के सिद्ध अनुभव वाले उम्मीदवार के लिए उपयुक्त है, जो भारत के वैश्विक कौशल विकास एजेंडा को आगे बढ़ाएगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी को रिपोर्ट करते हुए, बिजनेस CEO दैनिक परिचालन का संचालन करेंगे तथा रणनीतिक दृष्टि को जमीनी स्तर पर परिणामों में परिवर्तित करेंगे, जिसमें सशक्त परिचालन नेतृत्व व व्यावहारिक अनुभव अपेक्षित है।

**प्रमुख उत्तरदायित्व:**

- NSDC इंटरनेशनल हेतु लाभ–हानि प्रबंधन एवं रणनीतिक व्यावसायिक विकास का नेतृत्व
- अंतरराष्ट्रीय कार्यबल गतिशीलता परियोजनाओं का नेतृत्व, जिसमें रूपरेखा, कार्यान्वयन एवं साझेदारी शामिल
- विदेशी सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों व वैश्विक नियोक्ताओं के साथ सहयोग विकसित करना
- भारतीय उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन व विदेशों में रोजगार अवसर सुगम बनाना
- MSDE, MEA, राज्य सरकारों व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिलकर कौशल तंत्र सुदृढ़ करना
- NSDC इंटरनेशनल को वैश्विक कौशल गतिशीलता क्षेत्र में ज्ञान एवं विचार नेतृत्व केंद्र के रूप में स्थापित करना

यह नई दिल्ली स्थित पूर्णकालिक (Full-Time) नेतृत्वकारी पद है।

विस्तृत जॉब डिस्क्रिप्शन (JD) एवं आवेदन हेतु कृपया NSDC की करियर वेबसाइट देखें www.nsdcindia.org

**आवेदन करने की अंतिम तिथि: 15 जुलाई, 2026**


# शेखपुरा में भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु ●सौजन्य : जागरण

**संवाद सूत्र जागरण● बेलागंज:** प्रखंड क्षेत्र के शेखपुरा गांव में गुरुवार को श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर यात्रा को आकर्षक बनाया। कतरासीन पीठाधीश्वर श्रीराम प्रपन्नाचार्य के सानिध्य में आयोजित ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। यात्रा शेखपुरा गांव से निकलकर कंचनपुर स्थित सूर्य मंदिर तालाब पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरने की विधि संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में ग्रामीण रविंद्र शर्मा, नवल शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सत्यवान उर्फ धीरज शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुधीर शर्मा, रामाशीष शर्मा, लाल बाबू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मगध विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों पर लगी मुहर

**संवाद सूत्र,जागरण,बोधगया:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मगध विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद ने कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक निर्णय लिए हैं। गुरुवार को कार्यवाहक कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में आयोजित विद्वत परिषद की बैठक में नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, पीएचडी अध्यादेश तथा स्नातक स्तर के सीबीसीएस पाठ्यक्रम में संशोधन सहित विभिन्न प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (सेमेस्टर-1 एवं 2) के नए पाठ्यक्रम को 24 विषयों में मंजूरी दी गई। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भूविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, लोक प्रशासन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, फारसी, इस्लामिक अध्ययन, मैथिली, भोजपुरी, मगही, संगीत, नाट्यकला तथा मानवशास्त्र शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को एनईपी-2020 की नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार किया गया है। विद्वत परिषद ने चार वर्षीय सीबीसीएस स्नातक कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस (एईसी-4) के सेमेस्टर-1 से 4 तक की पाठ्यक्रम संरचना, कार्यक्रम अवधि और विभिन्न एग्जिट विकल्पों से संबंधित संशोधनों को भी स्वीकृति दी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौथे सेमेस्टर तक किसी भी सेमेस्टर में "क्रॉस वर्ड्स" को कौशल संवर्द्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया, जिसे 2 से 3 क्रेडिट के साथ लागू किया जाएगा। बैठक में बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के लिए प्रस्तावित पीएचडी उपाधि प्रदान करने संबंधी सम्परूप अध्यादेश एवं विनियम-2026 के प्रारूप को भी मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त एनईपी-2020 के अनुरूप दो वर्षीय (चार सेमेस्टर) और एक वर्षीय (दो सेमेस्टर) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अध्यादेश एवं विनियम के प्रारूप को भी अनुमोदित किया गया। इन निर्णयों के बाद विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप लागू करने का मार्ग और अधिक स्पष्ट हो गया है। बैठक में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. निभा सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एसएनपी यादव दीन, वाणिज्य संकायाध्यक्ष सहित सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष, निदेशक थे।


बैठक में शामिल कुलपति, कुलसचिव व अन्य. ●एमयू प्रशासन


**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना**

5, हार्डिंग रोड, पटना- 800001

(वेबसाईट: https://bpssc.bihar.gov.in)

**आवश्यक सूचना**

**विज्ञापन संख्या-03/2026 के परीक्षा केन्द्र परिवर्तित होने संबंधी सूचना।**

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या-03/2026 के अन्तर्गत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक मद्य निषेध पद की रिक्तियों के विरूद्ध चयन हेतु दिनांक-12.07.2026 (रविवार) को एक पाली में आयोजित प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा हेतु वैशाली जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्र 4609 Novel Creative Academy, Basudeopur, Chaputa, Hajipur को जिला पदाधिकारी, वैशाली से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निम्नरूपेण परिवर्तित किया गया है:-

| क्र० सं० | जिला | परीक्षा केन्द्र संख्या | पूर्व परीक्षा केन्द्र का नाम | नया परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैशाली | 4609 | Novel Creative Academy, Basudeopur, Chaputa, Hajipur | R.N. College (Administrative Block), Hajipur |

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि पूर्व में निर्गत प्रवेश-पत्र ही नये परिवर्तित परीक्षा केन्द्र पर मान्य होंगे। अतः अभ्यर्थी अपने पूर्व निर्गत प्रवेश-पत्र के साथ नये परीक्षा केन्द्र पर ससमय पहुँच कर परीक्षा में सम्मिलित हों। परीक्षा तिथि, समय एवं अन्य सभी प्रावधान पूर्ववत रहेंगे।

उक्त सूचना आयोग की वेबसाईट: https://bpssc.bihar.gov.in के 'Prohibition Dept.' टैब पर भी उपलब्ध है।

ह०/-
अध्यक्ष,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना

पत्र संख्या- बि०पु०अ० सेवा०आ०/परीक्षा-01-01/2026-850
दिनांक- 01.07.2026


## एक नजर में

### 477 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**डोभी :** समेकित जांच चौकी डोभी पर उत्पाद विभाग ने गुरुवार को वाहन जांच के दौरान एक वैगनआर कार से अंग्रेजी शराब की खेप बरामद की। कार में सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में झारखंड के रांची निवासी प्रकाश पांडेय तथा जहानाबाद जिले के निखिल कुमार, रमेश कुमार और कुंदन कुमार शामिल है। पुलिस ने कार से कुल 194.730 लीटर शराब जब्त की है। (संसू)

### बालू तस्कर गिरफ्तार

**गुरुआ :** गथान क्षेत्र में पुलिस ने बालू की अवैध ढुलाई में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक तेतरिया गांव का 20 वर्षीय रोहित कुमार है। युवक पर अवैध बालू परिवहन में लाइनिंग करने का आरोप है। उसे थाना लाया गया। पूछताछ की गई। (संसू)

### चार फरार वारंटी को जेल

**मोहनपुर :** अभियान के तहत मोहनपुर पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मटिहानी गांव निवासी बिहारी प्रसाद, रामकेवल प्रसाद व शिवचरण महतो तथा इटवा बाजार निवासी गोपाल प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। सभी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें जेल में भेज दिया गया। (संसू)

### मानपुर में सामुदायिक शौचालय में ताला

**मानपुर:** मानपुर प्रखंड परिसर के सामुदायिक शौचालय में ताला लगे रहने से प्रखंड कार्यालय में आने वाले लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि साफ-सुथरे शौचालय पर ताला लगा रहता है, जबकि गंदगी से भरे शौचालय खुले हैं। आरोप है कि बंद शौचालय की चाबी कुछ अधिकारियों और कर्मियों के पास होती है, जो आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग कर फिर ताला लगा देते हैं।


**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति**

**सत्र 2026–28 के लिये राज्य के इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य एवं उस संस्थान में इण्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु तिथि विस्तारित करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के इण्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं उस संस्थान में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026–28 में इण्टरमीडिएट कक्षा में Online Facilitation System For Students (OFSS) प्रणाली से स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के लिए समिति की विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 136/2026 के माध्यम से दिनांक 25.06.2026 से 01.07.2026 तक संबंधित शिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने हेतु तिथि निर्धारित किया गया था।

2. **विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुये इण्टरमीडिएट कक्षा में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की तिथि 09.07.2026 तक विस्तारित की जाती है।**

3. विभिन्न +2/इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य स्पॉट नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्त सीटों संबंधी सूचना अपने शिक्षण संस्थानों के न्यूनतम तीन स्थलों पर प्रदर्शित करेंगे।

4. स्पॉट नामांकन हेतु इच्छुक विद्यार्थी जिस संकाय एवं विषय में सीट रिक्त है, वहीं नामांकन के लिए प्राचार्य से मिलकर अनुरोध करेंगे एवं संबंधित प्राचार्य रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों का नामांकन ले सकेंगे। C.B.S.E, C.I.S.C.E एवं अन्य बोर्ड से उत्तीर्ण विद्यार्थी भी स्पॉट नामांकन करा सकते हैं।

5. OFSS नामांकन प्रक्रिया के तहत प्रथम/द्वितीय/तृतीय सूची में चयनित तथा नामांकित विद्यार्थी जिन्होंने नामांकन के पश्चात् स्लाईड–अप का विकल्प दिया था, लेकिन स्लाईड–अप वाले संस्थान में अंतिम रूप से नामांकन नहीं ले सके, ऐसे विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका पूर्व में लिया गया नामांकन स्वतः रद्द हो गया है तथा उन्हें स्पॉट नामांकन के तहत नामांकन लेने के लिए फिर से ऑनलाईन आवेदन करना होगा, अन्यथा वे इण्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2028 में शामिल होने के योग्य नहीं होंगे।

6. इसी क्रम में सूचित किया जाता है कि वैसे शिक्षण संस्थान जहाँ कतिपय तकनीकी एवं अन्य कारणों से नामांकित विद्यार्थियों के नामांकन को ऑनलाईन अपडेशन नहीं किया जा सका है, वैसे विद्यार्थियों को भी स्पॉट नामांकन की अवधि के दौरान ऑनलाईन अपडेशन करने की सुविधा प्रदान की जायेगी।

किस तरह कुछ आवश्यक मामलों में भी समय पर कदम उठाने से बचा जाता है, इसका ही उदाहरण है लंबी देरी के बाद राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी होना। इससे खराब बात और कोई नहीं हो सकती कि सात वर्ष की प्रतीक्षा के बाद इस बोर्ड का गठन किया जा सका और वह भी तब, जब सुप्रीम कोर्ट ने इस बोर्ड के गठन में देरी को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की। कायदे से इस बोर्ड का गठन 2019 में तभी कर दिया जाना चाहिए था, जब मोटर यान अधिनियम में संशोधन कर इसके लिए प्रविधान किए गए थे। इस बोर्ड के गठन में देरी यही बताती है कि हमारे नीति-नियंता सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के मामले में संवेदनशील नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि आखिरकार इस 20 सदस्यीय बोर्ड का गठन कर दिया गया, क्योंकि बात तब बनेगी, जब यह बोर्ड प्रभावी परिणाम देने में समर्थ भी होगा। इस बोर्ड के सदस्यों में सड़क इंजीनियरिंग और यातायात प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें विभिन्न राज्यों के परिवहन आयुक्त और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी भी होंगे। यह बोर्ड केंद्र और राज्य सरकारों के साथ स्थानीय निकायों को यातायात प्रबंधन संबंधी तकनीकी सलाह और सहायता देने के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों के सुरक्षित डिजाइन, निर्माण, रखरखाव आदि के न्यूनतम सुरक्षा मानक भी निर्धारित करेगा। इसके अतिरिक्त यह बोर्ड सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाने के भी सुझाव देगा। समझना कठिन है कि बेलगाम मार्ग दुर्घटनाओं के बाद भी सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन में देरी क्यों हुई? यह काम तो बहुत पहले हो जाना चाहिए था, क्योंकि देश में वर्ष दर वर्ष मार्ग दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन दुर्घटनाओं में मरने और घायल होने वालों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। मार्ग दुर्घटनाओं के मामले में भारत का रिकार्ड बेहद खराब ही नहीं, बल्कि शर्मनाक भी है, क्योंकि देश में वाहनों की संख्या कई देशों से कम है। मार्ग दुर्घटनाओं के कारण किसी से छिपे नहीं। खराब सड़कें, खटारा वाहन, अकुशल चालक, यातायात नियमों की अनदेखी आदि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। क्या राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड ऐसे उपाय कर सकेगा, जिनसे इन कारणों का निवारण हो सके? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि जब तक मार्ग दुर्घटनाओं के जाने-पहचाने कारणों का निवारण करने में लापरवाही का परिचय देने वाले अधिकारियों और विभागों को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक हालात बदलने वाले नहीं हैं। इसलिए और नहीं, क्योंकि सुरक्षित यातायात के लिए जैसी राजनीतिक एवं प्रशासनिक इच्छाशक्ति चाहिए, उसका अभाव ही अधिक दिखता है।

# सहयोग आवश्यक

राज्य में विकसित भारत- ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम (वीबी-जीरामजी) लागू हो जाने के बाद श्रमिकों को अब नए सिरे से निबंधन कराना होगा। इसके पूर्व मनरेगा में राज्य के 1.42 करोड़ श्रमिकों को इस योजना से रोजगार नहीं मिल सका था, क्योंकि उनकी आधार सीडिंग नहीं हो पाई थी। अब नए सिरे से निबंधन की प्रक्रिया को पूरी करने के लिए जरूरी है कि इस प्रक्रिया में लगे लोगों का रुख सहयोगात्मक हो। पूर्व की योजना में कई विसंगतियां भी सामने आई थीं। अतः जरूरी है कि निबंधित श्रमिकों की सूची पारदर्शी और त्रुटिमुक्त हो। केंद्र सरकार ने रोजगार और आजीविका के पुनीत उद्देश्य से इस योजना को नया रूप दिया है। बशर्ते राज्य सरकारें इसकी शुचिता के प्रति सक्रिय और सचेत रहें। सबसे पहले जरूरी है श्रमिकों के पास आधार कार्ड की उपलब्धता। ई-केवाईसी भी आवश्यक है। इसके लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। मनरेगा में निबंधित श्रमिकों की संख्या 2.57 करोड़ थी। लेकिन, 1.15 करोड़ की ही आधार सीडिंग हो पाई थी। ऐसी स्थिति फिर न बने इसके लिए इस प्रक्रिया को पूरी करने के वे सारे उपाय किए जाएं, जिसका लाभ हर उस श्रमिक को मिले जिसे रोजगार की सख्त जरूरत है।

> वीबी-जीरामजी के निबंधित श्रमिकों की सूची पारदर्शी और त्रुटिमुक्त हो, सरकार इसके प्रति सचेत रहे

**कह के रहेंगे** — माधव जोशी




**जागरण जनमत** — कल का परिणाम

क्या सवालों से घिरे राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों के खिलाफ भी एफआइआर होनी चाहिए?




**आज का सवाल**

क्या पाकिस्तान से शांति वार्ता शुरू करने की मांग करने वाले आतंकवाद की अनदेखी कर रहे हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आंकड़े प्रतिशत में)

# पाकिस्तान से शांति की निराधार आस



**विवेक काटजू**

**पाकिस्तान के साथ वार्ता के भारतीय पैरोकारों का रवैया अपराधी और पीड़ित को एक पलड़े में रखने जैसा है**

भारत और पाकिस्तान के 116 व्यक्तियों के एक समूह ने भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों को एक संयुक्त पत्र लिखकर दोनों देशों के बीच संवाद फिर से शुरू करने और सौहार्दपूर्ण संबंधों की दिशा में प्रयास करने का अनुरोध किया है। इस पत्र की पहल भारतीय संगठन सेंटर फार पीस एंड प्रोग्रेस द्वारा की गई है। भारत की ओर से इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में जम्मू-कश्मीर के फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती जैसे पूर्व मुख्यमंत्री और अलगाववादी मीरवाइज उमर फारूक के नाम प्रमुख हैं। मणिशंकर अय्यर जैसे कुछ और प्रमुख नाम भी इस मुहिम से जुड़े हैं। पाकिस्तान से इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद कसूरी और भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अशरफ जहांगीर काजी जैसे नाम प्रमुख हैं। समय-समय पर अमन की आशा करने वाले कुछ और लोग भी इस अभियान से जुड़े हैं।

इसमें शायद ही कोई संदेह हो कि इस अभियान से जुड़े लोगों की मंशा में कोई खोट है, क्योंकि भारत एवं पाकिस्तान के संबंधों का सामान्य होना दोनों ही देशों की जनता के हित में होगा। हालांकि समस्या इस मंशा की व्यावहारिकता में है, क्योंकि इस अभियान को छेड़ने वालों ने शांति की राह में मुख्य अवरोधक रहे पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के उस रवैये का अनदेखा ही किया, जिसने भारत को सदैव शत्रु की दृष्टि से देखा है। यह स्वाभाविक ही है कि पाकिस्तानी हस्ताक्षरकर्ताओं से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपने देश की भारत के प्रति नकारात्मक नीतियों के बारे में इस सत्य को स्वीकार करें, लेकिन क्या भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं को इस तथ्य की अनदेखी करनी चाहिए थी? वे निश्चित रूप से जानते हैं कि 1947 में जब पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में कबाइली हमलावरों को भेजा था, तब से पाकिस्तान ने हमेशा हिंसा का प्रयोग कर जम्मू-कश्मीर को हथियाने की तमाम कोशिश की हैं। इसके लिए उसने 1965 और 1999 में दो युद्ध छेड़े। कारगिल युद्ध से पहले 1990 के दशक की शुरुआत से ही उसने भारत के खिलाफ आतंकवाद के उपयोग को अपनी अघोषित नीति बना लिया। इसके तहत लश्कर एवं जैश और अन्य तमाम छिटपुट आतंकी संगठनों को पोषित किया। इन आतंकी गतिविधियों ने भारत में जान-माल का भारी नुकसान करने के साथ ही समूचे क्षेत्र की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। अब जब यह पत्र सार्वजनिक हो चुका है तो इस पर भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं से यह पूछा ही जाना चाहिए कि क्या वे इससे सहमत हैं कि पाकिस्तान ही दोनों देशों के बीच समस्याओं का जिम्मेदार है?

भले ही यह माना जाए कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश के निर्माण के बाद पाकिस्तान की सेना को हराने के बाद शिमला समझौते पर हस्ताक्षर करके गलती की थी, लेकिन यह नकारा नहीं किया जा सकता कि इस समझौते के माध्यम से उन्होंने भारत-पाकिस्तान संबंधों को शांति और स्थिरता की राह पर बढ़ाने का ईमानदार प्रयास किया था। शिमला समझौते के करीब 25 साल बाद प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर का दौरा किया। पाकिस्तानी जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए वे मीनार-ए-पाकिस्तान भी गए कि त्रासद विभाजन के बावजूद भारत पाकिस्तान की संप्रभुता को पूरी तरह स्वीकार करता है। उन्होंने वहां विजिटर्स बुक में यह भी लिखा कि एक स्थिर और समृद्ध पाकिस्तान भारत के हित में है। वाजपेयी की इस राजनयिक पहल का जवाब पाकिस्तान ने कारगिल युद्ध छेड़कर दिया और शांतिपूर्ण संबंधों की प्रक्रिया पटरी से उतर गई। वाजपेयी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को अपनी भली मंशा के संकेत देने के लिए दिसंबर 2015 में काबुल से भारत लौटते समय लाहौर का दौरा किया और उस समय प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से मिले। दस दिन बाद पाकिस्तान ने पठानकोट हमले को अंजाम दिया। यह विवरण यही स्मरण कराने के लिए है कि पत्र लिखने की मुहिम से जुड़े भारतीयों को इतना तो याद रखना चाहिए कि उड़ी हमले के बाद भारत का दृष्टिकोण एकदम स्पष्ट रहा है कि आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं चल सकते। राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से यह पूरी तरह सही भी है। इस कसौटी को अनदेखा करते हुए भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं ने एक ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें आतंकवाद का उल्लेख भी नहीं है।



अवधेश राजपूत

जहां तक सिंधु जल समझौते की बात है तो उसे निलंबित करने के पीछे भारत का उद्देश्य पाकिस्तान को यही स्पष्ट संदेश देना है कि वह इस भ्रम में न रहे कि उसकी ओर से निरंतर आतंकी घटनाओं के बावजूद भारत अपना उदार रवैया बनाए रखेगा। ऐसे में भारतीय हस्ताक्षरकर्ताओं की पहल बहुत अफसोसजनक है। यह अपराधी को पीड़ित के साथ एक ही पलड़े पर रखने और पीड़ित से यह मांग करने जैसा है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए कोई जवाबी उपाय न करे। क्या इससे अधिक हास्यास्पद कुछ हो सकता है?

उक्त पत्र में उल्लिखित प्रस्ताव भी नए नहीं हैं। इनमें से अधिकांश भारत-पाकिस्तान समग्र संवाद प्रक्रिया का हिस्सा रहे हैं, जिस पर दोनों देशों ने सितंबर 1998 में पहली बार सहमति दी थी। वाजपेयी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह संवाद प्रक्रिया जारी रही, लेकिन आतंकी हमलों के चलते ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके। कारण स्पष्ट है कि किसी बड़े आतंकी हमले के बाद भारत सरकार भला क्यों संवाद प्रक्रिया जारी रखे? इससे जनाक्रोश ही बढ़ेगा। पत्र से जुड़े लोग इससे भी भलीभांति परिचित होंगे कि पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान का केंद्र हमेशा से सेना रही है और वर्तमान सेना प्रमुख तो इतने शक्तिशाली बना दिए गए हैं कि उन्हें फील्ड मार्शल की पदवी प्राप्त हो चुकी है। उनका भारत के प्रति घोर शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण किसी से छिपा नहीं रहा। पहलगाम हमले से चंद दिनों पहले ही उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान का निर्माण द्विराष्ट्र सिद्धांत के आधार पर हुआ था, जो यह मानता है कि हिंदू और मुस्लिम अलग-अलग कौम और शत्रुतापूर्ण राष्ट्र हैं। इस सिद्धांत के अनुसार तो दोनों देश सदैव एक-दूसरे के शत्रु रहेंगे। ऐसे में पाकिस्तानियों से यह पूछना उचित होगा कि इस सिद्धांत पर उनके क्या विचार हैं?

(लेखक पूर्व राजनयिक हैं)

response@jagran.com

# इतिहास के सच्चे नायकों की सुध



**प्रणय कुमार**

**कोलकाता में सुहरावर्दी एवेन्यू रोड को 'गोपाल मुखर्जी रोड' का नाम देना नायकों के सम्मान का सार्थक कदम है**

गत दिनों कोलकाता नगर निगम ने 'सुहरावर्दी एवेन्यू रोड' का नाम बदलकर 'गोपाल मुखर्जी रोड' कर दिया। इस बदलाव को लेकर जहां कांग्रेस, टीएमसी एवं वामपंथी बुद्धिजीवी यह तर्क दे रहे हैं कि इस सड़क का नाम हुसैन शहीद सुहरावर्दी पर नहीं, बल्कि उनके चाचा सर हसन सुहरावर्दी के नाम पर रखा गया था, जो अंग्रेजों के जमाने के जाने-माने शिक्षाविद्, चिकित्सक एवं 1930-34 के बीच कलकत्ता विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर थे। वहीं बंगाल की बहुसंख्यक आबादी इस परिवर्तन को षड्यंत्रपूर्वक विस्मृत कर दिए गए एक महान नायक 'गोपाल पाठा' (प्रचलित नाम) को उचित सम्मान दिलाने के लिए एक आवश्यक कार्रवाई के रूप में देख रही है।

वस्तुतः नाम परिवर्तन के विरोध में खड़े दल एवं बुद्धिजीवी इस मुद्दे को भी अपनी सुविधा से प्रस्तुत कर रहे हैं और तस्वीर के स्याह पहलुओं को जान-बूझकर छुपा रहे हैं। जिस हसन सुहरावर्दी को वे एक महान शिक्षाविद्, चिकित्सक, समाजसेवी बताते नहीं थक रहे, दरअसल उनकी विरासत एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि उनके भतीजे हुसैन शहीद सुहरावर्दी से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। दोनों न केवल एक ही कुल-खानदान के वारिस थे, बल्कि मुस्लिम लीग के नेता भी थे। दोनों ने विभाजनकारी राजनीति का पोषण किया। दोनों जिन्ना के द्विराष्ट्र सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा हसन सुहरावर्दी को 'नाइटहुड' की उपाधि इसलिए प्रदान की गई थी, क्योंकि उन्होंने छह फरवरी, 1932 को कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में तत्कालीन गवर्नर स्टैनली जैक्सन पर गोली चलाने से महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता-सेनानी बीना दास को बलपूर्वक रोका था। इस कदम के लिए जिस दिन बीना दास को जेल भेजा गया, उसी दिन औपनिवेशिक सत्ता के प्रति राजभक्ति प्रदर्शित करने के लिए हसन सुहरावर्दी को 'नाइटहुड' की उपाधि प्रदान की गई। इसके बाद अप्रैल, 1933 में ब्रिटिश सरकार ने उनके नाम पर कोलकाता के एक सड़क का नाम 'सुहरावर्दी एवेन्यू' रखा। यह भी कहा जा रहा है कि हसन सुहरावर्दी ने ब्रिटिश सरकार का विरोध जताने के लिए 1946 में "नाइटहुड" की उपाधि लौटा दी थी। यह भी आधा सच है। पूरा सच यह है कि मुस्लिम लीग के आह्वान पर भारत विभाजन की मांग को व्यापक स्वीकृति दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि लौटाई थी। हसन सुहरावर्दी की बेटी आगे चलकर पाकिस्तान की पहली महिला सिविल सेवक बनीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल की सदस्य रहीं और पाकिस्तान ने उन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज' से सम्मानित किया। एक ऐसा व्यक्ति, जो अंग्रेजों का अनन्य भक्त हो, एक महान क्रांतिकारी को जेल भिजवाने का दोषी हो, मुस्लिम लीग के नेता के रूप में भारत के विभाजन का समर्थक हो, पृथक पहचान के आधार पर बने एक अलग मुल्क में अपना और अपने वारिसों का भविष्य देखता हो, उसके नाम पर भारत के किसी भी शहर, सड़क, इमारत का नाम क्यों होना चाहिए? आखिर भारत विभाजन के जिम्मेदार लोगों का महिमामंडन क्यों?



इतिहास की भूलों को सुधारना आवश्यक • फाइल

जहां तक उनके भतीजे हुसैन शहीद सुहरावर्दी की बात है, तो इतिहास में उसके नाम पर हिंदुओं के दो-दो नरसंहार दर्ज हैं। तब बंगाल में मुस्लिम लीग की अंतरिम सरकार थी। हुसैन शहीद सुहरावर्दी उसका प्रधानमंत्री था। जिन्ना के आह्वान पर 'डायरेक्ट एक्शन डे' का बंगाल में वह नेतृत्व कर रहा था। उसने योजना बनाकर हिंदुओं का नरसंहार सुनिश्चित किया। डायरेक्ट एक्शन डे यानी 16 अगस्त, 1946 से पहले उसने कलकत्ता के 24 थानों में से 22 में मुस्लिम और दो में एंग्लो-इंडियन थाना प्रभारी नियुक्त कर दिए। पुलिसकर्मियों एवं सरकारी कर्मचारियों को तीन दिन का अकारण अवकाश दे दिया। डायरेक्ट एक्शन डे के दिन वह स्वयं पुलिस मुख्यालय के नियंत्रण-कक्ष में बैठकर पुलिसकर्मियों को दंगाइयों के विरुद्ध कार्रवाई से रोक रहा था। इसका परिणाम यह हुआ कि अकेले कलकत्ता में 6,000 से अधिक हिंदुओं का केवल 72 घंटे में संहार हुआ, 17 हजार से अधिक घायल हुए और एक लाख से अधिक हिंदू बेघर हुए। इस दंगे के बाद नोआखली में हुए दंगों में हजारों हिंदुओं का नरसंहार हुआ, बहुसंख्यकों की जान-माल को व्यापक क्षति हुई और माताओं-बहनों को अमानुषिक यातनाओं का शिकार होना पड़ा। यही हुसैन शहीद सुहरावर्दी आगे चलकर 1956-57 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बना। इस पर देश के आयकर-विभाग ने 1945-46 एवं 1946-47 के लिए 50 लाख रुपये का कर लगाया था, लेकिन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उदारता दिखाते हुए तत्कालीन वित्त मंत्री जान मथाई एवं बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिधानचंद्र राय को पत्र लिखकर कार्रवाई से उसे मुक्ति दिलवा दी और वह अंततः 1948 में स्थायी रूप से पाकिस्तान चला गया। इसके विपरीत गोपाल पाठा ने न केवल दंगाइयों से हिंदुओं की रक्षा की, बल्कि कलकत्ता को पाकिस्तान में मिलाने की जिन्ना, सुहरावर्दी एवं मुस्लिम लीग की साजिश पर पानी फेर दिया। ऐसे में 'सुहरावर्दी एवेन्यू रोड' का 'गोपाल मुखर्जी रोड' में परिवर्तन इतिहास के नायकों और खलनायकों की सही पहचान स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

(लेखक शिक्षाविद् एवं सामाजिक संस्था 'शिक्षा-सोपान' के संस्थापक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### सौभाग्य का सूरज

ईर्ष्या, भय, क्रोध, घृणा नकारात्मक भाव हैं। प्रायः कहा जाता है कि ईर्ष्या मत करो, घृणा और द्वेष मत करो, क्योंकि ये पाप कर्म हैं। आज यह धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण निर्देश बन गया है। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है कि जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे निषेधात्मक भावों से बचना चाहिए। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन, मूड का बिगड़ते रहना-ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है।

अति चिंतन, अति स्मृति और अति कल्पना-ये भी समस्या पैदा करते हैं। शरीर, मन और वाणी-इन सबका उचित उपयोग होना चाहिए। यदि इनका उपयोग न हो, इन्हें बिल्कुल काम में न लें, तो ये निकम्मे हो जाएंगे। यदि इन्हें बहुत ज्यादा काम में लें, अतियोग हो जाए, तो भी ये समस्या पैदा करेंगे। इस समस्या का कारण व्यक्ति स्वयं है और वह समाधान खोजता है दवा में, डाक्टर में या बाहर आफिस में। यही समस्या व्यक्ति को अशांत बनाती है। जरूरत है संतुलित जीवनशैली की। जीवनशैली के शुभ मुहूर्त पर हमारा मन उगती धूप की तरह ताजगी भरा होना चाहिए, क्योंकि अनुत्साह भयाक्रांत, शंकालु, अधमरा मन समस्याओं का जनक होता है। यदि हमारे पास विश्वास, साहस, उमंग और संकल्पित मन है, तो दुनिया की कोई ताकत हमें अपने पथ से विचलित नहीं कर सकती और सफलता का राजमार्ग भी यही है। व्यक्ति के सकारात्मक प्रयास ही सौभाग्य का सूरज बनते हैं। यही प्रयास उसकी प्रगति का पथ प्रशस्त करते हैं।

सौभाग्य का सूरज उदित करने के लिए मन की भूमि पर विचारों के बीज संभलकर डालने होते हैं। जैसा बीज होगा, वैसे ही उसके फल एवं फूल होंगे। मन में किसी के लिए अच्छाई या बुराई के बीज बोने से पहले ध्यान रखें कि ये आपके अपने भीतर ही जड़ें फैलाएंगे। उसकी सुगंधित या दूषित हवा में पहले आप स्वयं सांस लेंगे।

स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी

## पाठकनामा

pathaknama@pat.jagran.com

### समयबद्ध न्याय देने की पहल

'सुधारों की दिशा में सार्थक पहल' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में लेखक आलोक रंजन ने न्यायिक प्रणाली में बदलाव की चर्चा की है। भारतीय न्याय व्यवस्था सत्यमेव जयते के सिद्धांत पर आधारित है, लेकिन वास्तविकता यह है कि न्यायालय से न्याय प्राप्त करना बहुत कठिन हो गया है। जमानत अर्जी से लेकर मुकदमों के निस्तारण तक की प्रक्रिया बेहद जटिल एवं शिथिल है। इसके कारण जिला अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है। आज देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लगभग पांच करोड़ हो चुकी है। न्यायालय से जल्दी न्याय प्राप्त करने के लिए कई लोग अपनी जमीन एवं आभूषण तक बेच देते हैं, लेकिन अदालतों से उन्हें न्याय के बजाय तारीख पर तारीख मिलती रहती है। कभी-कभी तारीख पर जाते-जाते फरियादी खुद भी एक तारीख बन जाता है। आम नागरिक के लिए न्याय तभी सार्थक है, जब वह समयबद्ध, सुलभ और पारदर्शी हो। इस उद्देश्य से नए आपराधिक कानूनों के तहत जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया में समय-सीमा निर्धारित करने, डिजिटल तकनीक के व्यापक उपयोग तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में किए गए सुधार स्वागतयोग्य हैं। ई-एफआइआर, ई-साक्ष्य, डिजिटल केस प्रबंधन, फारेंसिक जांच और वीडियो कांफ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाएं न्याय प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाएंगी। इससे मामलों के शीघ्र निस्तारण में सहायता मिलेगी। हालांकि किसी भी कानून की सफलता केवल उसके प्रविधानों पर नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। इसके लिए पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका और फारेंसिक संस्थानों को पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित मानवबल तथा आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

हिमांशु शेखर, केसपा, गयाजी

### सुरक्षा भी जरूरी

डिजिटल तकनीक ने जीवन को पहले से अधिक सरल और सुविधाजनक बना दिया है। बैंकिंग, खरीदारी, शिक्षा और सरकारी सेवाएं अब कुछ ही क्लिक में उपलब्ध हैं। लेकिन इसके साथ साइबर अपराध और आनलाइन ठगी भी तेजी से बढ़ी है। फर्जी काल, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड, नकली निवेश योजनाएं और डिजिटल अरेस्ट जैसे हथकंडों से अपराधी लोगों की मेहनत की कमाई और निजी जानकारी दोनों पर हमला कर रहे हैं। सरकार ने साइबर हेल्पलाइन 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और जागरूकता अभियानों जैसी पहल की हैं। इसके बावजूद केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। बैंकों, डिजिटल कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिकों को मिलकर साइबर सुरक्षा की संस्कृति विकसित करनी होगी। हर नागरिक को ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करनी चाहिए। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचना आवश्यक है।

- प्रभात कुमार भारती, झंझारपुर (मधुबनी)

### समाधान की उम्मीद

डिजी रोवर विशेष भूमि पैमाइश अभियान के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व प्रशासन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल की है। एक जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य उपग्रह आधारित तकनीक से भूमि सीमांकन और पैमाइश के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करना है। इससे पारदर्शी और सटीक भूमि प्रबंधन व्यवस्था विकसित होने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश विवाद खेत की मेड़, सीमांकन और भूमि स्वामित्व से जुड़े होते हैं। पारंपरिक पैमाइश प्रणाली में त्रुटियों और पुराने अभिलेखों के कारण अनेक मामले वर्षों तक लंबित रहते हैं। आधुनिक तकनीक से पैमाइश होने पर विवाद कम होंगे, किसानों का समय और धन बचेगा तथा विकास कार्यों के लिए सटीक भू-अभिलेख उपलब्ध हो सकेंगे। हालांकि अभियान की सफलता केवल आधुनिक उपकरणों पर निर्भर नहीं करेगी। प्रशिक्षित कर्मी, अद्यतन अभिलेख, पारदर्शी कार्यप्रणाली और प्रशासनिक जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। यदि यह माडल सफल होता है तो अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बन सकता है। पूरे देश में ऐसी व्यवस्था लागू होने पर भूमि प्रबंधन अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और विवादमुक्त बन सकेगा। यह डिजिटल भारत और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकता है।

- अवनीश कुमार गुप्ता, पटना

## X पोस्ट

शिमला समझौते का उद्देश्य हिंसा के दौर को खत्म करना और आपसी सहयोग का नया रास्ता बनाना था, फिर भी पाकिस्तान ने पिछले 50 वर्षों में ठीक इसके उलट काम किया है। कश्मीर पर प्रोपेगेंडा फैलाना, नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करना और आतंकवाद को सरकारी नीति बनाना। शिमला समझौता फेल नहीं हुआ। पाकिस्तान फेल हुआ-बार-बार और लगातार! फातिमा डार@FatimaDar_jk

पाकिस्तान में 125 साल पुराने गुरुद्वारे को बुलडोजर से गिरा दिया गया। यह सिख आस्था, इतिहास और विरासत पर हमला है। इस पवित्र स्थल को मलबे में तब्दील कर दिया गया, जो अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने वाली घटनाओं की लंबी सूची में एक और घटना है। तजिंदर बग्गा@TajinderBagga



आसिम मुनीर ने डींग हांकी थी कि मुसलमान हिंदुओं के साथ मिल-जुलकर नहीं रह सकते, क्योंकि वे अलग-अलग नस्लें हैं। अचानक बिन कासिम के कथित वंशज सिंधु घाटी सभ्यता की संतान बन गए हैं। भारत द्वारा सिंधु जल संधि पर स्थगन से पाकिस्तान बौखला गया है। भविष्य में हमें ऐसे और बयान सुनने को मिल सकते हैं। प्रमोद कुमार सिंह@SinghPramod2784

## जनपथ

जाएंगे अब नर्क में सभी चढ़ावा चोर,
पक्का अगले जन्म में सभी बनेंगे ढोर।
सभी बनेंगे ढोर पड़ेंगे इनको डंडे,
धन प्रभु जी का खाय बचेंगे ना मुस्टंडे।
योगी जी के राज न ये अब बच पाएंगे,
मुंह पर कालिख पोत जेल में सड़ जाएंगे!

-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान सम्पादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान सम्पादक -संजय गुप्त

जागरण प्रकाशन लिमिटेड के लिये आनन्द त्रिपाठी द्वारा दैनिक जागरण प्रेस C-5, C-6 & 15 इंडस्ट्रियल एरिया, पाटलिपुत्रा, पटना - 800013 से प्रकाशित एवं मुद्रित, सम्पादक (बिहार/प. बंगाल)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय सम्पादक - आलोक मिश्रा * दूरभाष : 0612-2277071, 2277072, 2277073

E.mail : patna@pat.jagran.com, R.N.I. NO. BIHHIN/2000/03097* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी पटना जीपीओ रजि. नं. R-10/NP-18/14-16 समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे। वर्ष 27 अंक 82

## बिहार के साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में भी मामले दर्ज

# प्रेमी–प्रेमिका चला रहे थे फर्जी काल सेंटर, कई लोगों से लाखों की ठगी

- गर्लफ्रेंड को कालिंग गर्ल बना उड़ाए लाखों, प्रेमी–प्रेमिका समेत तीन साइबर शातिर गिरफ्तार
- छह लाख आठ हजार 650 रुपये कैश और भारी संख्या में डिजिटल उपकरण बरामद



गिरफ्तार आरोपितों के फ्लैट से बरामद सामान। सौ. : साइबर थाना

**जागरण संवाददाता, पटना :** पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के जोगीपुर में पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्राड रैकेट का पर्दाफाश किया है। यहां किराये के एक फ्लैट में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन और अन्य सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी काल सेंटर चलाया जा रहा था। पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मौके से एक युवती समेत तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह लाख आठ हजार 650 रुपये कैश और भारी संख्या में डिजिटल उपकरण बरामद हुए हैं। इस पूरे खेल का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि इस गैंग का मास्टरमाइंड कोई पेशेवर अपराधी नहीं, बल्कि कालेज में पढ़ने वाला एक छात्र है, जिसने अपनी ही प्रेमिका को इस काले धंधे में उतार दिया था। कालिंग गर्ल बनाकर देश के विभिन्न राज्यों से लाखों रुपये की ठगी की। पकड़े गए आरोपितों में नवादा के वारिसलिगंज थाना क्षेत्र के कुंभी गांव निवासी मुख्य सरगना अक्षय कुमार (22 वर्ष), गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के भवनपुर निवासी उसका दोस्त शिवम कुमार (22 वर्ष) और अक्षय की प्रेमिका पटना के दीघा निवासी रिमझिम कुमारी (20 वर्ष) शामिल हैं। अक्षय और रिमझिम एक ही कालेज में साथ पढ़ते थे, जहां दोनों के बीच प्यार हो गया। अक्षय पहले से ही साइबर फ्राड के जरिए मोटी रकम कमा रहा था। अपने इस अवैध कारोबार को और बढ़ाने के लिए उसे एक महिला कालर की जरूरत थी, जिसकी आवाज पर लोग आसानी से भरोसा कर सकें। इसके लिए अक्षय ने अपनी ही गर्लफ्रेंड रिमझिम को चुना और उसे साइबर ठगी की पूरी प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी। बाद में अक्षय ने अपने दोस्त शिवम को भी इस काम के लिए तैयार किया और उसे भी ठगी के गुर सिखाए। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि ठगी के लिए इस्तेमाल होने वाले सिम कार्ड अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ (कांटी फैक्ट्री के पास) स्थित एक दुकान से खरीदे जाते थे। एक दुकानदार बिना किसी वैध दस्तावेज के महज 2,500 से 3,000 रुपये में इन्हें सिम कार्ड उपलब्ध करा देता था। पुलिस अब उस दुकान मालिक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

पुलिस ने मौके से 14 मोबाइल फोन, एक लैपटाप, एक टैबलेट, 15 एटीएम कार्ड, पांच चेकबुक, चार पासबुक, तीन नोटबुक, सात सिम कार्ड और 6,08,650 रुपये नकद जब्त किए हैं। इस गिरोह में दो अन्य स्थानीय अपराधियों की संलिप्तता भी सामने आई है जो फिलहाल फरार हैं।

### इंटरनेट मीडिया पर फर्जी लोन का विज्ञापन

गिरोह ने ठगी के लिए बाकायदा एक संगठित सिस्टम बना रखा था, जिसमें सबका काम बंटा हुआ था। मास्टरमाइंड अक्षय और उसका दोस्त शिवम फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री मुद्रा लोन और सस्ते ब्याज पर ऋण देने के फर्जी विज्ञापन पोस्ट करते थे। जब देश के अलग-अलग राज्यों के जरूरतमंद लोग इन विज्ञापनों को देखकर लोन के लिए आवेदन करते, तो यह गैंग उनका डेटा डाउनलोड कर लेता था। इसके बाद काम शुरू होता था प्रेमिका रिमझिम का, जो कालिंग गर्ल बनकर पीड़ितों को अपनी मीठी बातों और भारी प्रलोभन के जाल में फंसाती थी। जैसे ही कोई पीड़ित लोन लेने के लिए तैयार होता, यह गिरोह उसे झांसा देने के लिए एक फर्जी लोन अप्रूवल लेटर बनाकर भेज देता था। इसके बाद जीएसटी, अप्रूवल फीस और प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर क्यूआर कोड या यूपीआइ के जरिए 500 रुपये से 2,000 रुपये तक ऐंठ लिए जाते थे। पैसे ट्रांसफर होते ही रिमझिम उस पीड़ित का नंबर ब्लाक लिस्ट में डाल देती थी। पिछले एक साल से चल रहे इस फर्जी काल सेंटर के खिलाफ बिहार के साथ-साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में भी मामले दर्ज है।

### अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह की नौ महिलाएं गिरफ्तार

**संवाद सहयोगी, जागरण, पीपरा (पूर्वी चंपारण) :** पीपरा थाना क्षेत्र के सागर गांव में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की कलश यात्रा के दौरान पुलिस ने एक संगठित अंतरराज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में नौ महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# दो बच्चों की हत्या करने वाली मां और प्रेमी को फांसी की सजा

**संस, जागरण • झंझारपुर (मधुबनी) :** बहुचर्चित दोहरे मासूम हत्याकांड में गुरुवार को झंझारपुर व्यवहार न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। प्रेम संबंध में बाधा बन रहे अपने ही चार वर्षीय बेटे और डेढ़ वर्षीय बेटी की निर्मम हत्या कर शवों को बलान नदी में फेंकने की दोषी मां और उसके प्रेमी को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई। झंझारपुर कोर्ट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी मामले में मृत्युदंड का आदेश दिया गया है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) अभिषेक रंजन की अदालत ने घोघरडीहा थाना कांड संख्या 114/2023 में दोनों अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मृत्युदंड एवं 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न चुकाने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भी दिया गया। इसके अलावा, धारा 201/34 के तहत सात-सात वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। अभियोजन के अनुसार, 4 जुलाई 2023 को अनिता कुमारी अपने चार वर्षीय पुत्र प्रिंस और डेढ़ वर्षीय पुत्री सृष्टि को घर से लेकर निकली थी। आरोप है कि उसने प्रेमी जयप्रकाश मंडल के साथ मिलकर दोनों बच्चों की हत्या की और शवों को बलान नदी में फेंक दिया। प्रिंस का शव घटना वाले दिन ही नदी से बरामद हुआ, जबकि सृष्टि का शव 48 घंटे बाद मिला। घटना के बाद, ग्रामीणों ने दोनों आरोपितों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### ट्रेलर व कार की सीधी टक्कर में साला-बहनोई की मौत, चार घायल

**संवाद सूत्र, जागरण • चंद्रमंडी (जमुई) :** चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे ट्रेलर और कार की आमने-सामने टक्कर में पप्पू राणा (50) व मुकुंददेव शर्मा (54) की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए। मृतकों में साला-बहनोई शामिल है। कार सवार सभी लोग देवघर में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस जमुई की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान माधोपुर स्थित फुटानी चौक के समीप हादसा हो गया। घायल कार सवार गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया गांव निवासी विजय राणा ने बताया कि वे लोग अपनी भगिनी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार को जसीडीह थाना क्षेत्र के बसमंडीह गांव गए थे।

---

**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**
**भूतत्व निदेशालय**
**अभियंत्रण छात्रावास, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची**

**शुद्धि पत्र**

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में PR No-382232 के माध्यम से दिनांक 13.06.2026 को प्रकाशित सूचना जो झारखंड राज्य में **Skill Development** (कौशल विकास) अन्तर्गत राज्य स्वीकृत योजना के तहत झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों से भू–गर्भ शास्त्र में पिछले शैक्षणिक सत्र **(Last Academic Session)** में स्नातकोत्तर **(M.Sc. Geology)** उत्तीर्ण स्वच्छ चरित्र के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं भूतात्विक कार्य में सहयोग से संबंधित है को अपरिहार्य कारणों से दिनांक 25.07.2026 को 5.00 बजे अपराह्न तक अवधि विस्तार किया जाता है।

2. शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगें।

ह0/–
निदेशक, भूतत्व
झारखण्ड, राँची

PR 383758 Mines and Geology(26-27)#D

---

**बिहार सरकार**

**कार्यालय, नगर पंचायत, बहादुरगंज जिला–किशनगंज**
**निविदा आमंत्रण की सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
संख्या– NIT No: 03/2026-27 (Re-Tender)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बहादुरगंज। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | दिनांक–25.06.2026 |
| 3 | प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान | दिनांक–21.07.2026 को समय 01:00 बजे अपराह्न |
| 4 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक–20.07.2026 से दिनांक–27.07.2026 के 03:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 27.07.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | दिनांक–28.07.2026 समय 02:00 बजे अपराह्न |
| 7 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि | तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार |

8. कार्य की विवरणी–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू. में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) www.eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) www.eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Supplying & Fixing of Street Light with Maintenance of Ward No. 01 to 18 of Nagar Panchayat Bahadurganj, Kishanganj. | 1,73,73,100.00 | 3,47,500.00 | 10,000.00 | As per e proc2 | 09 Months |

नोट: Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता है।

PR. No. 006788 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत बहादुरगंज

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

---

**पूर्व मध्य रेल**

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर निम्नलिखित **श्रावणी मेला स्पेशल** गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत है:

| क्र. सं. | गाड़ी सं० | कहाँ से–कहाँ तक | परिचालन के दिन | परिचालन की तिथि जुलाई-2026 | परिचालन की तिथि अगस्त-2026 | परिचालन की तिथि सितम्बर-2026 | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03001 | हावड़ा–नटेसर | रवि, मंगल शुक्र | 05,07,10,12,14,17 19,21,24,26,28,31 | 02,04,07,09,11,14, 16 18,21,23,25,28,30 | 01,04,06,08,11,13,15 18,20,22,25,27,29 | 38 |
| 2 | 03002 | नटेसर–हावड़ा | सोम, बुध शनि | 06,08,11,13,15,18 20,22,25,27,29 | 01,03,05,08,10,12,15 17,19,22,24,26,29,31 | 02,05,07,09,12,14,16 19,21,23,26,28,30 | 38 |

विस्तृत जानकारी के लिए– www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP

पीआर/0485/एचक्यू/वाणिज्य/एन/26–27/72 — मुख्य यात्री परि. प्रबंधक, पूमरे, हाजीपुर

---

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि सूचना**

खुली निविदा सूचना संख्या – एम०सी०–डीएनआर लौन्ड्री–26–27, दि0 08.06.2026 के संदर्भ में जो दि 30.06.2026 को 12:30 अपराह्न में आई आर पी एस पोर्टल पर ई निविदा द्वारा खोली जानी थी से संदर्भित है। कुछ कारणों से इसे 30.06.2026 के बजाय 07.07.2026 को खोला जायेगा के कारण शुद्धि किया गया है एवं जिसका पूर्ण विवरण आई आर पी एस पोर्टल पर ई टेंडर एन आई टी के दस्तावेज संलग्न सेक्शन में देखा जा सकता है। अन्य सेवा एवं शर्तें यथावत रहेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/दानापुर
पीआर/0483/डीएनआर/एमईसीएन/सी/26–27/20

---

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र संख्या–1**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/इंजी./वाराणसी द्वारा खुली ई–निविदा सूचना सं० एनईआर-बीएसबी-2026-73, दिनांक 01-06-2026 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो 07-07-2026 को बन्द होनी है, को 04-08-2026 तक बढ़ाई जाती है।

उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.), वाराणसी
मुजावि/वन्यू-215

---

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–(1)कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि ABM कुदरा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दो, तीन, चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या: COM-PARK-MX-KTQ ई–नीलामी लॉट संख्या: PARKING-DDU-KTQ-MX-60-26-1 ई–नीलामी की तिथि एवं समय ई. नीलामी दिनांक 10.07.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। (2) वेबसाइट का पता जहां ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing) मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय।

पीआर/0484/डीडीयू/डीसीएमएसएल/ईसल/26–27/24

---

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम: 1. वर्क्स/प्रथम/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत जलमग्न रोकने के लिए एसएमएस का सुधार। ई–निविदा सूचना सं0: एनईआर–बीएसबी–2026–96 अनुमानित लागत (₹): 5,10,57,832/– बयाना राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 10,21,200/– निविदा बंद होने की तिथि: 28.07.2026 स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह। कार्य का नाम 2. मांझागढ़ – थावे तथा कप्तानगंज – लक्ष्मीगंज अनुभाग में अलग अलग मार्गों का मुख्य लाइन का टीटीआर और टीडब्ल्यूआर (कुल 32 सेट टीटीआर एवं 8 किलो0 टीडब्ल्यूआर)। ई–निविदा सूचना सं0: एनईआर–बीएसबी–2026–97 अनुमानित लागत (₹) : 2,57,95,190/– बयाना राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 5,15,900/– निविदा बंद होने की तिथि: 16.08.2026 स्वीकृत जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 18 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–96 दिनांक 28.07.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2026–97 दिनांक 16.08.2026 को 11:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0), वाराणसी
मुजावि/वन्यू-211

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

---

**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
कारपोरेट पहचान संख्या: U 40109PB2010SGC033813, वेबसाइट : www.pspcl.in
मोबाईल सं. 96461-10914

ई-निविदा पूछताछ सं. 746/पी-1/ईएमपीडब्ल्यू-13360 — दिनांक 24.06.2026

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रक्योरमेंट सैल 1) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा कार्य (भाग 1) के क्षेत्र के अनुसार नूहों कालोनी, जीजीएसएसटीपी, रूपनगर स्थित शिवालिक फिल्ड हॉस्टल, सुबोर्डिनेट रेस्ट हाउस, एक्सटेंशन फिल्ड हॉस्टल और ऑफिसर क्लब के विभिन्न कार्य जैसे रूटीन क्लीनिंग एवं अपकीप की आवश्यकता हेतु ई निविदा आईडी सं. 2026_पावर_170860_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन हेतु कृपया 25.06.2026 को सायं 05.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।

टिप्पणी: शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

आरटीपी-63/26 — Ro No. : 1079/12/2026-27/12866

---

**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
कारपोरेट पहचान संख्या: U 40109PB2010SGC033813, वेबसाइट : www.pspcl.in
मोबाईल सं. 96461-10914

ई-निविदा पूछताछ सं. 741/पी-1/ईएमपीडब्ल्यू-13355 — दिनांक 19.06.2026

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रक्योरमेंट सैल 1) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा जीजीएसएसटीपी, रूपनगर स्थित ट्रैश रैक इनटेक स्ट्रक्चर, फोरबे आदि की रूटीन क्लीनिंग के साथ ऐश डाईक्स और मार्कों हाईडल चैनल और पावर हाउस के रूटीन रखरखाव हेतु ई निविदा आईडी सं 2026_पावर_170632_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन हेतु कृपया 22.06.2026 को सायं 05.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।

टिप्पणी: शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

आरटीपी-60/26 — Ro No. : 1079/12/2026-27/12863

---

**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
दूरभाष सं. 96461-18774, ई-मेल आईडी:-semeteringpatiala@gmail.com
कारपोरेट पहचान संख्या सं. U 40109PB2010SGC033813, वेबसाइट: www.pspcl.in

निविदा पूछताछ सं. एमक्यूपी-265/2026-27/पीआर — दिनांक: 30.06.2026

मुख्य अभियंता/मीटरिंग, सी 3, शक्ति विहार, पीएसपीसीएल, पटियाला द्वारा वित्त वर्ष 2026 27 के लिए हाउसिंग सिंगल फेस मीटर्स के लिए 1 इन 1 पॉलीकार्बोनेट मीटर बॉक्स (कैबिनेट्स) के लिए ई निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत एनआईटी एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया 01.07.2026 को सायं 03.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।

टिप्पणी: शुद्धिपत्र और परिशिष्ट यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

सी692/26 — Ro No. : 1079/12/2026-27/12869

---

**पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
कारपोरेट पहचान संख्या: U 40109PB2010SGC033813, वेबसाइट : www.pspcl.in
मोबाईल सं. 96461-10914

ई-निविदा पूछताछ सं. 742/पी-1/ईएमपीडब्ल्यू-13305 — दिनांक 19.06.2026

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रक्योरमेंट सैल 1) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा जीजीएसएसटीपी, रूपनगर स्थित सीएचपी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से स्पिल्ड कोल/रिजेक्ट स्टोन की लिफ्टिंग और ट्रांसपोर्टेशन हेतु ई निविदा आईडी सं 2026_पावर_169109_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन हेतु कृपया 22.06.2026 को सायं 05.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।

टिप्पणी: शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

आरटीपी-57/26 — Ro No. : 1079/12/2026-27/12860

---

**पूर्व मध्य रेल**

**एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित करने की सूचना**
**ईओआई सं0. सीआरडब्लू/एचआरटी/मेक/स्क्रैप**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत पूर्व मध्य रेल में निकलने वाले विभिन्न प्रकार के स्क्रैप/वेस्ट मटेरियल की खरीद और निपटान के लिए योग्य और इच्छुक पार्टियों से सीलबंद एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ई.ओ.आई) आमंत्रित करते है। ई.ओ.आई दस्तावेज, जिसमें कार्यस्थल, स्क्रैप/वेस्ट मटेरियल की जानकारी, पात्रता मानदंड, ई.ओ.आई जमा करने आदि का विवरण है, वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है:– https://ecr.indianrailways.gov.in/cris//uploads/files/1782798636271-Invitation%20of%20EOI.pdf. जमा करने की आखिरी तारीख:– 27/07/2026 तक या उससे पहले, 12:00 बजे तक

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता–II
सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत

पीआर/0482/सीआरडब्लू–एचआरटी/एमईसीएम/ईओआई/26–27/48

---

**Government of Jharkhand**
**Department of Mines & Geology**
**Directorate of Geology**
**Engineer's Hostel No-2, 2nd Floor,**
**Dhurwa, Ranchi**

**Corrigendum**
**Expression of Interest**
**Notice No.-01/2026-27 for Date Extension**

Expression of Interest Notice no. 01/2026-27 was published on 17/06/2026 in different News Papers vide PR No.- 382464 (Mines and Geology) regarding **Wet and Dry Core/Non-core Drilling for Geological Exploration in Jharkhand**. Last date of submission of EOI was 01.07.2026 till 1.30 P.M. Due to unavoidable reason last date of submission of EOI is extended up to 10.07.2026 till 1.30 P.M.

Those bidders who have submitted their documents in this EOI earlier need not have to submit their documents once again.

- Terms, Conditions & Application form are available on our website www.jharkhand.gov.in.

Sd/-
Director, Geology

PR 383635 (Mines and Geology)26-27*D

---

**दैनिक जागरण क्लासीफाइड**

**आवश्यकता**

हल्द्वानी जिला नैनीताल, स्टेट– उत्तराखंड में घर के कार्य हेतु महिला मैड, फीमेल आया की आवश्यकता है 2 कमरो के रहने की सुविधा. Salary–8000/–, सम्पर्क– # 7055555522

**पोल्ट्री**

संडे हो या मंडे रोज खाओ अंडे

**नाम परिवर्तन**

मैं पप्पू कुमार (Pappu Kumar) पिता–अरविन्द महतो,जन्म तिथि 08.03.1992 पूर्व में ग्राम विष्णुपुर चाँद, नगर परिषद बीहट,वार्ड–37, पोस्ट– बी.टी. पी.एस., थाना +प्रखंड– बरौनी, जिला–बेगूसराय, बिहार, पिन– 851116 में स्थायी रूप से निवास करता था,लेकिन वर्तमान में मैं वार्ड–03, नगर परिषद बरौनी, ग्राम–फुलवरिया, पोस्ट–बरौनी, थाना फुलवरिया,प्रखंड–तेघड़ा, जिला–बेगूसराय, बिहार, पिन– 851112 में स्थायी रूप से निवास करता हूँ, और यही मेरा स्थायी पता है। मेरा आधार संख्या 961368697133 तथा शपथ पत्र संख्या 9331/11.06.2026 है।

I hitherto known as Phulan Kumar S/o Naresh Pandit, R/o Vill– Imadpur, Po– Shakurabad, Ps– Shakurabad, Dist– Jehanabad, Bihar 804425, have changed my name and shall hereafter be known as Niraj Kumar.

I hitherto known as Pramod Kumar S/o Naresh Pandit, R/o Vill– Imadpur, Po– Shakurabad, Ps– Shakurabad, Dist–Jehanabad, Bihar 804425, have changed my name and shall hereafter be known as Chunnu Raja.

I, Arvind Singh S/o Baidhnath Singh R/o Ward No– 32, Meenapur, Hajipur, Vaishali, Bihar–844101 have changed the name of my minor son Ravi Kishan aged 17 Years and he shall hereafter be known as Aarabh Raj.






## कार्यालय, नगर पंचायत बिक्रम, (पटना)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–08 / 2026–26 (ई–टेंडरिंग द्वारा)
(https//:eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत बिक्रम, पटना।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 30-06-2026
3. निविदा कागजात अपलोड करने की अवधि :– दिनांक– 24.07.2026 से 11:00 बजे (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री.बीड मिटिंग का समय स्थान/तिथि :– समय 11.30 बजे दिनांक– 26.07.2026 स्थान नगर कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, बिक्रम का कार्यालय
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय:– 31.07.2026 दिनांक–16:00 बजे तक (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय :– दिनांक–31.07.2026 को 16.30 बजे के बाद (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के पश्चात। (on website:https//:eproc2.bihar.gov.in)
8. कार्य का विवरण:–

| क्र. सं. | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) रुपये में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Instalation Work of 2100 Street Light in all Ward under Nagar Panchayat, Bikram | 2,53,32,353 | 506700.00 | 10000.00 | As per eproc 2 | 6 माह |

नोट:–1. Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated onwebsite:https//:eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https//:eproc2.bihar.gov.in अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, बिक्रम, पटना

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.006807 (B&C) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

## बिहार सरकार

सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, कैमूर (भभुआ)
(समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार)
के अंतर्गत गुमशुदा शिशु की सूचना
बाल कल्याण समिति, कैमूर के आदेशानुसार

(A)



1. काल्पनिक नाम – अनुराधा कुमारी
2. लिंग – बालिका
3. पिता/माता – मालूम नहीं
4. प्राप्ति स्थल/तिथि – करजी, चैनपुर/14.06.2026
5. उम्र – 10 दिन लगभग
6. रंग – गेहुआ
7. किस बाल कल्याण समिति के द्वारा भेजा गया – कैमूर (भभुआ)

विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, कैमूर में प्रवेश की तिथि–23.06.2026। से उक्तक अप्रासित।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित बालिका के माता–पिता/अभिभावक/परिजन बालिका के प्राप्ति तिथि से दो माह (60 दिन) के अन्दर साक्ष्य के साथ अपना दावा बाल कल्याण समिति एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान कैमूर के समक्ष प्रस्तुत करें।

नोट:– उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा तथा उक्त बालिका को दत्तकग्रहण विनियम, 2022 के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद दे दिया जाएगा।

विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, कैमूर का पता–पता–SAA कैमूर" वार्ड नं0–18 मोहनियाँ रोड भभुआ नजदीक कैमूर स्तम्भ भभुआ पिन कोड नं0–821101

ईमेल –saakaimur1@gmail.com, kaimurcwc@gmail.com
मो0 नं0–9504082284, 9708900210.

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई, कैमूर (भभुआ)

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.006805 (B&C) 2026-27

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

---

## बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लि0

(बिहार सरकार का उपक्रम)
इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ (बोरिंग कैनाल रोड) पटना – 800001

### आवश्यक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे वाद सं0 832/2022 में दिये गये आदेश के अनुपालन में बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लि0 के इकाई बिहार स्पन सिल्क मिल, कबावपुर, भागलपुर और सहायक इकाई बिहार स्कूटर्स लि0, फतुहा, पटना के कर्मियों का बकाया वेतनादि का भुगतान किया जाना है। इस संबंध में निम्न Traceless एवं आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किये जाने वाले कर्मियों/आश्रितों को सूचित किया जाता है कि निगम मुख्यालय (बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लि0, चतुर्थ तल, इंदिरा भवन, बोरिंग कैनाल रोड, पटना) में यथाशीघ्र संपर्क करें तथा इकाई तथा अनुषंगी इकाई में किए गए कार्य का प्रमाण (नियुक्ति/सेवानिवृत्ति की प्रति, बैंक खाता विवरण, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आश्रित वंशावली, प्रतिशपथ पत्र आदि)।

प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर कार्यालय में आकर आवश्यक दस्तावेज जमा करें, अन्यथा उक्त तिथि के बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

| क्रमांक | Traceless कर्मी का नाम | इकाई/अनुषंगी इकाई का नाम |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति गीता देवी, स्व0 ओम प्रकाश सिंह | बिहार स्कूटर्स लि0, फतुहा |
| 2 | श्री शमीम अहमद, पिता मो0 शमसुल तौहीद | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 3. | श्री जगदेव ओझा, पिता स्व0 वासुदेव ओझा | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 4. | श्री रामचन्द्र पाण्डेय | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 5. | श्री गिरेन्द्र कुमार सिन्हा | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 6. | स्व0 अयोधी हरिजन, पिता स्व0 मोहन हरिजन | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 7. | स्व0 सीताराम मंडल, पिता स्व0 किसकु मंडल | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| **क्रमांक** | **आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किये जाने वाले कर्मी का नाम** | **इकाई/अनुषंगी इकाई का नाम** |
| 1 | श्री लाला राम, पिता स्व0 जमुना राम | बिहार स्कूटर्स लि0, फतुहा |
| 2 | स्व0 रघुवीर राम, स्व0 बमन राम | बिहार स्कूटर्स लि0, फतुहा |
| 3 | स्व0 जनार्दन ठाकुर, पिता रामदेव ठाकुर | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 4 | स्व0 मनोरंजन दास, पिता निधी भूषण दास | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 5 | स्व0 सोनेलाल यादव, स्व0 पटवारी यादव | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |
| 6 | स्व0 चुल्का मुर्मू | बिहार स्पन सिल्क मिल, भागलपुर |

PR-006774 (B & C) 2026-27

प्रबंध निदेशक

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

---

## Govt. of Bihar

RAJGIR WILDLIFE SANCTUARY

**Environment, Forest and Climate Change Department**
NALANDA FOREST DIVISION, BIHARSHARIF

Aranya Vihar, Sipah, (Patna-Ranchi bypass) Deepnagar, Biharsharif 803216

## NOTICE

**CORRIGENDUM E-TENDER NO. 08/E-PROC/NFD/2026-27**

It is hereby informed that a tender was invited vide Tender Notice No. 08/E-PROC/NFD/2026-27, published from Biharsharif under PR No. 003490 (Forest) 2026-27, PR No. 005360 (Forest) 2026-27 and PR No. 005898 (Forest) 2026-27. In this connection, certain amendments have been made in the tender document by the tender approving authority. The details of the amendments are as follows:

Revised Schedule/Programme :-

| Sl. No. | ACTIVITY | ORIGINAL DETAILS | REVISED DETAILS |
|---|---|---|---|
| 1. | Online Sale/Download date of Tender documents | From the date of publication till 30.06.2026 (Upto 12:00 P.M.) (https://eproc2.bihar.gov.in) | From the date of publication till 07.07.2026 (Upto 12:00 P.M.) (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 2. | Date/Time for Submission/ Uploading of offer/Bid | Till 30.06.2026 up to 5.00 P.M. (https://eproc2.bihar.gov.in) | Till 07.07.2026 up to 5.00 P.M. (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 3. | Submission of EMD in Hard copy/Original. | Till 01.07.2026 up to 11.00 A.M. (In the office of the Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif). | Till 08.07.2026 up to 11.00 A.M. (In the office of the Divisional Forest Officer, Nalanda Forest Division, Biharsharif). |
| 4. | Submission of soft copy of Presentation in PPT format to official mail as per NIT | 01.07.2026 at 11.00 A.M. (https://eproc2.bihar.gov.in) | 08.07.2026 at 11.00 A.M. (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 5. | Date & time for Opening of Technical Bid. | 01.07.2026 at 12:30 P.M. (https://eproc2.bihar.gov.in) | 08.07.2026 at 12:30 P.M. (https://eproc2.bihar.gov.in) |

The above mentioned clauses shall be deemed to have been modified to this extent only. All other terms and conditions of the tender shall remain unchanged.

For further details please visit website state.bihar.gov.in/prdbihar

PR- 006760 ( Forest ) 2026-27

Divisional Forest Officer,
Nalanda Forest Division, Biharsharif

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

---

## BIHAR STATE MINORITIES FINANCIAL CORPORATION LTD., PATNA

(Govt. of Bihar Undertaking)
34, Harding Road (Ali Imam Path), Patna-1
(www.bsmfc.org, Tel-0612-2204975, Fax-2215994, Email-bsmfclpatna-bih@gov.in)
(CIN No.-U65110BR 1984SGC 001964)

### TENDER NOTICE

(Through e-procurement mode on https://eproc2.bihar.gov.in)

The Bihar State Minorities Financial Corporation Limited (hereinafter referred to as the BSMFCL) invites proposal through e-tender for and on behalf of the Minority Welfare Department, Govt. of Bihar (hereinafter referred to as the Department) for providing offline classroom coaching and online interactive coaching to the students of class XI and XII (session 2026-28) of the Minority Residential Schools (hereinafter referred to as the MRS) of Bihar for preparation of National Eligibility-cum-Entrance Test (NEET) and Joint Entrance Examination (JEE) from reputed and prestigious coaching institutions registered in India / Bihar including government PSUs who have adequate resources and experience.

| Sr. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tendering Authority | Bihar State Minorities Financial Corporation Limited |
| 2. | Name of the Department | Minority Welfare Department, Govt. of Bihar |
| 3. | Name of the Work | Providing coaching to the students of class XI and XII of Minority Residential Schools of Bihar for National Eligibility-cum-Entrance Test (NEET) and Joint Entrance Examination (JEE). |
**मां और बच्चों** का रिश्ता एक समय बाद दोस्तों जैसा हो जाता है। दिल धड़कने दो अभिनेत्री शेफाली शाह के साथ भी ऐसा ही रहा है। वह दो बेटों की मां हैं। शेफाली ने बताया कि जब वह छोटे थे, तो वह उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहती थीं। आज भी रहती हैं, लेकिन तरीका बदल गया है। शेफाली कहती हैं कि जब मेरे बेटे पैदा हुए थे, तो मैं स्पष्ट थी कि घर बैठूंगी, उन्हें बड़ा करूंगी। उस दौरान काम न करने का मुझे कोई पछतावा नहीं है। मुझे आज भी याद है कि मेरी वेब सीरीज डेल्ही क्राइम के पहले सीजन के दौरान मैं सनडांस फिल्म फेस्टिवल गई थी। पहली बार मैं किसी अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में गई थी। आज भी जब उस दिन को याद करके मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मैं आडिटोरियम में बैठी थी, वहां बस अंधेरा होने ही वाला था, मेरा बेटा मुझे लगातार फोन कर रहा था। मैं फोन काट रही थी, लेकिन बार-बार फोन देखकर मैंने उठा लिया और पूछा कि क्या हुआ। उन्होंने कहा कि ओटीपी चाहिए। उन्होंने तो मेरा नाम अपने फोन पर ओटीपी से सेव कर लिया था, कई चीजों का ओटीपी मेरे पास ही आता है। मेरे छोटे बेटे ने फिर ओटीपी नाम को बदलकर मेरा वेयर आर यू (कहां हो) रख दिया है।

## थोड़ा कंजूस बनने की जरूरत थी : साकिब सलीम

**साल 2011 में फिल्म मुझसे दोस्ती करोगे से बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाले अभिनेता साकिब सलीम अब फिल्म निर्माण में भी उतर चुके हैं। उन्होंने अभिनेत्री हुमा कुरैशी के साथ मिलकर प्रोडक्शन कंपनी एलेमेन3 एंटरटेनमेंट खोली है। उसी प्रोडक्शन के अंतर्गत बनी फिल्म बेबी डू डाई डू आज प्रदर्शित हो रही है, जिसमें हुमा हैं। साकिब से प्रोडक्शन के अनुभव, फिल्म और अल्फा से टकराव समेत कई विषयों पर बातचीत :**

**● फिल्म का नाम काफी अलग है, इसके पीछे क्या सोच थी?**

-बहुत से लोगों के लिए यह नाम एक टंग ट्विस्टर की तरह है। यह हमारे निर्देशक नचिकेत सामंत के दिमाग की उपज है। पहले इस फिल्म का नाम कुछ और था, उसके बाद हमें कुछ बदलाव की आवश्यकता महसूस हुई और स्क्रिप्ट में कुछ चीजें फिर से लिखनी पड़ीं। इस दौरान नचिकेत तीन दिनों के लिए पुणे गए। जब वह वापस आए, तो उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म का नाम बेबी डू डाई डू होगा। यह सुनकर मैंने कहा कि नाम में कुछ तो अलग है। पहली बार बोलते हुए या तो लोग इसे गलत बोलते हैं या इस नाम को लेकर असमंजस में होते हैं।

**● जब निर्माता बने तो कैमरे के पीछे की दुनिया में बारे में क्या नई चीजें देखी?**

-फिल्म का निर्माण करते हुए मैंने सब कुछ देख लिया। अब तो लगता है कि फिल्म प्रोड्यूस करना एक नए जीवन जीने के बराबर है। इस दौरान मैं कई ऐसे अनजाने पहलुओं से मिला, जिनके बारे में मैंने कभी सुना भी नहीं था। मैं वो व्यक्ति हूं, जिसे अपना काम स्वयं करना पसंद है। इसलिए फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर एवं इससे जुड़ी प्रचार सामग्री, यह सब हमने मिलकर स्वयं ही किया है। इसके लिए हमने किसी एजेंसी का सहारा नहीं लिया है।

**● इसके बाद पैसे खर्च करने की आदतों में कितना बदलाव आया?**

-(हंसते हुए) वैसे मैं पहले भी बहुत ज्यादा खर्चीला नहीं था। मुझे लगता है कि फिल्म बनाने में पैसे खर्च करने से ज्यादा, नियत अच्छी होनी चाहिए। हम कोई बड़े स्टूडियो नहीं हैं, हमारे पास असीमित बजट नहीं था। इसलिए हमें अपने खर्च, निर्णयों और चुनावों के साथ बहुत स्मार्ट होना पड़ा। मेरे लिए इसका गणित समझना बहुत जरूरी था। हमें यह फिल्म स्वतंत्र रूप से बनानी थी। यह करने के लिए थोड़ा कंजूस बनने की जरूरत थी।

**● घरेलू प्रोडक्शन की फिल्म थी, तो क्या इसके लिए हुमा पहली पसंद थी?**

हुमा हमेशा से इस फिल्म के लिए पहली पसंद थी। मैं यह एक भाई के नजरिए से नहीं बोल रहा हूं, उन्होंने अपने काम से यह करके दिखाया है। उन्होंने कई ओटीटी और बड़ी थिएट्रिकल फिल्में की है, लेकिन मुझे लगता है कि वह केंद्रीय भूमिका में अपनी थिएट्रिकल फिल्म की हकदार थी। बतौर अभिनेत्री अब तक उनकी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाया है। इस फिल्म की स्क्रिप्ट हुमा ने ही पसंद की थी।



**● क्या बतौर अभिनेता भी कुछ आदतों में बदलाव आया है?**

-शत-प्रतिशत नजरिया बदल गया। उसके बाद समझ में आने लगा कि सीन में हमें किन चीजों की कितनी जरूरत है। निर्माता निर्देशक, एडिटर समेत पूरी टीम से साथ बैठता है। इससे मुझे बहुत सी नई चीजें समझने में मदद मिली। उसके बाद मैंने बतौर अभिनेता वेब सीरीज कप्तान की। वहां सेट पर मेरी काफी तारीफ हुई।

सात सवाल

**● हुमा के बाद अब बतौर अभिनेता अपने लिए फिल्म बनाने की योजना है?**

-मेरे पास युवा लोगों की एक छोटी टीम है, जिन्होंने इस इंडस्ट्री में स्वयं को खड़ा करने के लिए वर्षों बिताए हैं। फिल्में लिखी जा रही हैं, उन्हें सही बजट में फिट करने की कोशिश की जा रही है। पिछले 15 वर्षों में हमने वो फिल्में की, जहां लोग हमें चुनते थे, वो तय करते थे कि हम किस रोल में फिट होंगे। अब अपनी फिल्में बनाकर एक तरह से हम यह भी दिखा सकते हैं कि हमें ऐसी फिल्में करनी है। बाकी वेब सीरीज कप्तान का दूसरा सीजन कर रहा हूं।

**● आपकी फिल्म की रिलीज तो पहले से ही तय थी, फिर अल्फा भी उसी दिन आ गई...**

-ईमानदारी से कहूं तो मेरे मन में यशराज फिल्म्स के लिए बहुत सम्मान है, क्योंकि मैंने वहीं से अपना सिनेमाई करियर शुरू किया था। दोनों के बीच कोई टकराव नहीं है। हम अपने दिमाग में स्पष्ट हैं कि हमारी फिल्म अलग है और अल्फा अलग है। दोनों ही फिल्मों के दर्शक वर्ग बहुत अलग हैं, दोनों अपनी दर्शक ढूंढ लेंगे।

(दीपेश पांडेय)


@saqibsaleem

### आज का भविष्यफल- 3 जुलाई 2026 शुक्रवार

पं. के. ए. दुबे पद्मेश

**आज की ग्रहस्थिति:** आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष तृतीया। **राहुकाल:** प्रातः 10:30 से 12 बजे तक। **दिशाशूल:** पश्चिम **भद्रा:** प्रातः 11:21 बजे तक। **पर्व एवं त्योहार:** गणेश चतुर्थी व्रत **पंचक:** रात्रि 12:49 से 08 जुलाई को सायं 04:01 तक।

**कल 4 जुलाई, 2026 का पंचांग**




**दिशाशूल:** पूर्व **विशेष:** पंचक, शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में।

विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी 12 घंटे 41 मिनट तक, तत्पश्चात पंचमी धनिष्ठा नक्षत्र 13 घंटे 44 मिनट तक, तत्पश्चात शतभिषा नक्षत्र प्रीति योग 17 घंटे 02 मिनट तक, तत्पश्चात आयुष्मान योग, कुंभ में चंद्रमा।

**मेष:** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। शिक्षा के क्षेत्र में जारी प्रयास फलीभूत होगा।

**वृष:** सत्ता का सहयोग मिलेगा। भौतिक सुख में वृद्धि होगी। महिला अधिकारी का सहयोग रहेगा।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। भाई-बहन का सहयोग रहेगा। सेहत के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा पर जाएंगे।

**सिंह:** शुक्र का परिवर्तन सुखद व उत्साहवर्धक होगा। छाया दान अवश्य करें।

**कन्या:** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। व्यय से बचना होगा। लेन-देन में सावधानी बरतें।

**तुला:** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया गया श्रम सार्थक होगा।

**वृश्चिक:** पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महिला अधिकारी का सहयोग मिलेगा। उपहार की प्राप्ति होगी।

**धनु:** शनि की लघुकल्याणकारी ढैय्या के चलते व्यर्थ आरोप लग सकता है। सावधान रहें।

**मकर:** आर्थिक सुधार होगा। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ:** साथी का सहयोग मिलेगा। उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मीन:** यात्रा का योग है। सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### वर्ग पहेली-3384



© Bird Features & Writing Agency

**बाएं से दाएं:-**

2. दस सौ, हजार (3)।
3. कामचोर, आलसी (4)।
4. कोशिश, प्रयास (2)।
5. गैर जरूरी, फालतू (5)।
8. जो अपना न हो (3)।
9. अंग्रेजी वर्ष का ग्यारहवां महीना (4)।
12. भीगा हुआ, पूरी तरह से तर (4)।
15. चारागाह, उपवन (3)। 17. ऊंट का बोलना (5)। 19. संग, सहित (2)।
20. अनूठा, अनोखा (4)।
21. पूरे शरीर को पानी से धोना (3)।

**ऊपर से नीचे:-**

1. समान ताप वाले स्थानों को मिलाते हुए खींची गई रेखा (4)।
2. काल यंत्र, टाइम मशीन (3,2)।
3. बंधन या फंदा कड़ा होना (3)।
5. व्यर्थ, फिजूल (4)।
6. जिस पर प्रभाव न पड़ सके, कड़ा (2)।
7. शपथ, सौगंध (3)।
10. लचकना, ऐंठना (2,2)। 11. निर्धन (3)।
13. ठंड या गुस्से से कांपना (5)।
14. अभी, इस समय (2)। 16. बहुत नाम वाला (4)। 18. प्यारा (3)।

**कल का हल**



### सुडोकू-3384

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 7 | | 2 | | | | 5 |
| 2 | | | 8 | | 1 | 3 | 4 | |
| | | 4 | | 3 | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 1 | 8 | | 7 | | 4 |
| | 6 | 1 | | | 3 | | 8 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 6 |
| | | | | 1 | | 9 | | |
| | 1 | 8 | | | | | 6 | |
| 9 | | | 4 | | 2 | | | 1 |

**कल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 8 | 9 |

# पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत की आयातित तेल पर निर्भरता घटी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** एसबीआइ की एक रिपोर्ट के मुताबिक आयातित तेल पर देश की निर्भरता पिछले एक दशक में काफी कम हुई है, जिससे वैश्विक उथल-पुथल के बीच अर्थव्यवस्था लचीली साबित हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014 में तेल खपत का जीडीपी से अनुपात 1.4 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2026 में घटकर महज 0.7 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह कच्चे तेल के आयात का जीडीपी से अनुपात वित्त वर्ष 2014 में 8.6 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2026 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गया है। इसकी वजह विगत एक दशक में कृषि क्षेत्र में डीजल पंपों की जगह सौर ऊर्जा संचालित पंपों का तेजी से इस्तेमाल बढ़ना, शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, उद्योगों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता बढ़ना और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी है।

कृषि क्षेत्र में हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) की खपत अब कुल खपत का केवल 4.7 प्रतिशत रह गई है। कारण यह है कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पंपों के प्रयोग को बढ़ाने के लिए योजना शुरू की है। साथ ही शहरों में मेट्रो परिवहन का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा है। साल 2014 में जहां कुल मेट्रो नेटवर्क सिर्फ 248 किलोमीटर था, वहीं अब 29 शहरों में यह बढ़कर 1,143 किलोमीटर हो चुका है। उद्योग क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी जनवरी 2026 तक 40 प्रतिशत (212 गीगावाट) पहुंच गई है, जबकि कुल स्थापित बिजली क्षमता 521 गीगावाट है।

- **सौर ऊर्जा पंपों का बढ़ता इस्तेमाल और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी से घट रही तेल की खपत**
- **उद्योग क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी जनवरी 2026 तक बढ़कर 40 प्रतिशत हुई**



### 25 लाख से ज्यादा रह सकता है कुल ईवी पंजीकरण

पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद भारतीयों की यात्रा प्राथमिकताएं भी बदल रही है और ईवी अपनाने की गति तेज हो गई है। पिछले वर्ष प्रतिमाह 1.3 लाख ईवी का पंजीकरण होता था, लेकिन मार्च से जून, 2026 के बीच यह औसत बढ़कर 2.3 लाख प्रति माह हो गया। वर्तमान दर से 2026 में कुल ईवी पंजीकरण 25 लाख के आंकड़े को पार कर सकता है। कुल वाहन पंजीकरण में ईवी की हिस्सेदारी 2024 में दो प्रतिशत से कम थी, जो 2026 में आठ प्रतिशत से अधिक हो गई है। कुछ राज्यों में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से भी ज्यादा पहुंच चुका है। तेल पर निर्भरता कम होने का उदाहरण अप्रैल और मई 2026 में तेल की खपत में क्रमश: 3.8 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत की गिरावट से भी मिलता है। यह आर्थिक सुस्ती का कारण नहीं है क्योंकि इस दौरान यात्री वाहन, दोपहिया वाहन, ट्रैक्टर बिक्री, निर्यात, कार्गो ट्रैफिक, जीएसटी ई-वे बिल और बैंकिंग कर्ज जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतक मजबूत बने हुए हैं।

### ईवी अपनाने से आयात बिल में होगी एक लाख करोड़ की बचत

रिपोर्ट में भविष्य का अनुमान लगाते हुए कहा गया है कि 2025 में 2.86 करोड़ वाहनों का पंजीकरण हुआ और इसके 2030 तक चार करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। उस समय कुल वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है। इस तरह 2027 से 2030 के बीच 35 लाख ईवी पेट्रोल वाहनों की जगह लेंगे। यदि ईवी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंच जाती है तो 2030 तक आयात बिल में एक लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। ईवी इकोसिस्टम को और मजबूत करने के लिए एसबीआइ रिसर्च ने एक स्पष्ट ईवी रोडमैप तैयार करने, फास्ट चार्जिंग सुविधाओं को लगाने, ईवी क्रेडिट गारंटी फंड का गठन, सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के लिए रियायती भूमि उपलब्ध कराने जैसे सुझाव दिए हैं।



# स्वैच्छिक होगा पीएफ में 1,800 रुपये से ज्यादा का योगदान

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपनी 'कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952' की जगह नई ईपीएफ स्कीम 2026 को लागू कर दिया है। नई स्कीम में सबसे अहम बदलाव ये है कि 12 प्रतिशत पीएफ अंशदान सिर्फ 15,000 रुपये प्रति माह की वेतन सीमा तक ही अनिवार्य है। यानी 1,800 रुपये से अधिक अंशदान को अब स्वैच्छिक माना जाएगा। नए नियमों के तहत सदस्यों को आंशिक निकासी करने से पहले अपने पीएफ खाते में कुल राशि का कम से कम 25 प्रतिशत बैलेंस बनाए रखना होगा। इसके अलावा पीएफ में जमा पैसों की निकासी के लिए पहले से तय 13 श्रेणियों को घटाकर तीन तक सीमित कर दिया गया है।



**12** महीने की सेवा के बाद आंशिक निकासी की जा सकती है

**12-12** प्रतिशत का योगदान पहले की तरह देते रहेंगे नियोक्ता और कर्मचारी

**25** प्रतिशत बैलेंस बनाए रखना होगा कर्मचारी को अपने पीएफ खाते में

### अनिवार्य योगदान को 1,800 रुपये पर बरकरार रखा

चूंकि ईपीएफओ ने अनिवार्य पीएफ योगदान के रूप में 1,800 रुपये की सीमा को बरकरार रखा है, इसलिए अब एक लाख रुपये प्रति माह का मूल वेतन पाने वाले कर्मचारी को भी ईपीएफ के तहत भविष्य निधि में सिर्फ 1,800 रुपये का अनिवार्य योगदान देना होगा। अगर कर्मचारी सेवानिवृत्ति के लिए अधिक बचत करना चाहते हैं तो वे इस अनिवार्य राशि से अधिक योगदान कर सकते हैं, लेकिन इसको स्वैच्छिक माना जाएगा। ये अनिवार्य और अतिरिक्त पीएफ योगदान के बीच स्पष्ट अंतर को दर्शाएगी।



### पीएफ से निकासी की कैटेगरी घटाकर तीन की गई



पीएफ में जमा पैसों की निकासी के लिए पहले से तय 13 श्रेणियों को घटाकर तीन तक सीमित कर दिया गया है। आवास से संबंधित निकासी में घर या फ्लैट खरीदना, निर्माण के लिए प्लाट खरीदना, घर बनाना, हाउसिंग लोन चुकाना और मरम्मत या सुधार कार्य करना शामिल है। बीमारी, शिक्षा और शादी जैसे खर्चों को पूरा करने के लिए योग्य बैलेंस का 100 प्रतिशत तक आंशिक रूप से निकालने की अनुमति है।

### दावों का 20 दिन में निपटारा नहीं करने पर कटेगा वेतन

नए नियमों में भविष्य निधि निकासी, पेंशन तथा बीमा संबंधी दावों का 20 दिन के भीतर निपटान नहीं करने पर 12 प्रतिशत की दर से वार्षिक दंडात्मक ब्याज का प्रविधान किया गया है। इसे आयुक्त के वेतन से काटा जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले की योजनाओं में भी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दावों के निपटान में देरी पर दंडात्मक ब्याज का प्रविधान था, लेकिन पहले संबंधित अधिकारियों को भविष्य निधि जमा पर घोषित ब्याज दर के बराबर राशि देनी होती थी, जबकि अब इसे 12 प्रतिशत वार्षिक की निश्चित दर पर तय कर दिया गया है।



जागरण इन्फो

## एक नजर में

### सोना 3,000 रुपये चढ़ा, चांदी 5,000 मजबूत हुई

**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझान और कमजोर डालर के चलते दो दिनों की गिरावट के बाद सोने की 3,000 रुपये बढ़कर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रही और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, गुरुवार को सोने की कीमतों में थोड़ी वृद्धि हुई, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वार्श ने उम्मीदों के मुकाबले कम सख्त रुख अपनाया है। इससे ब्याज में जल्द वृद्धि की चिंता कम हुई हैं। (प्रेट्र)

### 1000 करोड़ का आइपीओ लाएगी स्वरा बेबी प्रोडक्ट्स

**नई दिल्ली:** कांट्रेक्ट पर डायपर बनाने वाली कंपनी स्वरा बेबी प्रोडक्ट्स एक हजार करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने की योजना बना रही है। इसके लिए कंपनी ने गुरुवार को मसौदा दस्तावेज जमा किए। आइपीओ में 500 करोड़ रुपये के नए शेयर और 500 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। दूसरी ओर, ग्रासरी की खुदरा विक्रेता कंपनी रत्नदीप रिटेल लिमिटेड ने भी आइपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज जमा किए हैं। आइपीओ में 400 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1.49 करोड़ प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

### जून में बिजली क्षेत्र को कोयला आपूर्ति 5.9% बढ़ी

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने गुरुवार को बताया कि जून में बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति 5.9 प्रतिशत बढ़कर 5.14 करोड़ टन रही है। इसमें गर्मियों के सीजन के दौरान बिजली की मांग बढ़ने का प्रमुख योगदान रहा है। जून 2025 में बिजली क्षेत्र को 4.85 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की गई थी। कंपनी ने बताया कि पिछले महीने उसकी कुल आपूर्ति 7.5 प्रतिशत बढ़कर 6.58 करोड़ टन रही है, जो पिछले वर्ष समान अवधि 6.12 करोड़ टन थी। (प्रेट्र)

# फिलहाल सस्ते नहीं होंगे पेट्रोल और डीजल

## पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा- कच्चे तेल की कीमतें दो-तीन महीने कम रहीं तो घट सकते हैं दाम

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** सरकारी क्षेत्र की तेल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) का अभी पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कटौती का कोई इरादा नहीं है। हालांकि, जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है और अगर ऐसी ही स्थिति कुछ महीने और बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें घटाई जा सकती हैं। इस बात का संकेत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने दिया है। उन्होंने एक दिन पहले निजी तेल कंपनी नायरा द्वारा पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने पर भी स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि नायरा ने कुछ दिनों पहले तेल के दामों में वृद्धि की थी, जिसे अब कम कर दिया है।

दरअसल, निजी क्षेत्र की तेल कंपनी नायरा एनर्जी ने बुधवार से पेट्रोल की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। यह कटौती हाल में की गई वृद्धि को आंशिक रूप से वापस लेने जैसी है। वहीं, सरकारी तेल कंपनियों (इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) ने पिछले दो महीनों (मुख्य रूप से मई 2026) में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल मिलाकर लगभग 7.5 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। मई में चार बार की गई इन बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102 रुपये के आसपास और डीजल 95 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान फरवरी-मार्च 2026 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 120 डालर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बाद अब 70 डालर पर आ गई हैं। भारतीय तेल बास्केट (उन बाजारों की सम्मिलित कीमत जहां से भारत तेल खरीद करता है) की कीमत भी एक जुलाई को करीब 68 डालर प्रति बैरल रही।

- **अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतें 120 डालर से घटकर 70 डालर प्रति बैरल पर**
- **भारतीय तेल बास्केट की कीमत भी एक जुलाई को करीब 68 डालर प्रति बैरल रही**



नई दिल्ली में गुरुवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी● एएनआइ

### फिलहाल कंपनियों के पास महंगे क्रूड का स्टाक

केंद्रीय मंत्री ने साफ कहा कि अभी सरकार तेल कंपनियों के पास कच्चे तेल का जो स्टाक है, वह दो-ढाई महीने पुराना है। यानी कि यह उस समय का है जब क्रूड की कीमतें ज्यादा थीं। अगर क्रूड की कीमतें आगे भी कम बनी रहती हैं तो पेट्रोल-डीजल की कीमत को कम करने के बारे में सोचा जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो फिलहाल सरकारी कंपनियां कीमतों में कोई बदलाव नहीं करने जा रही हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके पीछे एक वजह यह भी है कि भारत में सरकारी तेल कंपनियों ने लंबे समय तक (पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान खास तौर पर) लागत से कम कीमत पर पेट्रो उत्पादों की कीमतों की बिक्री की है। अभी भी तेल कंपनियां अंडर रिकवरी (यानी लागत से कम कीमत पर उत्पाद बेचना) की स्थिति में हैं, क्योंकि अभी ग्राहकों को जो तेल दिया जा रहा है वह पूर्व में महंगी कीमत पर खरीदे गए क्रूड से तैयार किया गया है।

### जून तिमाही में कंपनियों को पेट्रोल-डीजल पर हुआ 74,000 करोड़ का नुकसान

मार्च से मई 2026 के बीच पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर तेल कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी का आंकड़ा करीब एक लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुका था। जून तिमाही में भी पेट्रोल-डीजल पर 74,000 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में अगर क्रूड 70 डालर या इससे कम कीमत पर दो-तीन महीने तक बना रहता है तो ग्राहकों को राहत मिल सकती है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# अमेरिका से एफटीए पर वार्ता अंतिम चरण में

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत अंतिम चरण में और ज्यादातर अहम मुद्दों को सुलझा लिया गया है। अब दोनों पक्ष एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बढ़त मिल सके।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, गोयल ने कहा कि वाशिंगटन में हालिया नीतिगत घटनाक्रमों के बावजूद उन्हें अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा करने में किसी बड़े व्यवधान की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहाकि भारत ने हमेशा प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर बाजार पहुंच की मांग की है और अमेरिकी प्रशासन ने इस बात को समझा है। अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आइईईपीए), 1977 के तहत लगाए गए टैरिफ को रद करने के अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद गोयल ने कहा कि वाशिंगटन अब एक ऐसे वैकल्पिक तंत्र पर काम कर रहा है, जो भारत की प्रतिस्पर्धी बढ़त को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर ने बातचीत के दौरान भारत के रुख को स्वीकार किया है। गोयल ने कहा कि ऊंचे टैरिफ के बावजूद अमेरिका को भारत का निर्यात मजबूत बना हुआ है। गोयल ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है और अनुमान है कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत का वस्तु निर्यात सालाना आधार पर लगभग 15 प्रतिशत बढ़ेगा। गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 15 जुलाई से लागू होगा, जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे।



पीयूष गोयल● इंटरनेट मीडिया

- **वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- ज्यादातर अहम मुद्दों को सुलझा लिया**
- **अब दोनों पक्ष एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे भारत को बढ़त मिल सके**

### वार्ता के दौरान देर रात तक जागना पड़ता था : गोयल

अमेरिका के साथ एफटीए पर बातचीत के दौरान सामने आई मुश्किलों के बारे में गोयल ने कहा कि कभी-कभी हमें देर रात तक जागना पड़ता था। मीडिया से मुखातिब होते हुए गोयल ने कहा, आपको पता है कि मैं बहुत देर से सोता हूं, इसलिए मेरे लिए यह बहुत मुश्किल नहीं था। मेरे स्टाफ और टीम को शायद थोड़ी परेशानी हुई होगी क्योंकि बातचीत अक्सर देर शाम तक चलती थी।" मुझे नहीं लगता कि बातचीत के दौरान किसी तरह का कोई तनाव रहा। बातचीत करने वाली दोनों टीमों के बीच बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। अमेरिका में दोनों समकक्षों के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे रहे।

# केंद्र के एटीएफ सब्सिडी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई कोई विमानन कंपनी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों को स्थिर रखने के उद्देश्य से शुरू किए गए 10 हजार करोड़ रुपये के सब्सिडी कार्यक्रम में कोई भी घरेलू विमानन कंपनी शामिल नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें घटने के कारण एयरलाइंस ने इस कार्यक्रम में रुचि नहीं ली है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने सरकारी तेल कंपनियों को एयरलाइंस को तय कीमतों पर तीन साल तक एटीएफ बेचने के लिए सब्सिडीय देने वाली 10,000 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया संकट की वजह से तेल की बढ़ती कीमतों से एयरलाइंस को बचाना था। यह स्कीम स्वैच्छिक थी और एयरलाइंस को लगभग 115 रुपये प्रति लीटर की तय कीमत का लाभ उठाने के लिए, तेल कंपनियों से समझौता करना था। नौ जून को कार्यक्रम की घोषणा के समय एटीएफ 115 रुपये प्रति लीटर था, जो अब घटकर 110 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# आइटी में खरीदारी से शेयर बाजार बढ़े

**मुंबई, प्रेट्र:** स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। कच्चे तेल के दाम में गिरावट, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक घटनाक्रम और सूचना-प्रौद्योगिकी (आइटी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 579.48 अंक बढ़कर 77,502.12 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 656.29 अंक चढ़कर 77,578.93 अंक पर पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 169.85 अंक की तेजी के साथ 24,175.70 पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत टूटकर 70.53 डालर प्रति बैरल पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर 5.64 प्रतिशत चढ़ा। इसके बाद क्रमशः टेक महिंद्रा (4.32 प्रतिशत), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (4.28 प्रतिशत) और एचसीएल टेक (4.12 प्रतिशत) का स्थान रहा। बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन और आइसीआइसीआइ बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कास्पी 7.89% गिरा, जापान का निक्केई225 इंडेक्स 2.47% नीचे आया और शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स 2.03% गिरा, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.76% की बढ़त के साथ बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 443.97 अंक चढ़कर 76,922.64 पर बंद हुआ। निफ्टी में 140 अंक की बढ़त दर्ज की गई थी।

**579** अंक बढ़कर 77,502.12 पर बंद हुआ सेंसेक्स

**169** अंक की तेजी से 24,175 पर बंद हुआ निफ्टी



### विदेशी निवेशकों ने जून में शेयर बाजार से 49,430 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** विदेशी निवेशकों ने जून में बिकवाली जारी रखी और कुल 49,340 करोड़ रुपये घरेलू शेयर बाजार बाजार से निकाले। मुख्य रूप से वैश्विक जोखिम से बचने, विकसित बाजारों को प्राथमिकता और अमेरिकी बांड रिटर्न में तेजी तथा घरेलू बाजार में अधिक मूल्यांकन की वजह से बिकवाली की गई। इस ताजा निकासी के साथ, 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआइ) भारतीय इक्विटी बाजार से कुल 2.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह पूरे वर्ष 2025 में निकाली गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की राशि से कहीं अधिक है। एफपीआइ फरवरी को छोड़कर 2026 के हर महीने में शुद्ध बिकवाल बने रहे। उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये निकाले, जबकि फरवरी में शुद्ध खरीदार बनकर 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

## राष्ट्रीय जागरण

# मेघालय सरकार ने सोनम रघुवंशी की जमानत को कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मेघालय सरकार 2025 में हनीमून के दौरान राज्य में अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित सोनम रघुवंशी को जमानत दिए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। राज्य सरकार ने उसे जमानत देने के मेघालय हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गुरुवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की पीठ के समक्ष कहा कि हाई कोर्ट ने मामले की मुख्य आरोपित को जमानत देकर गलती की है। उन्होंने याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। मेघालय सरकार की ओर से पेश मेहता ने कहा कि सोनम रघुवंशी को इस आधार पर जमानत दी गई कि गिरफ्तारी के समय उसे गिरफ्तार किए जाने के आधारों की पूरी जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा, "संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने का मामला ऐसे प्रविधान से जुड़ा है, जिसका उल्लेख टाइपिंग की गलती की वजह से गलत तरीके से हो गया था।" इसके साथ ही मेहता ने आरोपित के फरार होने की आशंका पर जोर दिया। पीठ ने मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। गत 29 जून को मेघालय हाई कोर्ट ने सोनम रघुवंशी को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली सोनम को गत वर्ष जून में अपने कारोबारी पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। यह नवविवाहित दंपती हनीमून के लिए मेघालय आया था और 23 मई, 2025 को सोहरा इलाके में लापता हो गया था। दो जून, 2025 को राजा रघुवंशी का शव एक गहरी खाई में मिला था। पुलिस का आरोप है कि सोनम रघुवंशी ने अपने प्रेमी और कुछ अन्य के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रची थी।

- **सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, हाई कोर्ट ने जमानत देकर गलती की**
- **मुख्य आरोपित के फरार होने की जताई आशंका, मामले पर आज होगी सुनवाई**

# बेंगलुरु की खदान में चट्टान गिरने से सात मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु, प्रेट्र :** बेंगलुरु शहरी जिले की एक खदान में गुरुवार को ग्रेनाइट का एक विशाल चट्टान गिर जाने से सात प्रवासी मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य श्रमिक घायल हो गए। मरने वाले मजदूरों में पांच मध्य प्रदेश और एक छत्तीसगढ़ का रहने वाला था। एक अन्य मजदूर कर्नाटक के यादगीर का निवासी था। शुरुआत में पुलिस सूत्रों ने कहा था कि ज्यादातर पीड़ित बिहार के रहने वाले थे, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि वे मध्य प्रदेश के थे।

सेंट्रल रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल एस. गिरीश ने बताया कि वहां दो क्रशर हैं-एक ऊपर और दूसरा नीचे। दोनों जगहों पर काम चल रहा था। वहां करीब 16 मजदूर काम कर रहे थे। ऊपर एक ड्रिलिंग मशीन लगी हुई थी। ऊपर से एक बहुत बड़ा चट्टान खिसककर नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। सात मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पांच घायल मजदूर खतरे से बाहर हैं। यह साफ है कि लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से सात लोगों की जान चली गई।

# अन्नाद्रमुक में मची भगदड़, तीन पूर्व मंत्रियों संग सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा टीवीके का दामन

**चेन्नई, प्रेट्र :** तमिलनाडु की राजनीति में एक बार फिर बड़ा भूचाल आ गया है। द्रविड़ सियासत की दिग्गज पार्टी अन्नाद्रमुक को एक के बाद एक गहरे जख्म मिल रहे हैं। पार्टी में जारी 'महापलायन' के बीच गुरुवार को अन्नाद्रमुक के तीन कद्दावर पूर्व मंत्रियों - डा. सी. विजयभास्कर, एम.आर. विजयभास्कर और एम.एस.एम. आनंदन ने अपने भारी-भरकम समर्थकों के साथ सत्ताधारी दल 'तमिलगा वेत्री कजगम' (टीवीके) का दामन थाम लिया। मामल्लापुरम में आयोजित एक कार्यक्रम में टीवीके के महासचिव 'बुस्सी' एन. आनंद और मुख्य समन्वयक के.ए. सेंगोट्टैयन ने शाल ओढ़ाकर सभी का स्वागत किया।

इस दलबदल से अन्नाद्रमुक को बहुत बड़ा झटका लगा है, क्योंकि सी. विजयभास्कर और एम.आर. विजयभास्कर ने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर टीवीके की सदस्यता ली है। पूर्व मंत्रियों ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व और उनके सुशासन की जमकर सराहना की। इस दौरान कभी अन्नाद्रमुक के कद्दावर नेता रहे के.ए. सेंगोट्टैयन ने अन्नाद्रमुक नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी अब राजनीतिक दल न रहकर एक "कार्पोरेट कंपनी" बन चुकी है, जिससे कार्यकर्ता पूरी तरह निराश हैं। उन्होंने पलानीस्वामी पर कार्यकर्ताओं के साथ 'विश्वासघात' करने का आरोप लगाया। इस बड़े सियासी उलटफेर पर मुख्य विपक्षी दल द्रमुक ने तीखा तंज कसा है। द्रमुक की उप महासचिव कनिमोझी ने 'एक्स' पर लिखा, "सुना है कि जैसी 'वाशिंग मशीन' भाजपा उत्तर भारत में इस्तेमाल करती थी, वैसी ही अब तमिलनाडु में भी आ गई है।

- **डा. सी. विजयभास्कर, एम.आर. विजयभास्कर और एम.एस.एम. आनंदन टीवीके में हुए शामिल**
- **अन्नाद्रमुक के नेता रहे सेंगोट्टैयन ने पलानीस्वामी पर विश्वासघात करने का लगाया आरोप**

# बीआरओ ने अरुणाचल के कुरुंग कुमे जिले में 180 फीट लंबा बेली ब्रिज बनाया

**ईटानगर, प्रेट्र:** अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 180 फीट लंबे ट्रिपल-डबल रीइन्फोर्स्ड बेली ब्रिज का निर्माण कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस पुल के बन जाने से सीमावर्ती क्षेत्रों की आवश्यक कनेक्टिविटी दोबारा बहाल हो गई है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को भी बड़ी राहत मिली है। अधिकारियों के अनुसार, बीआरओ की टीमों ने लगातार दिन-रात काम करते हुए, भारी बारिश, दुर्गम पहाड़ी रास्तों, अचानक बाढ़ के खतरे और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों जैसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान लाजिस्टिक्स और पर्यावरण संबंधी कई बाधाएं सामने आईं, लेकिन कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता के बल पर परियोजना तय समय में पूरी की गई। यह पुल बीआरओ के 'प्रोजेक्ट अरुणांक' के अंतर्गत टीम 85 रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी (आरसीसी) और 756 टास्क फोर्स द्वारा तैयार किया गया है।

# भारत रचेगा नया इतिहास, उड़ान भरेगा पहला निजी आर्बिटल राकेट विक्रम-1

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और नई उपलब्धि हासिल करने ज रहा है। हैदराबाद की कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने गुरुवार को घोषणा की है कि देश के पहले निजी तौर पर विकसित आर्बिटल-क्लास राकेट, विक्रम-1 लांच व्हीकल की पहली टेस्ट फ्लाइट 12 जुलाई से चार अगस्त के बीच होगी। यह तारीख सतीश धवन स्पेस सेंटर में लांच साइट पर असेंबली और टेस्टिंग का काम पूरे होने और मौसम पर निर्भर करेगा।

इसे मिशन आगमन नाम दिया गया है। विक्रम-1 सात मंजिल जितना ऊंचा और कई चरणों वाला आर्बिटल लांच व्हीकल है। इसे कार्बन कंपोजिट स्ट्रक्चर से बनाया गया है और कंपनी के अपने बनाए प्रोपल्शन सिस्टम से चलता है। इसे 350 किलो तक वजन वाले छोटे सैटेलाइट को लो अर्थ आर्बिट तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। विक्रम-1 का पहला मिशन 450 किलोमीटर की ऊंचाई और 60-डिग्री आर्बिटल इन्क्लिनेशन वाली कक्षा (आर्बिट) को लक्षित करेगा। आर्बिटल-क्लास राकेट एक शक्तिशाली प्रक्षेपण यान होता है, जो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण को पार कर किसी पेलोड को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने में सक्षम होता है।

यह उड़ान भारत में किसी निजी कंपनी द्वारा बनाए गए ऐसे राकेट की कक्षा तक पहुंचने की पहली कोशिश होगी। स्काईरूट एयरोस्पेस के को-फाउंडर और सीईओ पवन कुमार चंदाना ने कहा, "इस मिशन का मकसद यह समझना है कि राकेट असल उड़ान की स्थितियों में कैसा काम करता है। जिस पल विक्रम-1 उड़ान भरेगा, भारत का निजी अंतरिक्ष उद्योग एक ऐसी सीमा पार कर लेगा जिसे उसने पहले कभी पार नहीं किया है।"

- **विक्रम-1 सात मंजिल जितना ऊंचा और कई चरणों वाला आर्बिटल लांच व्हीकल है**
- **भारत में निजी कंपनी की ओर से आर्बिटल-क्लास राकेट की पहली टेस्ट उड़ान**

अंतिम-32 में अर्जेंटीना के सामने होगी केप वर्दे की टीम

## मेसी को रोकना आसान नहीं होगा


मेसी

**अर्जेंटीना की संभावित शुरुआती 11**

एमिलियानो मार्टिनेज (गोलकीपर), गोंजालो मोंतील, क्रिस्तियन रोमेरो, लिसांद्रो मार्टिनेज, फाकुंडो मेदीना, रोड्रिगो दे पाल, एलेक्सिस मैक एलिस्तर, एंजो फर्नांडिज, थियागो अल्मादा, लियोन मेसी और लुतारो मार्टिनेज।

**केप वर्दे की संभावित शुरुआती 11**

वोजिन्हा (गोलकीपर), स्टीवनी, रोबेर्तो लोपेस, डिने बोर्गेस, सिड्नी लोपेस कबराल, लारोस दुआर्ते, केविन पिना, जामिरो मोंतीरो, रायन मेंडेस, दलोन लिवरामेंतो, और जोपाने कबराल।




**नई दिल्ली, जेएनएन:** विश्व कप के ग्रुप तय होने के बाद अगर केप वर्दे के साढ़े पांच लाख की जनसंख्या के बीच सर्वे होता तो शायद ही कोई कहता कि वह इस विश्व कप में लियोन मेसी का सामना करेंगे। लेकिन ना सिर्फ वे ग्रुप चरण से आगे निकले बल्कि अर्जेंटीना के विरुद्ध अंतिम-32 मैच से पहले इनके राष्ट्रपति ने तो यहां तक दावा कर दिया है कि केप वर्दे अर्जेंटीना को हरा देगी।

**अर्जेंटीना की रणनीति:** अर्जेंटीना की पूरी रणनीति लियोन मेसी तक ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पास पहुंचाने की होती है। ये गेंद पर कब्जा रखते हुए, धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं और कोशिश करते हैं कि अटैक के वक्त मेसी को फ्री रखते हुए, उन तक गेंद पहुंचा पाएं।

**केप वर्दे की रणनीति:** केप वर्दे ने विश्व कप में लो ब्लाक डिफेंस खेला है। उनके खिलाड़ी अपने गोल के आसपास इकट्ठा रहते हैं और विपक्षियों के लिए जगह बनाकर पास करना मुश्किल कर देते हैं।

## कोलंबिया के सामने अटल घाना

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली :** फीफा विश्व कप अंतिम-32 के मुकाबले में घाना के सामने कोलंबिया की चुनौती होगी। कोलंबिया की टीम इस विश्व कप में धाकड़ तरीके से खेल रही है और लगातार गोल पर गोल कर रही है वहीं दूसरी ओर घाना की टीम ने पहले दोनों मैच में एक भी गोल नहीं खाया। अटल डिफेंस के साथ ये टीम बेहतरीन फुटबाल खेल रही है। हालांकि इंग्लैंड के विरुद्ध ये 2-1 से हार गए लेकिन वहां रेफरी का एक फैसला इनके पक्ष में आया होता तो शायद वो मैच ड्रा हो जाता। पुर्तगाल को पीछे छोड़ ग्रुप चरण टाप करने वाली कोलंबिया की टीम अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है।

**कोलंबिया की रणनीति:** कोलंबिया की टीम की रणनीति बहुत हद तक एक अटैकिंग मिडफील्डर के रूप में जेम्स रोड्रिगेज के कलात्मक खेल और विंगर लुइस डियाज की खतरनाक अंदर आती हुई रनिंग पर निर्भर करती है। साथ ही इनकी सेंट्रल मिडफील्ड तगड़ी फिजिकल फुटबाल भी खेलती है।

**संभावित शुरुआती 11:** कमीलो वर्गास (गोलकीपर), डेविर मचादो, झोन लुकुम्मी, डेविंसन सांचेज, संतियागो अरियास, गुस्तावो पुएर्ता, जेफरसन लेरमा, झोन अरइस, लुइस डियाज, झोन कोर्डोबा और जेम्स रोड्रिगेज।

**घाना की रणनीति:** घाना बहुत कमाल का डीप लो ब्लाक खेलती है और ये काफी हद तक अपने दमदार डिफेंस के भरोसे रहते हैं।

**संभावित शुरुआती 11:** बेंजामिन असारे (गोलकीपर), गिदिओन मेंसाह, डेरिक लुकासन, जोनास अद्जेते, मार्विन सेनाया, कालेब यिरेंकी, थामस पार्टी, इस्साहाकु फताउ, अर्नेस्ट नुमाह, जोर्डन अयू और एंटोइने सेमेन्यो

| 3 जुलाई का मैच | |
|---|---|
| आस्ट्रेलिया vs मिस्र | |
| 11:30 पीएम | स्थान: डलास स्टेडियम |
| **4 जुलाई के मैच** | |
| अर्जेंटीना vs केप वर्दे | |
| 3:30 एएम | स्थान: मियामी |
| कोलंबिया vs घाना | |
| 7.00 एएम | स्थान: कंसास सिटी |

प्रसारण: युनाइट 8 1 व 2 स्पोर्ट्स, जी5

आस्ट्रेलिया-मिस्र के मैच में सालाह का खेलना पक्का नहीं

## सालाह बढ़ा रहे अपनी टीम का सरदर्द

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली :** मिस्र के सबसे बड़े मैच विनर मोहम्मद सालाह अपनी ही टीम का सरदर्द बढ़ा रहे हैं। आस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले फीफा विश्व कप के अंतिम-32 मुकाबले में सालाह का खेलना पक्का नहीं है और ये बात मिस्र की टीम को परेशानी में डाल रही है। ग्रुप चरण में एक जीत और दो ड्रा के साथ आई मिस्र की टीम सालाह के बिना बहुत कमजोर हो जाती है और निश्चित तौर पर वो चाहेंगे कि आस्ट्रेलिया के विरुद्ध सालाह जरूर खेलेंगे।

**मिस्र की रणनीति:** मिस्र तगड़े डिफेंस और मौका मिलते ही बहुत तेज काउंटर अटैक वाली रणनीति के साथ फुटबाल खेलती है।

**आस्ट्रेलिया की रणनीति :** आस्ट्रेलिया की रणनीति भी काफी हद तक मिस्र जैसी ही रहती है। ये टीम डिफेंस को मजबूत रखते हुए तेजी से हमला करने में यकीन रखती है। खाली जगह और गेंद मिलते ही ये टीम तेजी से काउंटर अटैक कर धावा बोल देती है।

**आस्ट्रेलिया की संभावित शुरुआती 11**

पैट्रिक बीच (गोलकीपर), अलेसांद्रो सिरकेटी, हैरी सुत्तर, लुकास हेरिंगटन, जोर्डन बोस, जैक्सन इर्विन, ऐडन ओ नील, अजीज बेहिच, कोनर मेटकाफे, नेस्टोरी इरनकुंडा और मोहम्मद टौरे।

**मिस्र की संभावित शुरुआती 11**

मुस्तफा शोबीर (गोलकीपर), मोहम्मद हैनी, रैमी राबिया, यासिर इब्राहिम, करीम हाफिज, मोहानद लशीन, मारावान अतिया, मुस्तफा जिको, मोहम्मद सालाह, एमार अशोर और ओमर मरमौश।


सालाह




# असंभव को संभव बनाकर जीता बेल्जियम

85 मिनट बाद जगे बेल्जियम ने वीएआर ड्रामा के बीच अंतिम-32 मुकाबले में सेनेगल को 3-2 से हराया


सेनेगल के विरुद्ध जब यूरी टिलेमांस ने बेल्जियम के लिए मुकाबले का तीसरा गोल किया तो जमीन पर लेटे यूरी के साथ-साथ उनके साथियों की खुशी देखने लायक थी ● एपी

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** बुधवार देर रात सिएटल में बेल्जियम और सेनेगल के बीच हुए फीफा विश्व कप के अंतिम-32 के मुकाबले को 85 मिनट तक देखने के बाद टीवी बंद करके सोने वालों को फुटबाल ने पछताने की बहुत बड़ी वजह दे दी है। उनके सोने से पहले ही खेल पलट गया और जब तक टीवी की तारों में दौड़ते करंट ने दम तोड़ा, सेनेगल वालों के दिल चकनाचूर हो चुके थे। सिर्फ तीन मिनट के अंदर दो गोल मारते हुए बेल्जियम ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की और 85 मिनट तक आगे रहने वाली सेनेगल को 3-2 की हार झेलनी पड़ी। हालांकि इस हार में रेफरी के एक फैसले पर भी बड़ा सवाल है, लेकिन किताबों में यही लिखा जाएगा कि 85 मिनट तक बेल्जियम की गर्दन दबोचने के बाद सेनेगल उन्हीं का शिकार बन गई।

विश्व कप में आते-आते अफ्रीका कप आफ नेशंस में विवादों का शिकार बनी सेनेगल के लिए फीफा विश्व कप की कहानी भी ऐसी ही रही। मैच के निर्धारित 30 मिनट के अतिरिक्त समय के अंतिम (120वें) मिनट में रेफरी ने वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) चेक के बाद बेल्जियम को पेनाल्टी दे दी और यूरी टिलेमांस ने इसे सटीक तरीके से गोल में भेजते हुए अपनी टीम को 3-2 से जीत दिला दी। तमाम जानकारों के मुताबिक ये पेनाल्टी नहीं दी जानी चाहिए थी और रेफरी ने सेनेगल के विरुद्ध बहुत कड़ा फैसला लिया। लेकिन जैसा कि नियम कहते हैं, रेफरी का फैसला अंतिम एवं सर्वमान्य होता है और वही हुआ।

इससे पहले सेनेगल ने इस मैच में कमाल की शुरुआत की और 24वें मिनट में ही हबीबी दियारा के गोल से मैच में आगे निकल गए। पहला हाफ खत्म हुआ तो ये टीम 1-0 से आगे थी और बेल्जियम वाले तमाम कोशिशें करके भी गोल नहीं कर पाए थे। दूसरा हाफ शुरू हुआ तो 51वें मिनट में इस्माइला सर्र ने एक और गोल कर दिया। बेल्जियम के दर्शकों में निराशा फैलने लगी थी। इनकी टीम एक के बाद एक हमले करने के बावजूद गोल नहीं कर पा रही थी।

**03** मिनट में दो गोल दागकर बेल्जियम ने ऐतिहासिक वापसी की। सेनेगल के फुटबालर ऐसी वापसी को देखते ही गए

56वें मिनट में मैनेजर रूडी गार्सिया ने सबको चौंकाते हुए टीम के सबसे बड़े स्टार केविन डि ब्रूएना और युवा विंगर जेरेमी डोकु को बाहर बुला लिया। 2-0 से पिछड़ती टीम और गोल के मौके बनाने का दम रखने वाले दो खिलाड़ियों को बाहर आता देख बेल्जियन प्रशंसकों की हैरानी की कोई सीमा ना रही। धीरे-धीरे मैच अंत की ओर बढ़ रहा था। बेल्जियम के दर्शक भी मान चुके थे कि अब उनकी टीम हार गई और मैनेजर रूडी गार्सिया के नाम के मर्सिये पढ़े जाने लगे।

तभी आया मैच का 86वें मिनट। बेल्जियम की टीम सेनेगल के बाक्स के पास जूझ रही थी। दो खिलाड़ियों के बीच की रस्साकशी में गेंद थामस मुनिए के पास आई, जिसे उन्होंने ऐसे ही रोमेलु लुकाकू की ओर सरका दिया और लुकाकू ने इस गेंद को रोकने की कोशिश किए बिना टाइट एंगल से शाट ले लिया। और गेंद गोल में चली भी गई। बेल्जियम की उम्मीदें जग गईं और फिर बचा हुआ काम सेनेगल के गोलकीपर की एक गलती ने कर दिया। 89वें मिनट में ट्रोसार्ड के एक क्रास को पंच करने की कोशिश में आगे कूदे मोरी डियाव गेंद तक पहुंचने में नाकाम रहे और टिलेमांस ने हेडर मार गेंद को गोल में पहुंचा दिया। मैच बराबरी पर पहुंचने के बाद भी सेनेगल ने हिम्मत नहीं हारी लेकिन अतिरिक्त समय के आखिरी मिनट में लामिने कमारा का एक टैकल पूरी टीम की मेहनत पर पानी फेर गया। हालांकि ये टैकल बहुत भारी नहीं था लेकिन रेफरी ने कई रीप्ले देखने के बाद इसे पेनाल्टी देने के योग्य माना और नतीजा बेल्जियम के पक्ष में चला गया।

**गोल्डन बूट की दौड़**

| खिलाड़ी | देश | गोल | असिस्ट |
|---|---|---|---|
| एमबापे | फ्रांस | 6 | 2 |
| मेसी | अर्जेंटीना | 6 | 0 |
| केन | इंग्लैंड | 5 | 0 |
| हालैंड | नार्वे | 5 | 0 |
| डेंबेले | फ्रांस | 4 | 2 |




| बेल्जियम | | सेनेगल |
|---|---|---|
| 21 | शाट | 19 |
| 5 | टार्गेट पर शाट | 5 |
| 629 | पास | 553 |
| 22 | फाउल | 11 |
| 1 | येलो कार्ड | 1 |
| 0 | रेड कार्ड | 0 |
| 4 | कार्नर | 2 |




अमेरिकी हीरो फोलारिन बालोगुन को मुकाबजे में मिला रेड कार्ड

## एक खिलाड़ी था कम, फिर भी जीता अमेरिका

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली :** बोस्निया और हर्जेगोविना के विरुद्ध विश्व कप का अंतिम-32 मुकाबला अमेरिका के स्टार फोलारिन बालोगुन के लिए मिला-जुला रहा। सांता क्लारा में हुए मैच में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाने वाले बालोगुन को कुछ ही देर बाद रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया और अमेरिका ने बचा हुआ वक्त 10 खिलाड़ियों के साथ खेलकर बिताया। हालांकि इसके बावजूद अमेरिका की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। मेजबानों के लिए दूसरा गोल मलिक टिलमैन ने किया।

इस विश्व कप में कमाल की फार्म में चल रहे बालोगुन ने पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले (45वें मिनट में) गोल कर अमेरिका को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। अमेरिका के लिए एक फीफा विश्व कप उनसे ज्यादा गोल सिर्फ बर्ट पाटेनाउडे (1930 में चार गोल) ने किए हैं। जबकि लेंडन डोनोवान ने 2010 के विश्व कप में तीन गोल किए थे। बालोगुन एक विश्व कप में कम से कम तीन गोल करने वाले सिर्फ तीसरे अमेरिकी बन गए। पहला हाफ खत्म होने के बाद अमेरिका की टीम 1-0 से आगे थी।

दूसरे हाफ की शुरुआत दोनों टीमों के बीच अच्छी टक्कर से हुई। गेंद के लिए खूब खींचतान देखने को मिली और बालोगुन इन सबमें अपनी टीम के लिए सबसे आगे थे, इसी दौरान उनसे एक बड़ी गलती हो गई। 64वें मिनट में गेंद पर कब्जा करने की कोशिश में उन्होंने बोस्निया के खिलाड़ी पर खतरनाक टैकल कर दिया और रेफरी ने तुरंत ही उन्हें रेड कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया। मैच में काफी वक्त बचा था और अमेरिका को अब दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना था। लगा कि बोस्निया वापसी कर लेगी लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। फिर मैच के 82वें मिनट में मलिक टिलमान ने उनकी रही-सही उम्मीदें भी ध्वस्त करते हुए अमेरिका की बढ़त 2-0 की कर दी। उन्होंने 20 मीटर दूर मिली फ्री किक को झन्नाटेदार तरीके से गोल में पहुंचाते हुए अमेरिका की जीत पक्की कर दी। अब अमेरिका अंतिम-16 के मैच में बेल्जियम का सामना करेगा जिन्होंने कमाल की वापसी करते हुए सेनेगल को 3-2 से मात दी थी। रेड कार्ड खाने के चलते बालोगुन इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे।




| अमेरिका | | बोस्निया और हर्जेगोविना |
|---|---|---|
| 9 | शाट | 11 |
| 2 | टार्गेट पर शाट | 4 |
| 399 | पास | 430 |
| 7 | फाउल | 13 |
| 0 | येलो कार्ड | 1 |
| 1 | रेड कार्ड | 0 |
| 4 | कार्नर | 3 |




**विश्व कप नाकआउट में गोल के बाद रेड कार्ड खाने वाले**

| खिलाड़ी | देश | साल और मैच |
|---|---|---|
| जिदान | फ्रांस | 2006 फाइनल |
| रोनाल्डीनियो | ब्राजील | 2002 अंतिम-8 |
| गारिंचा | ब्राजील | 1962 अंतिम-4 |


मुकाबले के दौरान बोस्निया और हर्जेगोविना के विरुद्ध अमेरिका के लिए दूसरा गोल करते मलिक टिलमान (10 नंबर जर्सी में) ● एपी

# हैवीवेट टक्कर को जोकोविक ने किया एकतरफा

- भविष्य के ग्रैंड स्लैम चैंपियन माने जा रहे सितसिपास को दी मात
- ग्रीस के 27 वर्षीय सितसिपास पर भारी पड़े 39 वर्षीय नोवाक

**लंदन, रायटर :** विंबलडन के आधिकारिक कार्यक्रम में 'हैवीवेट टक्कर'' बताया जा रहा सर्बिया के नोवाक जोकोविक और ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास के बीच का मुकाबला शुरू से ही एकतरफा हो गया। बुधवार को दूसरे दौर के मुकाबले में कहीं भी नहीं लगा कि 27 वर्षीय सितसिपास जल्द ही 40 वर्ष के होने जा रहे नोवाक के कौशल ही नहीं फुर्ती पर भी भारी पड़े हों। परिणाम यह रहा कि जोकोविक ने कभी भविष्य का ग्रैंड स्लैम चैंपियन माने जाने वाले सितसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली और अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में आसानी से एक और कदम आगे बढ़ गए।

मुकाबले में दूसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर ब्रेक पाइंट का सामना करते हुए सितसिपास के पास विनर शाट मारने के दो मौके थे, लेकिन उनके दोनों ओवरहेड शाट निशाने से चूक गए। जोकोविक ने इस लापरवाही का फायदा उठाकर ब्रेक हासिल किया और इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रीक प्रतिद्वंद्वी की उलटफेर करने की किसी भी उम्मीद को खत्म कर दिया। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पिछले 10 में से आठ गेम जीते और सितसिपास को उनके आपसी मुकाबलों में लगातार 12वीं हार का सामना करना पड़ा। जीत के बाद जोकोविक ने दर्शकों से कहा कि जाहिर है जब आप इस तरह खेलते हैं तो कोर्ट पर बहुत खुशी, संतुष्टि और आनंद महसूस होता है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जोकोविक इस जीत से विंबलडन में रोजर फेडरर के पुरुषों के 105 मैच जीतने के रिकार्ड की बराबरी करने से बस एक जीत दूर रह गए हैं। अब उनका अगला मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी आर्थर रिंडरकनेच से होगा।

बिना किसी परेशानी के तीसरे दौर में पहुंचे सिनर : विंबलडन के गत चैंपियन जानिक सिनर ने पुर्तगाल के नूनो बोर्जेस को दूसरे दौर के मुकाबले में आसानी से हरा दिया। पहले दौर में सर्बिया के मियोमिर केकमैनोविच के विरुद्ध पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में मुश्किलों का सामना करने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने इस मुकाबले में 7-6(4) 7-6(2) 6-4 से जीत हासिल की और शायद ही कभी खतरे में दिखे। हालांकि दुनिया के 48वें नंबर के खिलाड़ी बोर्जेस ने उन्हें कड़ी टक्कर दी और दूसरा सेट जीतने से बस एक पाइंट दूर थे, लेकिन अहम मौकों पर सिनर चट्टान की तरह अडिग रहे और एक और लंबे मुकाबले से बच गए। इसके साथ ही उन्होंने इटली के लिए 95वें ग्रैंड स्लैम मैच जीत का रिकार्ड बनाया।


मुकाबले के दौरान सर्बिया के नोवाक जोकोविक ● एपी

**गफ को संघर्ष से मिली जीत, एंड्रीवा बाहर**

**लंदन, रायटर :** सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गफ विंबलडन में चार साल में तीसरी बार दूसरे दौर में हारने की कगार पर थी। उनकी प्रतिद्वंद्वी अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा तीसरे सेट में 5-4 से आगे थी और मैच जीतने के लिए सर्व कर रही थी, लेकिन अंततः गफ ने यह मुकाबला 6-3, 3-6, 7(10)-6(7) से जीत लिया और इस संघर्षपूर्ण जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गईं। जीत के बाद गफ ने कहा कि शायद अगर मैं चाहूं भी तो इसे दोबारा नहीं कर पाऊंगी। हालांकि पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा इतनी भाग्यशाली नहीं निकली और 2015 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने का उनका सपना पूर्व चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा ने तोड़ दिया। क्रेजिकोवा ने इस मुकाबले में 19 वर्षीय एंड्रीवा को 4-6, 7-5, 6-4 से शिकस्त देकर दूसरे दौर से बाहर कर दिया।

## भारतीय टीम का दो टेस्ट मैचों का श्रीलंका दौरा 15 अगस्त से

**कोलंबो, प्रेट्र:** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की कि मेजबान श्रीलंका के विरुद्ध भारत की दो टेस्ट मैच की सीरीज 15 से 27 अगस्त के बीच गाले और कोलंबो में खेली जाएगी। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। इसका पहला टेस्ट 15 अगस्त से गाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो के एसएससी में होगा।

भारत दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचा है लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाया। भारतीय टीम अभी तालिका में पांचवें स्थान पर है जबकि श्रीलंका छठे स्थान पर है। ऐसे में भारत यह सीरीज जीतकर अपनी रैंकिंग में सुधार करना चाहेगा। भारत इस साल नवंबर-दिसंबर में दो मैच की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का दौरा भी करेगा। इंग्लैंड में 2-2 से ड्रा खेलकर शुभमन गिल की कप्तानी के दौर की अच्छी शुरुआत की थी। हालांकि पिछले साल दक्षिण अफ्रीका ने भारत को उसी की सरजमीं पर बुरी तरह हराया था।

## कांगो को हराकर अंतिम-16 में इंग्लैंड, मेक्सिको से होगी टक्कर

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** डीआर कांगो के विरुद्ध फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम ग्यारह मिनट के अंदर दो गोल मारकर हैरी केन ने फुटबाल के इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया है। कांगो की बेहतरीन लो ब्लाक डिफेंस और काउंटर अटैक वाली फुटबाल जब इंग्लैंड का गला घोटने के बहुत करीब थी, तभी हैरी केन ने अपने खेल से उनमें दोबारा सांस भर दी। अटलांटा स्टेडियम में केन द्वारा किए गए दो गोल की मदद ने इंग्लैंड ने बहुत दमदारी से लड़ी कांगो को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। इंग्लैंड की टीम अंतिम-16 में मेक्सिको का सामना करेगी।

कांगो की टीम ने इंग्लैंड के विरुद्ध बहुत दमदार शुरुआत की थी। मैदान में इंग्लैंड के सेटल होने से पहले ही कांगो ने मैच में बढ़त ले ली। चैंसल एमबेंबा के लंबे क्रास पर भागते आए ब्रायन सिपेंगा ने तगड़ा शाट मार इंग्लैंड के गोलकीपर जार्डन पिकफोर्ड को चौंका दिया। गेंद पिकफोर्ड के पास वाले खंबे से होती हुई अंदर घुसी और वह कुछ नहीं कर पाए। इंग्लैंड की टीमने बहुत कोशिशें की लेकिन इस पूरे हाफ में वह एक भी गोल नहीं कर पाए। कांगो के डिफेंडरों ने गोलकीपर लियोन एमपासी के साथ मिलकर अपने गोल को अभेद्य बना रखा था। 35वें मिनट में डिफेंडर एक्सेल तुअनजेबे ने बाक्स में घुस चुके हैरी केन के पैरों के नीचे से गेंद छीन ली और फिर अन्य इंग्लिश खिलाड़ी ने करारा शाट लगाया तो उस पर शानदार बचाव किया।


कांगो के विरुद्ध गोल का जश्न मनाते इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ● एपी

क्रिकेट और स्पोर्ट्स की अन्य खबरों के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## एक नजर

### जस्टिस बीवी नागरत्ना बनीं सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी का चेयरपर्सन

**नई दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने जस्टिस बीवी नागरत्ना को 29 जून से सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी का चेयरपर्सन नामित किया है। इस नियुक्ति की जानकारी गैजेट में दी गई है। जस्टिस नागरत्ना, जस्टिस जेके माहेश्वरी की जगह लेंगी; जो 24 नवंबर, 2025 से सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी के चेयरपर्सन के तौर पर काम करने के बाद 28 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। (प्रेट्र)

### रिलायंस के पूर्व एमडी की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली :** राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप) से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये के मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व एमडी गौतम भैलाल दोशी की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने ईडी की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। (जासं)

### नए सेना प्रमुख ने राजनाथ से की मुलाकात, योजनाओं का खाका रखा

**नई दिल्ली :** भारतीय थलसेना के नए प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। एक जुलाई को 31वें सेना प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद जनरल धीरज सेठ की रक्षा मंत्री से हुई यह पहली मुलाकात रही। इस बैठक के दौरान जनरल सेठ ने भारतीय सेना के लिए अपनी योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया। (आइएएनएस)

### गुजरात में संयुक्त पुलिस आयुक्त पर ड्रग्स तस्कर ने किया चाकू से हमला

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद स्थित चंडोला तालाब क्षेत्र से कुछ माह पहले बड़ी संख्या में अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों को हटाने के बाद अपराध शाखा की टीम एक ड्रग्स तस्कर को पकड़ने पहुंची थी। टीम ड्रग्स तस्कर कलीम पठान को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान उसने अपने पास छुपाकर रखी हुई छुरी से संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल पर हमला कर दिया। अपने बचाव के लिए पुलिस ने आरोपित के पैर में गोली मारी। (राज्य ब्यूरो)

# अब गांवों में भी नहीं पूछना पड़ेगा– 'पीपल के पेड़ से आगे कहां मुड़ना है?'

**जागरण विशेष**

## पहली बार पंचायतीराज मंत्रालय गांवों की अंदरूनी सड़कों को नाम, यूनीक कोड और डिजिटल पहचान देने की तैयारी में

जितेंद्र शर्मा • जागरण

**नई दिल्ली:** पीपल के पेड़ से बाएं मुड़ जाइए... हैंडपंप के पास वाली गली पकड़ लीजिए... चौपाल के पीछे तीसरा घर है...। गांवों में किसी पते तक पहुंचने का यही तरीका वर्षों से चला आ रहा है। शहरों में जहां मोबाइल का नेविगेशन कुछ ही क्षणों में मंजिल तक पहुंचा देता है, वहीं गांवों में आज भी रास्ता बताने के लिए पेड़, मंदिर, कुएं और चौपाल जैसी पहचान का सहारा लेना पड़ता है। अब यह तस्वीर बदलने वाली है। पहली बार पंचायतीराज मंत्रालय अन्य मंत्रालयों की सहभागिता से गांवों की अंदरूनी सड़कों को नाम, यूनीक कोड और डिजिटल पहचान देने की तैयारी में है। यह पहल केवल सड़कों को नाम देने भर की नहीं है, बल्कि गांवों को भी डिजिटल भारत की उस व्यवस्था से जोड़ने की है, जहां किसी पते तक पहुंचने के लिए अब संकेतों की जरूरत नहीं होगी, बल्कि मोबाइल स्क्रीन पर दिख रही सड़क ही मंजिल तक पहुंचा देगी।

आज देश के अधिकांश गांवों की अंदरूनी सड़कें किसी मानक नाम या कोड के बिना हैं। यही वजह है कि बाहरी व्यक्ति ही नहीं, डाक, एंबुलेंस, ई-कामर्स कंपनियों और कई सरकारी एजेंसियों को भी सही स्थान तक पहुंचने में कठिनाई होती है। कई बार जीपीएस भी गांव के भीतर पहुंचकर जवाब दे देता है और आगे का रास्ता स्थानीय लोगों से पूछकर ही तय करना पड़ता है। इसी व्यवस्था को बदलने के लिए, पंचायतीराज मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर पर स्टैंडर्ड जियो-कोडेड विलेज रोड कोडिंग और एड्रेसिंग सिस्टम विकसित कर रहा है। इसके तहत गांव की प्रत्येक सड़क को एक यूनीक अल्फान्यूमेरिक कोड, नाम और डिजीपिन आधारित डिजिटल पहचान दी जाएगी। सड़क का पूरा विवरण ग्राम मानचित्र, डिजीपिन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के डाटाबेस से जोड़ा जाएगा, जिससे देशभर में उसकी एक समान पहचान होगी। इस पहल का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण जीवन की गति में दिखाई देगा। एंबुलेंस और अन्य आपात सेवाएं बिना भटके निर्धारित स्थान तक पहुंच सकेंगी। डाक वितरण अधिक सटीक होगा। ई-कामर्स कंपनियों के लिए अंतिम छोर तक सामान पहुंचाना आसान होगा। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सरकारी सेवाओं के संचालन में भी सटीक लोकेशन उपलब्ध होने से समय और संसाधनों की बचत होगी। गांवों के लोग भी शहरों की तरह डिजिटल नेविगेशन का लाभ उठा सकेंगे।

**ये भी होगा बड़ा लाभ:** यह व्यवस्था केवल सुविधा तक सीमित नहीं रहेगी। अभी कई गांवों में एक ही सड़क अलग-अलग अभिलेखों में अलग पहचान से दर्ज है या उसका कोई रिकार्ड ही नहीं है। इससे भ्रम की स्थिति बनती है और कई बार एक ही सड़क पर अलग-अलग योजनाओं के तहत कार्य दिखाने या दोबारा स्वीकृति लेने जैसी अनियमितताओं की आशंका बनी रहती है। प्रत्येक सड़क का एक मानक कोड तय होने के बाद उसके निर्माण, मरम्मत, स्वीकृत धनराशि और रखरखाव की निगरानी अधिक पारदर्शी ढंग से हो सकेगी।

### देश के 3.38 लाख गांव किए जा चुके अधिसूचित

देश में लगभग छह लाख आबाद गांव हैं। सर्वे आफ विलेजेज एंड मैपिंग विद इम्प्रोवाइज्ड टेक्नोलाजी इन विलेज एरियाज योजना के तहत अब तक लगभग 3.38 लाख गांव अधिसूचित किए जा चुके हैं और करीब 3.3 लाख गांवों का ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों की अंदरूनी सड़कों को इस डिजिटल पहचान प्रणाली से जोड़ने की तैयारी में है।



कन्नौज जिले के गांव नगरिया तुला का दृश्य • पिंटू प्रजापति

### क्यूआर कोड स्कैन करने पर मिल जाएगी पूरी जानकारी

मंत्रालय ने प्रस्तावित रोड कोडिंग और ग्रेडिंग सिस्टम को डिजीपिन, ग्राम मानचित्र और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के रोड कोडिफिकेशन स्टैंडर्ड से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया है। सड़कों का वर्गीकरण मुख्य सड़क, क्रास रोड और अन्य सड़क के रूप में किया जाएगा। प्रत्येक सड़क को प्रशासनिक उपयोग के लिए अलग यूनीक कोड मिलेगा, जबकि साइनबोर्ड पर क्यूआर कोड भी लगाया जाएगा, जिसे स्कैन कर संबंधित सड़क की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

### मुंबई में भारी वर्षा से कई इलाकों में जलभराव, सड़क और रेल यातायात प्रभावित

**मुंबई, प्रेट्र:** मुंबई में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण गुरुवार को शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे सड़क यातायात और उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। पिछले 24 घंटों में शहर के कई हिस्सों में 200 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। दादर, परेल, हिंदमाता, चारकोप, वर्ली, गोरेगांव और अंधेरी जैसे प्रमुख इलाकों में सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर ट्रैफिक की रफ्तार काफी धीमी रही। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अनुसार, बारिश का असर मुंबई की लाइफलाइन मानी जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाओं पर भी देखने को मिला। हालांकि रेलवे ट्रैक पर बड़े पैमाने पर जलभराव नहीं हुआ, फिर भी कई लोकल ट्रेनें 10 से 15 मिनट की देरी से चलीं। इसके कारण सुबह के व्यस्त समय में स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और उपनगरों में शुक्रवार तड़के तक भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

# सात साल इंतजार के बाद अब बना राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड

## सेवानिवृत्त आइएएस नितिन रमेश गोकर्ण अध्यक्ष बनाए गए

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लगभग सात साल से कागजी घोड़े दौड़ा रहे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की नींद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद टूटी और अंततः उसने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड का गठन करते हुए उसकी अधिसूचना जारी कर दी है। उत्तर प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आइएएस नितिन रमेश गोकर्ण को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। बोर्ड में कुल 20 सदस्य होंगे, जिनमें राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। बोर्ड अध्यक्ष या सदस्यों को वेतन नहीं मिलेगा, बल्कि बैठकों के भत्ते दिए जाएंगे। बोर्ड हर तीन माह में कम से कम एक बार बैठक करेगा।

सड़क दुर्घटनाओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड की आवश्यकता महसूस की गई थी। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में 2019 में संशोधन करते हुए एक नई धारा 215बी जोड़ी गई, जो एक सितंबर 2019 से प्रभावी हुई। इस धारा के अनुसार केंद्र सरकार के लिए यह कानूनी रूप से अनिवार्य कर दिया गया कि वह एक 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड' का गठन करे। यह बोर्ड सड़क सुरक्षा, वाहन सुरक्षा मानकों, सड़क डिजाइन, यातायात प्रबंधन और जोखिम में रहने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं (पैदल यात्री, साइकिल चालक, बच्चे, बुजुर्ग आदि) की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर सलाह देगा। कानूनी प्रविधान के दो साल बाद सरकार ने तीन सितंबर 2021 को 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड नियम, 2021' अधिसूचित किए।

**कुल 20 सदस्यीय होगा बोर्ड सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सड़क परिवहन मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना**

### यह होंगे बोर्ड के मुख्य कार्य

सड़क डिजाइन में सुधार, वाहन सुरक्षा मानकों की निगरानी, स्कूलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास सुरक्षित फुटओवर ब्रिज या अंडरपास की योजना, राज्यों के बीच समन्वय।

### बोर्ड में यह पदाधिकारी

**अध्यक्ष :** नितिन रमेश गोकर्ण (सेवानिवृत्त आइएएस, यूपी कैडर)

**सदस्य :** उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली के परिवहन आयुक्त, महाराष्ट्र, ओडिशा व त्रिपुरा के डीजीपी

**अन्य सदस्य :** सत्येंद्र गर्ग (सेवानिवृत्त आइपीएस), आरुषि बलुजा साही (यातायात प्रबंधन और फोरेंसिक विज्ञान महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष), हर्ष ए. पोद्दार (पुलिस अधीक्षक नागपुर ग्रामीण), गौरव उपाध्याय (परिवहन सचिव, असम), पीयूष तिवारी (सेव लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक), केसी शर्मा (सलाहकार, मोटर यान कानून) और गौतम मेलुर सुकुमार (प्रोफेसर, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान बेंगलुरु)।

### कुछ सेकंड की 'माइक्रो स्लीप' बढ़ा रही सड़क हादसों का खतरा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** राजस्थान के दौसा में हुए भीषण बस हादसे के बाद फिर यह सवाल चर्चा में है कि क्या कुछ सेकंड की माइक्रो स्लीप भी बड़े सड़क हादसे की वजह बन सकती है? माइक्रो स्लीप ऐसी स्थिति है, जब नींद की कमी या अत्यधिक थकान के कारण मस्तिष्क के वे हिस्से, जो सतर्कता और प्रतिक्रिया नियंत्रित करते हैं, कुछ क्षणों के लिए नींद जैसी अवस्था में चले जाते हैं। यही कुछ सेकंड हाईवे पर जिंदगी और मौत के बीच का अंतर बन सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, माइक्रो स्लीप आमतौर पर एक से 10 सेकंड तक रहती है। कई बार चालक को इसका एहसास भी नहीं होता। यदि कार या बस 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हो, तो तीन सेकंड में वह लगभग 67 मीटर और पांच सेकंड में करीब 111 मीटर तक चालक के नियंत्रण के बिना आगे बढ़ सकती है। ऐसे में सामने वाहन, डिवाइडर, मोड़ या पैदल यात्री होने पर दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस खतरे की झलक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 'रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया-2024' रिपोर्ट में भी दिखाई देती है।

# ई-जागृति बनी उपभोक्ताओं की डिजिटल अदालत

- शिकायत करने से लेकर फैसले तक पूरी प्रकिया है आनलाइन
- अब तक दो लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को मिला समाधान

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** उपभोक्ता आयोगों में न्याय पाने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने वाली ई-जागृति ने शिकायतों के निपटारे का तरीका बदल दिया है। अब उपभोक्ता घर बैठे आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अपने मामले की हर गतिविधि रियल टाइम में देख सकते हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। आदेश की प्रति भी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह ई-जागृति उपभोक्ताओं के लिए डिजिटल अदालत बन चुकी है। इस बदलाव के लिए उपभोक्ता मामलों के विभाग की इस पहल को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2026 में रजत पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार गुरुवार को जयपुर में आयोजित 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में दिया गया, जिसे उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने प्राप्त किया।

एक जनवरी, 2025 से प्रभावी इस प्लेटफार्म ने उपभोक्ता आयोगों की चार अलग-अलग डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत कर एआइ-सक्षम और पूरी तरह पेपरलेस व्यवस्था में बदल दिया है। इसके जरिये शिकायत दर्ज करने से लेकर दस्तावेज अपलोड करने, नोटिस जारी करने, सुनवाई, मामले की निगरानी और अंतिम आदेश तक की पूरी प्रक्रिया एक ही प्लेटफार्म पर पूरी होती है। अब तक इस प्लेटफार्म पर 2.29 लाख से अधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें 2.07 लाख से अधिक का निपटारा किया जा चुका है। इस तरह 90.75 प्रतिशत मामले निपटा दिए गए हैं। चालू वित्त वर्ष में समाधान देने की दर बढ़कर 92.30 प्रतिशत पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष में 89.47 प्रतिशत थी। उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश एवं पंजाब ने 100 प्रतिशत समाधान प्राप्त किया है। ई-जागृति की सबसे बड़ी सहूलियत है कि उपभोक्ताओं को हर सुनवाई के लिए आयोग के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। विदेश में रहकर भी आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं और वर्चुअल सुनवाई में शामिल होकर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। अब तक इस प्लेटफार्म के माध्यम से 61 अनिवासी भारतीय भी बिना भारत आए अपने मामलों का निपटारा करा चुके हैं। डिजिटल व्यवस्था का असर वर्चुअल सुनवाई में भी दिखाई दे रहा है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये निपटाए गए मामलों की संख्या 14,494 से बढ़कर इस वर्ष 30,683 हो गई है। इसी तरह कुल वर्चुअल सुनवाई 24,181 से बढ़कर 87,083 तक पहुंच गई। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) की सभी पीठों और 35 राज्य आयोगों में हाइब्रिड वीडियो कान्फ्रेंसिंग व्यवस्था लागू होने से यह प्रक्रिया और मजबूत हुई है। निधि खरे ने बताया कि ई-जागृति का उद्देश्य तकनीक के जरिये उपभोक्ताओं को तेज, सरल और भरोसेमंद न्याय उपलब्ध कराना है। यह पहल विकसित भारत के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें सरकारी सेवाओं और न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है।

आम लोगों की खातिर आसान बनाने के लिए प्लेटफार्म में कई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें ओटीपी आधारित पंजीकरण, बहुभाषी इंटरफेस, एआइ और मशीन लर्निंग सेवाएं, एआइ चैटबाट, वाइस-टू-टेक्स्ट सुविधा, आनलाइन भुगतान, एसएमएस और ई-मेल अलर्ट, दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधा के साथ वकीलों और आयोग के अधिकारियों के लिए अलग-अलग डिजिटल डैशबोर्ड हैं।

### पाक में गुरुद्वारे के ध्वंस पर सोनिया की 'चुप्पी' पर भाजपा ने साधा निशाना

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भाजपा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर पाकिस्तान में 125 वर्ष पुराने गुरुद्वारे के ध्वंस पर "चुनिंदा चुप्पी" बनाए रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न से संबंधित मुद्दों पर चयनात्मक रूप से बोलती है। यह हमला एक दिन बाद हुआ जब भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के ध्वंस को "अत्यंत निंदनीय" कृत्य बताते हुए सरकार से घटना की जांच करने और जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाने की मांग की।

सोनिया गांधी पर गुरुवार को निशाना साधते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि वह और अन्य "मानवाधिकार के चैंपियन" पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा पर चुप रहना पसंद करते हैं। पूनावाला ने आरोप लगाया, "कुछ मानवाधिकार के चैंपियन जैसे सोनिया गांधी गाजा पर ओप-एड लिखती हैं लेकिन पाकिस्तान में सिखों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार और उत्पीड़न, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों या यहां तक कि चीन के उइगर प्रांत में मुसलमानों और पाकिस्तान में बमबारी में मारे गए मुसलमानों पर पूरी तरह से चुप रहते हैं। यह उनके दोहरे मानदंडों को दर्शाता है। वे गाजा के लिए रोते हैं लेकिन पाकिस्तान में हमारे सिख भाइयों पर चुप रहते हैं।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत या दुनिया को अल्पसंख्यक अधिकारों पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, "एक 125 वर्ष पुराने महत्वपूर्ण गुरुद्वारे को निशाना बनाया गया और ध्वस्त किया गया। यह पहला ऐसा मामला नहीं है। गुरु नानक देव से जुड़े कई स्थलों को इस्लामी भीड़ द्वारा बगैर किसी कार्रवाई के निशाना बनाया गया है।"

### विदेश जा चुके व्यक्ति को पुराने पते के आधार पर भगोड़ा घोषित नहीं कर सकते : कोर्ट

**राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक निर्णय में कहा है कि यदि कोई व्यक्ति पहले ही विदेश जा चुका है, तो उसे भारत में उसके पुराने पते के आधार पर भगोड़ा घोषित नहीं किया जा सकता। अदालत ने यौन उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में एक युवक को भगोड़ा घोषित करने के आदेश को रद कर दिया। जस्टिस रोहित कपूर की पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को भगोड़ा घोषित करने से पहले दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-82 में निर्धारित प्रक्रिया का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। यह मामला उस याचिका से संबंधित था, जिसमें याचिकाकर्ता ने 12 जनवरी 2018 को नकोदर के सब डिवीजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। उसके खिलाफ आठ मई, 2015 को जालंधर के नकोदर थाना में एफआइआर दर्ज की गई थी। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि एफआइआर दर्ज होने के समय उसकी उम्र कम थी और उसे अग्रिम जमानत मिल चुकी थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि वह नौ अगस्त, 2017 को भारत छोड़कर अपने माता-पिता के पास कनाडा चला गया। जब उसकी मां भारत आईं, तब परिवार को पता चला कि उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया है।

### पूर्व तृणमूल विधायक के बेटे के अवैध कैफे पर चला बुलडोजर

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता :** पूर्व तृणमूल कांग्रेस विधायक शौकत मोल्ला के बेटे इमरान मोल्ला के कैनिंग इलाके में स्थित कैफे को तोड़ने का काम गुरुवार सुबह प्रशासन ने शुरू कर दिया है। आरोप है कि यह कैफे मातला नदी पर उभरी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर बनाया गया है। सब डिविजनल आफिसर की ओर से कैफे को ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया गया था। उसी के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में भारी पुलिस के साथ केंद्रीय बल की भी तैनाती की गई है। भांगड़ विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा शौकत मोल्ला की गिरफ्तारी के बाद जांच में उनके बेटे इमरान के कैफे की जानकारी सामने आई थी।

### आरजी कर मामला : पीड़िता के पिता का आरोप, राज्य प्रयोगशाला में बदले गए विसरा के नमूने

**राज्य ब्यूरो, जागरण • कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कालेज की चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में पीड़िता के विसरा नमूने से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़िता के पिता को मिले एक गुमनाम पत्र में दावा किया गया है कि केंद्रीय जांच एजेंसी और केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला को भेजे जाने से पहले राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में विसरा नमूना बदल दिया गया था। इन आरोपों के आधार पर पीड़िता का परिवार गुरुवार को सियालदह अदालत पहुंचा और मामले की जांच कराने की मांग की।

परिवार ने बताया कि उन्हें एक ही तरह का पत्र दो बार मिला। पहला पत्र 16 मई और दूसरा 23 मई को प्राप्त हुआ। पत्र भेजने वाले ने स्वयं को राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का पूर्व कर्मचारी बताया है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि प्रयोगशाला के तीन अधिकारियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अथवा तत्कालीन सत्तारूढ़ तृणमूल के निर्देश पर विसरा नमूने की अदला-बदली की।

पीड़िता के पिता ने कहा कि पत्र मिलते ही इसकी जानकारी सीबीआइ को दे दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि दोबारा वही पत्र मिलने के बाद परिवार ने अदालत का रुख किया है, ताकि पत्र की सत्यता की जांच हो और उसमें लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष पड़ताल कराई जा सके। भरोसा जताया कि अदालत के हस्तक्षेप के बाद सीबीआइ मामले में आवश्यक कदम उठाएगी।





बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

आवश्यक सूचना

**प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2026–27 के अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "अनुसूचित जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना" एवं "अनुसूचित जनजाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना", "मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना" एवं "पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना" के अन्तर्गत शैक्षणिक वर्ष 2026–27 हेतु PMS पोर्टल (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए https://scstpmsonline.bihar.gov.in, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए https://pmsonline.bihar.gov.in एवं संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के लिए https://instpmsonline.bihar.gov.in) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने के लिए दिनांक–16.07.2026 से पोर्टल खोला जाना निर्धारित है।

अतः सभी इच्छुक छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वर्णित योजना अन्तर्गत आवेदन हेतु सभी प्रकार के दस्तावेज यथा– आय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र, बोनाफाईड प्रमाण–पत्र आदि तैयार कर लें।

ऑनलाईन आवेदन करने से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश PMS पोर्टल पर उपलब्ध है।

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा),
बिहार, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 006897 (Education) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
State Election Commission, Bihar

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर नगर परिषद, दानापुर निजामत के पार्षद पदों के आरक्षण के संबंध में आयोग के पत्रांक–2040, दिनांक 30.06.2026 के नाम से एक पत्र प्रसारित किया जा रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त पत्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत नहीं है तथा पूर्णतः भ्रामक एवं फर्जी है।

आमजन से अनुरोध है कि ऐसे भ्रामक एवं अप्रमाणित संदेशों पर विश्वास न करें। आयोग द्वारा जारी सभी आधिकारिक आदेश, अधिसूचनाएं एवं सूचनाएं आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.sec.bihar.gov.in पर उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनका अवलोकन कर उनकी प्रामाणिकता की पुष्टि की जा सकती है। उक्त फर्जी पत्र के स्रोत की जांच कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया गया है।

शंभू कुमार
संयुक्त निर्वाचन आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

PR- 006922 (PANCHAYATI RAJ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Latest Jobs — Jagran Josh — www.jagranjosh.com

**इंडियन एयरफोर्स : अग्निवीर वायु (02/2027) पद**
- अंतिम तिथि: 26 जुलाई, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में इंटरमीडिएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: iafrecruitment.edcil.co.in

**TGPSC: 222 असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पद**
- अंतिम तिथि: 13 जुलाई, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में डिग्री एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: tgpsc.gov.in

**DSSSB: 1979 टीजीटी एवं अन्य पद**
- अंतिम तिथि: 15 जुलाई, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10वीं/डिग्री/मास्टर एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: dsssb.delhi.gov.in

**TNPSC: 26 ग्रुप 1 सर्विस पद**
- अंतिम तिथि: 29 जुलाई, 2026
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से डिग्री एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: tnpsc.gov.in

**नौकरी टिप्स**

**गणित में ग्रेजुएट हैं तो स्टैटिस्टिकल असिस्टेंट की सरकारी नौकरी को दें प्राथमिकता**

अगर आप सांख्यिकी गणित में ग्रेजुएट युवा हैं तो स्टैटिस्टिकल असिस्टेंट की सरकारी नौकरी आपके लिए एक बेहतर मौका हो सकता है. केंद्र और राज्य सरकारों के संबंधित मंत्रालयों और सांख्यिकी/आंकड़ों से जुड़े संस्थानों, बैंकों, सरकारी शैक्षणिक संस्थानों आदि में इन पदों के लिए ढेरों रिक्तियां निकलती रहती हैं. ग्रेजुएट होने के साथ संबंधित कंप्यूटर डेटाबेस सॉफ्टवेयर, स्प्रेडशीट, प्रोग्रामिंग आदि की आपको अगर जानकारी है तो स्टैटिस्टिकल असिस्टेंट की नौकरी के लिये आप एक बेहतर उम्मीदवार हैं.

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App

### लंदन में रंगीन टेलीविजन का पहला सफल प्रदर्शन

1928 में आज ही आविष्कारक जान लोगी बेयर्ड ने लंदन में पहली बार रंगीन टेलीविजन प्रसारण का सफल सार्वजनिक प्रदर्शन किया। उन्होंने यांत्रिक टीवी प्रणाली से रंगीन चलती तस्वीरें दिखाईं। यह उपलब्धि आधुनिक रंगीन टेलीविजन प्रसारण की आधारशिला बनी।



### हाट-एयर बैलून से पहली ट्रांस-अटलांटिक उड़ान

1987 में आज ही ब्रिटिश उद्यमी रिचर्ड ब्रैनसन और स्वीडिश एयरोनाट पेर लिंडस्ट्रैंड ने हाट-एयर बैलून से पहली सफल ट्रांस-अटलांटिक उड़ान पूरी की। 3,075 मील की यात्रा के बाद उन्हें आयरिश सागर में उतरना पड़ा, जहां दोनों को सुरक्षित बचा लिया गया।



### महिला अधिकारों की वैश्विक पैरोकार हंसा जीवराज मेहता

महिला अधिकारों की समर्थक हंसा मेहता का जन्म 1897 में आज ही तत्कालीन बांबे प्रेसीडेंसी के सूरत में हुआ। 1924 में उनका विवाह गुजरात के प्रथम मुख्यमंत्री बने जीवराज नारायण मेहता से हुआ। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहीं। संविधान सभा की सदस्य बनीं व 1946-48 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके प्रयास से मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में 'आल मेन' के स्थान पर 'आल ह्यूमन बीइंग्स' शब्द अपनाया गया। महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा की प्रथम महिला कुलपति रहीं। उन्हें 1959 में पद्म भूषण दिया गया। 4 अप्रैल 1995 को उनका निधन हुआ।



## इधर-उधर की

### ग्रुप चैट ने मिलवाए 35 वर्ष पहले बिछड़े भाई



धुंधली याद बनी परिवार से दोबारा मिलने की वजह ● इंटरनेट मीडिया

**बीजिंग, एजेंसी :** चीन में 35 वर्ष पहले ट्रेन यात्रा के दौरान बिछड़े दो मूक-बधिर भाइयों का भावुक मिलन एक आनलाइन चैट ग्रुप की बदौलत संभव हो गया। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक बचपन में खेलते-खेलते छोटा भाई ट्रेन में परिवार से बिछड़ गया था। बोलने और सुनने में असमर्थ होने के कारण वह अपनी पहचान या घर का पता किसी को नहीं बता सका। वर्षों तक कई लोगों ने उसे परिवार से मिलाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। हाल ही में एक आनलाइन चैट ग्रुप में बातचीत के दौरान उसने बचपन की एक धुंधली याद साझा की। इसी छोटी सी जानकारी के आधार पर लोगों ने उसके संभावित परिवार तक पहुंच बनाई। बाद में डीएनए जांच कराई गई, जिसमें दोनों के सगे भाई होने की पुष्टि हो गई।

## एक नजर

### पाकिस्तान में नाव पलटने से छह की मौत, तीन लापता

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक ही परिवार के नौ लोगों को ले जा रही नाव झील में पलट गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हो गए। यह घटना बुधवार को अपर स्वात जिले की कलाम घाटी में स्थित सैफुल्ला झील में हुई, जो पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय जगह है। हादसे की सूचना मिलने के बाद टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। (प्रेट्र)

### बेंगलुरु में पद यात्रियों के लिए फुटपाथ खाली कराने का अभियान

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के बेंगलुरु में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथों से अतिक्रमण और अन्य कब्जे हटाने के लिए ग्रेटर बेंगलुरु प्राधिकरण ने एक से 10 जुलाई तक "सुरक्षित फुटपाथ अभियान" की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य शहर के पांच निगमों में एक हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क को साफ करना और पैदल चलने वाले रास्तों को बहाल करना है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि फिर अतिक्रमण हुआ तो सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। (एएनआइ)

### श्रीलंका को उच्च-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था का दर्जा

**कोलंबो, प्रेट्र:** तीन साल पहले आर्थिक रूप से बदहाली का सामना करने वाले श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में इस कदर सुधार हुआ है कि विश्व बैंक ने उसे उच्च-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था का दर्जा दे दिया है। तीन वर्ष पहले इस द्वीपीय देश को आर्थिक संकट ने पतन के कगार पर पहुंचा दिया था। विश्व बैंक ने बुधवार को जारी अपनी नवीनतम आय वर्गीकरण रिपोर्ट में श्रीलंका को निम्न-मध्यम आय श्रेणी से उच्च-मध्यम आय श्रेणी में शामिल किया है। (प्रेट्र)

### चोरी के शक में ग्वालियर स्टेशन पर युवक को यात्रियों ने हाथ बांधकर पीटा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियर:** रेलवे स्टेशन में महिला के कान की बाली चोरी करने के आरोप में एक युवक को भीड़ द्वारा बुरी तरह पीटने का वीडियो बहुप्रसारित हो रहा है। दरअसल, ग्वालियर स्टेशन के प्लेटफार्म-एक पर सोमवार शाम चार बजे जैसे ही झेलम एक्सप्रेस रुकी, भीड़भाड़ में एक महिला यात्री रवीना के कान की बालियां गुम गईं। महिला ने बताया कि ट्रेन में चढ़ते समय भीड़ का फायदा उठाकर विदिशा निवासी युवक ने कान की बाली खींचकर किसी दूसरे को पकड़ा दी है। इस दौरान आरोपित के साथ उसकी पत्नी और एक वर्षीय बेटा भी था। वह खुद को छुड़ाने के प्रयास में बच्चे को पटकने का प्रयास करने लगा और भागने लगा। लेकिन यात्रियों ने उसे पकड़ लिया और हाथ बांधकर जमकर पीटा। आरपीएफ ने दोनों पक्षों को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया, लेकिन जीआरपी ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# प्रवेश परीक्षाओं का बदलेगा ढर्रा, नीट-जेईई में 50 प्रतिशत जुड़ेंगे बोर्ड परीक्षा के अंक!

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** देश की सबसे प्रतिष्ठित और तनावभरी प्रवेश परीक्षाओं - नीट और जेईई - की तैयारी करने वाले लाखों छात्रों के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी खबर आ रही है। सरकार अब एक ऐसे ऐतिहासिक बदलाव पर विचार कर रही है, जो छात्रों के कंधों से 'करो या मरो' वाली परीक्षा का भारी बोझ कम कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए केवल प्रवेश परीक्षा के अंक ही काफी नहीं होंगे, बल्कि 12वीं बोर्ड परीक्षा के अंकों को भी 50 प्रतिशत का बड़ा वेटेज (महत्व) दिया जा सकता है।

**मेडिकल एवं इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए सिर्फ प्रवेश परीक्षा के अंक ही काफी नहीं होंगे**

इस बड़े बदलाव के पीछे मुख्य उद्देश्य किसी एक परीक्षा के अत्यधिक तनाव को कम करना है। हाल के दिनों में पेपर लीक और मूल्यांकन में गड़बड़ियों जैसी घटनाओं ने देश की परीक्षा प्रणाली की साख पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। इन कमियों को सुधारने और छात्रों को कोचिंग सेंटरों के जाल से मुक्ति दिलाने के लिए शिक्षा मंत्रालय की नौ सदस्यीय समिति गहराई से मंथन कर रही है। समिति का मानना है कि बोर्ड परीक्षाओं को महत्व देने से 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन पर रोक लगेगी और छात्र अपनी स्कूली पढ़ाई को गंभीरता से लेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीट-जेईई में केवल बोर्ड परीक्षा के 50 प्रतिशत अंक ही नहीं जुड़ सकते हैं, बल्कि प्रवेश परीक्षाओं के पूरे स्वरूप को छात्र-अनुकूल बनाया जाएगा। अब परीक्षाओं को स्कूल के पाठ्यक्रम के बिल्कुल अनुकूल तैयार किया जाएगा ताकि बच्चों को अलग से महंगी कोचिंग न लेनी पड़े।

# अमरनाथ श्रद्धालुओं का पहला जत्था पहुंचा पहलगाम

**जागरण टीम, जम्मू :** धार्मिक उल्लास, शक्ति-भक्ति और उत्साह का महापर्व गुरुवार को शुरू हो गया। जम्मू में तवी नदी के किनारे स्थित आधार शिविर से तड़के बम-बम बोले, हर-हर महादेव और जय-बाबा बर्फानी के जयघोष के साथ निकला श्रीअमरनाथ श्रद्धालुओं का पहला जत्था दोपहर बाद यात्रा के दोनों आधार शिविर पहलगाम और बालटाल पहुंच गया। इन सभी को शुक्रवार तड़के पवित्र गुफा के लिए रवाना किया जाएगा। पहलगाम और बालटाल में देर शाम तक करीब 12-12 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। बालटाल से निकलने वाले श्रद्धालु उसी दिन पवित्र हिमलिंग के पहले दर्शन करेंगे, जबकि पहलगाम मार्ग से जाने वाले श्रद्धालुओं को करीब तीन दिन लगेंगे।



जम्मू से गुरुवार तड़के कड़ी सुरक्षा के बीच श्रीअमरनाथ यात्रा के लिए निकला श्रद्धालुओं का पहला काफिला। ● जागरण

इससे पहले जम्मू स्थित आधार शिविर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण करते हुए धर्म पताका फहराया। इसके बाद सुबह करीब 6:10 बजे झंडी दिखाकर पहले जत्थे को रवाना किया। पहले जत्थे में कुल 4,822 श्रद्धालु 259 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। इनमें 2,510 श्रद्धालु पारंपरिक पहलगाम मार्ग और 2,312 श्रद्धालु बालटाल मार्ग के लिए निकले।

जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर जगह-जगह पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं का हार पहनाकर स्वागत किया गया। हर-हर महादेव के जयघोष व हाथों में तिरंगे पूरे माहौल को देशप्रेम और भक्ति के रंग में रंग रहे थे। स्थानीय प्रशासन व पुलिस के अधिकारी भी शिव भक्तों के स्वागत में खड़े नजर आए। रास्ते में लंगरों पर जलपान की अच्छी व्यवस्था की गई थी। वहीं, बालटाल और पहलगाम से पवित्र गुफा तक भी प्रशासन व लंगर संगठन श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार हैं।

# पाकिस्तान को चेतावनी, तक्षशिला पुनर्निर्माण नहीं रुका तो छिनेगा विश्व धरोहर का दर्जा

## मोहरा मोरादू और सिरकप में निर्माण कार्यों पर यूनेस्को ने जताई गंभीर आपत्ति

**यूनेस्को सख्त**

**इस्लामाबाद, प्रेट्र:** संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक संस्था यूनेस्को ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि यदि तक्षशिला के दो ऐतिहासिक स्थलों पर कथित पुनर्निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो इस विश्व धरोहर स्थल को यूनेस्को की सूची से बाहर किया जा सकता है।

पाकिस्तानी अखबार डान के अनुसार, यूनेस्को ने हालिया बैठक में स्पष्ट किया कि मोहरा मोरादू और सिरकप में किए जा रहे निर्माण कार्य इन स्थलों की मौलिकता और ऐतिहासिक एकरूपता को प्रभावित कर रहे हैं। संस्था ने तत्काल ऐसे कार्य रोकने और किए गए बदलावों को हटाने पर जोर दिया। यूनेस्को ने यह भी याद दिलाया कि हाल ही में जर्मनी की एक विश्व धरोहर साइट को अनावश्यक हस्तक्षेप के कारण सूची से हटाया जा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, मरम्मत के दौरान पुरानी दीवारों की ईंटें हटाकर उनकी ऊंचाई बढ़ाई गई है। साथ ही आधुनिक निर्माण सामग्री के इस्तेमाल से प्राचीन और नए हिस्सों का अंतर साफ दिखाई देता है, जिससे स्थल का मूल स्वरूप प्रभावित हुआ है। यूनेस्को का मानना है कि ऐसी छेड़छाड़ से किसी भी पुरातात्विक स्थल की प्रामाणिकता और ऐतिहासिक पहचान को नुकसान पहुंचता है। हालांकि, पंजाब पुरातत्व विभाग के महानिदेशक मलिक जहीर अब्बास ने यूनेस्को की आपत्तियों से असहमति जताते हुए कहा कि यह पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संरक्षण कार्य है। उनका कहना है कि इन उपायों का उद्देश्य खंडहरों को और अधिक क्षति से बचाना तथा उनकी मौलिकता बनाए रखना है।

**तक्षशिला समेत 24 विरासतों को पाकिस्तान में खतरा**

बता दें कि इस साल मार्च में एक आगंतुक व ह्विसलब्लोवर ने पेरिस स्थित यूनेस्को में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि से इस ऐतिहासिक धरोहर से छेड़छाड़ की शिकायत की और तस्वीरें साझा कीं। ये पहली बार नहीं है जब तक्षशिला पर खतरा मंडरा रहा है। इससे पहले 1998 में तक्षशिला संग्रहालय से सटे 'भीर माउंड' को भी यूनेस्को की 'संकट सूची' में शामिल किया गया था। उस दौरान एमएनए चौधरी निसार अली खान ने इस स्थान पर एक स्टेडियम निर्माण को मंजूरी दी थी। हालांकि, बाद में भारी विरोध के चलते स्टेडियम के प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। बताया जाता है कि केवल तक्षशिला ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान में मौजूद ऐसी 24 विरासतों को छेड़छाड़ का खतरा है। इन सभी विरासतों को 1997 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।

**तक्षशिला का है ऐतिहासिक महत्व:** तक्षशिला, वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित, प्राचीन भारत के सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा और सांस्कृतिक केंद्रों में से एक था। इसका इतिहास लगभग 2,500-2,700 वर्ष पुराना वैदिक काल का माना जाता है, जबकि इसके आसपास मानव बसावट के प्रमाण इससे भी अधिक प्राचीन हैं। यहां विश्व के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक माना जाने वाला शिक्षाकेंद्र था, जहां दूर-दूर से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते थे। बौद्ध धर्म, गांधार कला और प्राचीन भारतीय सभ्यता के महत्वपूर्ण अवशेषों के कारण यूनेस्को ने 1980 में तक्षशिला को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया था। इसका विकास गांधार महाजनपद के प्रमुख नगर के रूप में हुआ था। इसे किसी एक शासक ने स्थापित नहीं किया था, हालांकि पौराणिक परंपरा में इसकी स्थापना भरत के पुत्र तक्ष द्वारा मानी जाती है।

**यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची की विशेषता**

यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर सूची में उन प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों को शामिल किया जाता है, जिन्हें पूरी मानवता की साझा और असाधारण धरोहर माना जाता है। किसी भी स्थल को सूची में शामिल करने के लिए उसका असाधारण सार्वभौमिक महत्व होना जरूरी है।

### कीव पर रूस का बड़ा हमला, 20 लोग मरे

**कीव, एपी :** रूस ने गुरुवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हवाई हमला किया। इस हमले में सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइल कीव पर दागे गए। इसके चलते वहां पर 20 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। बड़ी मात्रा में संपत्ति का नुकसान हुआ है। यूक्रेन ने शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी शोक मनाने की घोषणा की है।

इस हमले में कीव की दर्जनों इमारतों को भारी नुकसान हुआ और कई में आग लग गई है। ड्रोन और मिसाइलों के हमले से चहुंओर बरसती आग देख हजारों लोग घरों से निकल भागे और सुरक्षा के लिए भूमिगत बम शेल्टर, मेट्रो स्टेशनों व उनकी सुरंगों में जा छिपे। कीव पर इस वर्ष रूस का यह दूसरा सबसे बड़ा हमला है। इस हमले में रूस ने 496 ड्रोन और 74 मिसाइल कीव पर दागे।

यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार इनमें से ज्यादातर को आकाश में ही नष्ट कर दिया गया लेकिन 25 बैलेस्टिक मिसाइल और 12 ड्रोन 33 भवनों-स्थानों से जा टकराए। आयरलैंड की यात्रा पर गए राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अपना दौरा खत्म कर कीव लौट आए हैं। उन्होंने कीव के लोगों को आगाह किया है कि रूस जल्द ही फिर हमला कर सकता है।

# पनामा नहर पर चीन की नजर कभी कब्जा नहीं होने देंगे : ट्रंप

- 1999 में पनामा को नहर का नियंत्रण सौंपने के फैसले को बताया ऐतिहासिक भूल
- थियोडोर रूजवेल्ट की विरासत का किया उल्लेख, बोले- अमेरिकी कभी हार नहीं मानते

**नार्थ डकोटा (अमेरिका), एएनआइ:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पनामा नहर पर चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि अमेरिका कभी भी चीन को इस जलमार्ग पर कब्जा नहीं करने देगा। उन्होंने 1999 में पनामा को नहर का पूर्ण नियंत्रण सौंपे जाने को "ऐतिहासिक भूल" बताया और कहा कि इसके बाद जहाजों से ली जाने वाली ट्रांजिट फीस कई गुना बढ़ा दी गई।

नार्थ डकोटा के मेडोरा स्थित थियोडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में ट्रंप ने कहा कि नहर का नियंत्रण मिलते ही पनामा ने जहाजों से चार गुना अधिक शुल्क वसूलना शुरू कर दिया और बाद में इसे फिर बढ़ा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे भारी कमाई की गई और अब चीन इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम इस पर कभी कब्जा नहीं होने देंगे।' ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वह यह बात किसी लिखित भाषण के आधार पर नहीं कह रहे हैं। उनके मुताबिक, वह बिना स्क्रिप्ट के बोलना पसंद करते हैं। उनकी यह टिप्पणी 1977 की टोरिजोस-कार्टर संधियों के संदर्भ में थी, जिसके तहत 1999 में पनामा को नहर का पूर्ण नियंत्रण सौंपा गया था। आइएएनएस के अनुसार, अपने संबोधन में ट्रंप ने अमेरिका के 26वें राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें देश की "आत्मा, साहस और संघर्ष" का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि रूजवेल्ट का जीवन अमेरिकियों को सिखाता है कि वे कभी हार नहीं मानते और न ही अपने लक्ष्य से पीछे हटते हैं।



डोनाल्ड ट्रंप। ● (फाइल) रायटर

### दिल्ली में पुलिस ठिकानों पर हमले की रच रहे थे साजिश, चार आतंकी दबोचे

**जासं, नई दिल्ली:** लाल किला, अक्षरधाम मंदिर और राष्ट्रीय राजधानी के बाजारों के बाद अब पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ और गैंगस्टर शहजाद भट्टी माड्यूल ने दिल्ली पुलिस के थानों और ठिकानों पर भी आतंकी हमले की साजिश रचना शुरू कर दिया है। इसका पर्दाफाश इस माड्यूल के चार और आतंकियों की गिरफ्तारी से हुआ है। इन चारों आतंकियों में से एक ने दिल्ली के बड़े पुलिस थानों और ठिकानों की रेकी की थी। सूत्रों के मुताबिक, थानों की लोकेशन और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को उपलब्ध कराई गई थीं।

### खराब मौसम में भारतीय हेलीकाप्टर ने नेपाल के हवाई क्षेत्र में किया प्रवेश

**काठमांडू, आइएएनएस :** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खानाल ने स्पष्ट किया है कि 10 जून को धारचुला के पश्चिमी सीमा जिले में नेपाल के हवाई क्षेत्र में रोका गया भारतीय हेलीकाप्टर खराब मौसम की स्थिति के कारण नेपाली क्षेत्र में प्रवेश कर गया था।

नेपाल की केंद्रीय संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा की बैठक के दौरान बुधवार को मंत्री खानाल ने कहा कि नेपाली सरकार को जानकारी मिली थी कि भारतीय हेलीकाप्टर खराब मौसम की स्थिति का सामना करने के बाद धारचुला जिले में प्रवेश कर गया था। संबंधित अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि भारतीय हेलीकाप्टर ने जानबूझकर या किसी बुरे इरादे से नेपाली क्षेत्र में प्रवेश किया हो। क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और मौसम की स्थिति के कारण हेलीकाप्टर नेपाली क्षेत्र में प्रवेश कर गया और इस मामले को लेकर संबंधित नेपाली अधिकारियों और भारतीय पक्ष के बीच आवश्यक समन्वय और संचार हो रहा है।" नेपाली अधिकारियों के अनुसार, 10 जून को एक भारतीय सैन्य हेलीकाप्टर ने बिना अनुमति के नेपाली क्षेत्र में गहराई से उड़ान भरी, जिससे नेपाल के संप्रभु हवाई क्षेत्र का उल्लंघन हुआ। हेलीकाप्टर बाद में नेपाल के हवाई क्षेत्र में थोड़े समय के बाद भारतीय क्षेत्र में लौट आया।

### बैंकाक में 11 वर्षीय लड़के ने पिकअप से थाई भिक्षुओं को मारी टक्कर, नौ की मौत

**बैंकाक, एपी :** थाईलैंड में गुरुवार को तीर्थयात्रा पर निकले भिक्षुओं के एक समूह को 11 साल के लड़के ने पिकअप ट्रक से टक्कर मार दी, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। बैंकाक से लगभग 600 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित मुकदाहान प्रांत के 35 भिक्षु तीर्थयात्रा पर निकले थे। पांच भिक्षुओं की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि चार की मौत अस्पताल में हुई। 13 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है।

इस समूह ने दुर्घटना से 30 मिनट पहले उबोन रत्चाथानी प्रांत के लिए 260 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू की थी।

# आइएनएस त्रिकंद ने अदन की खाड़ी में समुद्री लुटेरों से मालवाहक जहाज को बचाया

**नई दिल्ली, एएनआइ :** भारतीय नौसेना ने बुधवार को अदन की खाड़ी में समुद्री डाकुओं के अरमान पर पानी फेर दिया और उनके हमले को नाकाम कर दिया। नौसेना के युद्धपोत आइएनएस त्रिकंद की त्वरित प्रतिक्रिया ने कारण मालवाहक जहाज बाल-बाल बच गया। इस पर एक भारतीय क्रू मेंबर भी मौजूद था। जहाज भारत के लिए जरूरी सामान ले जा रहा था। भारतीय नौसेना के मरीन कमांडो (मार्कोस) प्रभावित जहाज 'एमवी गोल्डन आर्सेनल' पर चढ़े और यह सुनिश्चित किया कि सबकुछ ठीक है।

**लुटेरों ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की तो क्रू ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया, आइएनएस त्रिकंद के पहुंचते ही भागे लुटेरे**

सूत्रों के मुताबिक, जब समुद्री लुटेरों ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की, तो क्रू ने खुद को सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। जैसे ही आइएनएस त्रिकंद उस जहाज के पास पहुंचा, समुद्री लुटेरे भाग गए। बाद में कमांडो जहाज पर चढ़े और उसकी तलाशी ली। इससे पहले, 19 जून को आइएनएस त्रिकंद ने पश्चिमी हिंद महासागर में एमवी फरीदा-5 से मिली मदद की गुहार पर कार्रवाई की थी। यह काल समुद्री लुटेरों के हमले की संभावित कोशिश के बारे में थी, और नौसेना ने तुरंत कदम उठाए। नौसेना ने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से जहाज सुरक्षित बच गया। भारतीय नौसेना ने कहा, "17 जून को पश्चिमी हिंद महासागर में एमवी फरीदा-5 से समुद्री लुटेरों के हमले की संभावित कोशिश के बारे में मिली मदद की गुहार पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, मिशन पर तैनात भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन फ्रिगेट आइएनएस त्रिकंद ने तुरंत कदम उठाए। समय पर की गई कार्रवाई से जहाज को सुरक्षित कर लिया गया।

# वेनेजुएला के लोगों ने भारतीय मेडिकल टीम की तारीफ की

**काराकस, आइएएनएस :** वेनेजुएला के लोगों ने आपरेशन अभिस्ताद के तहत बनाए गए फील्ड हास्पिटल में भारतीय मेडिकल टीम की तारीफ की है। यह अस्पताल विनाशकारी भूकंप से प्रभावित लोगों के इलाज के लिए बनाया गया था। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं, जिनमें लोगों को इलाज करवाते और वहां मिल रही मेडिकल मदद के बारे में अपने अनुभव बताते हुए देखा जा सकता है।

एक स्थानीय व्यक्ति ने भूकंप के दौरान घायल हुए एक मरीज की कहानी बताते हुए, मेडिकल मदद को बेहतरीन बताया। जब मरीज की स्वास्थ्य समस्या के बारे में पूछा गया, तो उसने कहा, "हम ला गुएरा राज्य के प्लाया ग्रांडे से हैं। शख्स को हड्डी में दो जगह फ्रैक्चर है और रात में उनका आपरेशन होने वाला है।" यह पूछे जाने पर कि क्या चोट भूकंप के दौरान लगी, उन्होंने जवाब दिया, 'हां। हम अभी-अभी आए हैं और हमें तुरंत इलाज मिला है। अब तक बेहतरीन इलाज मिल रहा है। वहीं, वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जार्ज रोड्रिगेज ने बताया कि वेनेजुएला में आए भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,295 हो गई है।

### बीएलए ने 23 आपरेशनों में 16 पाक सैनिक मारे

**क्वेटा, आइएएनएस :** पाकिस्तान से आजादी के लिए बगावत कर रही बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पिछले 10 दिनों में बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में पाकिस्तानी सेना पर हमले करने के अपने 23 अभियानों की जिम्मेदारी ली है। इन आपरेशनों में 16 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलोच ने कहा कि वह अपनी सशस्त्र गतिविधियों और बुनियादी ढांचे और आर्थिक परियोजनाओं के खिलाफ अभियान जारी रखेगा, जब तक कि वह "बलूचिस्तान की स्वतंत्रता" प्राप्त नहीं कर लेता।

# हापुड़ की जिला पूर्ति अधिकारी पर मां ने दर्ज कराया धोखाधड़ी व जालसाजी का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सहारनपुर :** हापुड़ की जिला पूर्ति अधिकारी सीमा चौधरी पर उनकी मां मुनेश देवी ने धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। मां का आरोप है कि बेटी ने अपनी काली कमाई के 15 लाख रुपये उनके खाते में जमा कर दिए और संपत्ति हड़पने के लिए मां के नाम पर कूटरचित रसीदें तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर किए।

सीमा चौधरी की मां मुनेश देवी का कहना है कि बेटी भूमाफिया गिरोह से जुड़ी हुई है। उनकी संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है। बेटी के दबाव के कारण उन्हें अपनी जमीन तक बेचनी पड़ी। डीआइजी अभिषेक सिंह के आदेश पर हुई प्रारंभिक जांच में मां के आरोपों की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि बनाई गई रसीदें फर्जी हैं। सरसावा थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि मुनेश देवी की तहरीर पर सीमा चौधरी समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। डीएसओ डा. सीमा चौधरी ने बताया कि यह पूरी तरह फर्जी मामला है। मैं समझ ही नहीं पा रही हूं कि हुआ क्या है? ऐसा कुछ भी तो नहीं है। इसके पीछे जिसकी भी साजिश है, मैं कार्रवाई करूंगी। अभी सहारनपुर जा रही हूं। पता करती हूं कि आखिर मामला है क्या?



सीमा चौधरी। ● सौ. इंटरनेट मीडिया

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा, आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होता है

**संयुक्त राष्ट्र, प्रेट्र :** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पी ने कहा कि आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे इसे सही ठहराने का कोई बहाना बनाए बिना, जड़ से खत्म करने के लिए मिलकर काम करें। हरीश ने कहा, "भारत दशकों से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है। देश के लोगों ने आतंकवाद की भारी कीमत चुकाई है। जानें गईं, परिवार बर्बाद हुए और समाज बिखर गए। इसी अनुभव ने भारत का नजरिया तय किया है। आतंकवाद को किसी भी तरह सही नहीं ठहराया जा सकता।" उन्होंने कहा, "चाहे कोई भी शिकायत, राजनीतिक मकसद या रणनीतिक सोच हो, आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों की बिना हिचकिचाहट के निंदा की जानी चाहिए।" महासभा में संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति (जीसीटीसी) की नौवीं समीक्षा को अपनाए जाने के मौके पर हरीश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों को खारिज करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को अंजाम देने वालों, साजिश रचने वालों, फंड देने वालों और उसे प्रायोजित करने वालों को जवाबदेह ठहराना और उन्हें सजा दिलाना जरूरी है।

# आइटी कंपनी के डेकेयर में मासूमों को वाशिंग मशीन और टायलेट जेट से खौफनाक यातनाएं

**बेंगलुरु, प्रेट्र :** जिन नन्हें हाथों को दुलार और सुरक्षित साये की तलाश थी, उन्हें बेंगलुरु के एक नामी आइटी कंपनी के परिसर में स्थित डेकेयर सेंटर में ऐसी रूह कंपा देने वाली यातनाएं मिलीं, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। ब्रुकफील्ड इलाके में 'सोसाइटी जनरल बेबी केयर सेंटर' में काम करने वाली पांच आयाओं (नैनी) पर आरोप है कि वे दो से तीन साल के रोते हुए मासूम बच्चों को चुप कराने के लिए उन्हें वाशिंग मशीन के अंदर डाल देती थीं और टायलेट जेट स्प्रे से उनके मुंह में जबरन पानी की बौछारें मारती थीं।

इस हैवानियत का राजफाश तब हुआ जब घटना से जुड़े दिल दहला देने वाले वीडियो वाट्सएप पर बहु-प्रसारित हुए और इसकी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन तक पहुंची। राज्य सरकार के कर्मचारी तिलकेश कुमार की शिकायत के बाद पुलिस ने मंजुला, विजयलक्ष्मी, भवानी, सिंधु और बिंदु नामक पांच आयाओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर लिया है। ये मासूम बच्चे उन्हीं आइटी प्रोफेशनल्स के हैं, जो निश्चिंत होकर अपने कलेजे के टुकड़ों को यहां छोड़कर काम पर जाते थे।

**मानवता हुई शर्मसार**

- कंपनी परिसर के अंदर मौजूद सेंटर की पांच महिला कर्मचारियों पर एफआइआर दर्ज
- ये मासूम उन आइटी प्रोफेशनल्स के हैं जो अपने कलेजे के टुकड़ों को यहां छोड़कर काम पर जाते थे

**मासूमों को बाथरूम में बंद कर दी जाती थी धमकी :** एफआइआर के मुताबिक, आरोपित महिलाएं बच्चों को डराने के लिए, उन्हें जबरन वेस्टर्न टायलेट सीट पर बिठा देती थीं और कई-कई घंटे बाथरूम में बंद रखकर चुप रहने की धमकी देती थीं। शिकायत के साथ पुलिस को चार वीडियो और तस्वीरें सौंपी गई हैं, जिनमें बच्चे खौफ के मारे बिलखते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो उसी डेकेयर की एक पूर्व कर्मचारी ने रिकार्ड किए थे, जिसकी सहेली को पिछले महीने नौकरी से निकाल दिया गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली है।

**मामला बेहद संवेदनशील, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा: पुलिस कमिश्नर**

घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने कहा, "यह बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने बताया कि एक महिला डिप्टी कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर (ईस्ट) के नेतृत्व में जांच टीम तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी की पड़ताल कर रही है। पुलिस अब पीड़ित बच्चों के माता-पिता से भी संपर्क कर रही है ताकि यह जाना जा सके कि क्या बच्चों ने पहले भी किसी प्रताड़ना की शिकायत की थी। आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें बच्चों के प्रति क्रूरता बरतने पर तीन से 10 साल तक की जेल का प्रावधान है। इस घटना ने कामकाजी माता-पिता की चिंताएं बढ़ा दी हैं और पुलिस अब शहर के अन्य सभी डेकेयर सेंटरों की वैधता और सुरक्षा मानकों की भी जांच करेगी।